RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 180
लखनऊ, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




परिवारवाद की राजनीति से विलुप्त होती जा रही कांग्रेस

राष्ट्रीय-10

# शराब पर प्रतिबंध के बाद बिहार में फल फूल रहा है ड्रग्स का धंधा

**दीपक कुमार झा।** पटना/भागलपुर

**बिहार में** आदर्श रूप से शराब पर प्रतिबंध प्रदेश के नागरिकों पर सामाजिक, आर्थिक सहित सभी पहलुओं पर असर डाल रहा है। जबकि 'प्रतिबंधित' मादक पदार्थ महिलाओं और बच्चों के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो रहा है। राज्य की बुजुर्ग पीढ़ी के लिए चिंता का विषय गांजा, कोकीन, हेरोइन और अन्य के रूप में नशीली दवाओं का तेजी से प्रसार होना है। शराब प्रतिबंधित राज्य बिहार में शराब व नशे को फैलाने के काम में भिखारी भी शामिल हैं।

स्थानीय लोग इसे 'सुखा नशा' कहते हैं, वह गांवों, ग्रामीण इलाकों, कस्बों और शहरों में भीतर तक पहुंच चुका है। विशेष कर युवाओं, किशोरों, कॉलेज के छात्र, दिहाड़ी मजदूर इन अवैध नशीले पदार्थों के आदी हो गए हैं, कभी बुद्ध और महावीर की भूमि कहे जाने वाले बिहार के भविष्य पर तेजी से फैलता नशा भारी पड़ रहा है। राज्य में लगभग सात साल पहले लागू हुआ शराब प्रतिबंध युवाओं के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर रहा है क्योंकि पड़ोसी देश नेपाल, असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और झारखंड से सभी प्रकार के ब्रांडों की तस्करी की जाती है।

पटना के बिहिया निवासी लल्लन महोता से जब पूछा गया कि आगामी आम चुनाव में प्रमुख चिंता क्या है, तो उन्होंने राज्य के अधिकांश परिवारों को परेशान करने वाली अनिश्चित स्थिति पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने बेहद चिंतित होकर कहा, हर जगह सुखा नशा घुस चुका है सर। शराब बंद हो गया है लेकिन युवा तरह-तरह के ड्रग्स ले रहे हैं। इसे हर वर्ग के लोगों ले रहे हैं जिसे कभी बिहार जातना भी नहीं था। महतो ने कहा, सरकारें सो रही हैं। उनके कहने का आशय यह था कि बिहार के लोग जिन दवाओं के बारे में कभी नहीं जानते थे, वे आसानी से उपलब्ध हैं, जबकि सरकार गहरी नींद में है। जहां तक शराबबंदी की बात है तो भागलपुर के नाथनगर के



फराज ने कहा कि शराबबंदी सिर्फ कागजों पर है और शराब हर जगह उपलब्ध है और इसमें प्रशासन की मिलीभगत है।

बच्चों के स्कूल बैग या महिलाओं के बैग में रखकर शराब की आपूर्ति की जाती है, डिलीवरी शुल्क के रूप में 100-200 रुपये का शुल्क लिया जाता है क्योंकि उन पर कम संदेह रहता है। गरीब पृष्ठभूमि के लोग इस अवैध काम में अधिक संख्या में जुड़े हैं। फराज ने कहा, जो बात आपको चौंका देगी वह यह है कि शराब की इस अवैध आपूर्ति की कड़ी में शामिल लोग लखपति (करोड़पति) बन गए हैं। किसी भी प्रकार का ब्रांड अपनी मूल कीमत से दोगुना दाम पर उपलब्ध है और इसलिए व्यापारियों ने संगमरमर के घर बनाए हैं। फ़राज़ एक दो मंजिला मकान दिखाने लिए भी ले गए, जिसे एक व्यक्ति ने दो साल में बनाया था। जो मनिहारी में अवैध आपूर्ति का काम करता था। दुर्भाग्य से और दिलचस्प बात यह है कि जो लोग इतनी महंगी शराब या नशीली दवाएं नहीं खरीद सकते, वे कफ सिरप, नेल पॉलिश स्पिरिट, जूता लोशन, थिनर, डाइल्यूटर और कई अन्य चीजों का उपयोग नशा करने के लिए करते हैं। मुज़फ़्फ़रपुर, दरभंगा, पूर्णिया, कटिहार सहित अधिकांश शहरों में उपरोक्त दैनिक उपयोग की वस्तुओं को ढूंढना मुश्किल है क्योंकि इन्हें मामूली मतिभ्रम के उपयोग के लिए माना जाता है। जूता लोशन या स्प्रिट का उपयोग बड़े पैमाने पर होता है और इनका उपयोग युवा लोग जूता लोशन के खुले ( शेष पेज 9 )



राजस्थान के जालोर में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व अन्य वरिष्ठ नेता

# देश कांग्रेस को उसके पापों के लिए दे रहा दंडः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** जालोर/नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा सदस्य बनने पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग चुनाव नहीं जीत सकते वे मैदान से भागकर राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। फरवरी में राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुने गए सांसदों में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल हैं। जालोर में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। पीएम मोदी ने बांसवाड़ा में बीजेपी के महेंद्रजीत सिंह मालवीय के समर्थन में एक रैली को भी संबोधित किया। एक बड़ा फैसला लेते हुए सोनिया गांधी ने अपनी स्वास्थ्य का हवाला देते हुए रायबरेली सीट खाली कर दी। कांग्रेस ने अभी तक यहां से किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है और भाजपा ने भी इस सीट के लिए प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में 20 मई को मतदान होगा।

इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कई दिग्गजों को मैदान में नहीं उतारा गया है, लेकिन पार्टी ने उन आरोपों से इंकार कर दिया है कि पार्टी के बड़े नेता चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। कांग्रेस ने सबसे पहले दक्षिण से एक नेता (केसी वेणुगोपाल) को राजस्थान से राज्यसभा भेजा। इससे पूर्व राजस्थान ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मदद की थी। उन्होंने कहा,पूर्वी पीएम मनमोहन सिंह लंबे समय से बीमार थे। लेकिन क्या उन्हें कभी यहां राजस्थान में देखा गया था। अब राजस्थान फिर से कांग्रेस की मदद के लिए आया है। एक और कांग्रेस नेता (सोनिया गांधी) राजस्थान से राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं।

उन्होंने राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। जिस कांग्रेस ने कभी देश में 400 लोकसभा सीट जीतीं थीं, आज वह 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। मोदी ने कहा, जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते, चुनाव जीत नहीं सकते, वे मैदान से भाग कर इस बार राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। कांग्रेस की इतनी हालत खराब है। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उसके इन्हीं पापों की सजा आज देश पार्टी को दे रहा है। आज युवा इतने गुस्से में हैं कि वे कांग्रेस का चेहरा दोबारा नहीं देखना चाहते हैं। पीएम मोदी भीनमाल में बीजेपी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। ( शेष पेज 9 )

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

# केरल में चुनाव प्रचार अभियान चरम पर पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

**केरल में** होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले आखिरी रविवार को चुनाव प्रचार तक चरम पर पहुंच गया। चुनाव पास आने के साथ ही होने वाली बैठकों में बेरोजगारी, गरीबी, किसान और शिक्षा के मानकों में गिरावट जैस मुद्दों पर कम चर्चा हो रही है वहीं राज्यभर में होने वाली सार्वजनिक रैलियों के साथ-साथ सड़क किनारे बैठकों में धर्मनिरपेक्षता, बहुलवाद और अल्पसंख्यकों की राज्य भर में सुरक्षा वाले मुद्दे पर चर्चा तेज हो गई है। सीपीआई (एम) के तीन प्रमुख नेता सीताराम येचुरी, प्रकाश करात और बृंदा करात राज्य में अपने राजनीतिक संगठन दुनिया में सबसे धर्मनिरपेक्ष बता रहे हैं। वे अपनी पार्टी की धर्मनिरपेक्षता को दूसरी पार्टियों की धर्मनिरपेक्षता से बेहतर बताते हुए



तीनों ने एक स्वर में बोलते हैं और नरेंद्र मोदी सरकार पर भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने के साथ-साथ बहुलवाद को नष्ट करने का आरोप लगाते हैं।

येचुरी ने तिरुवनंतपुरम और कोच्चि में रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दुनिया की कोई भी ताकत मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन या उनके परिवार के सदस्यों पर उंगली नहीं उठा सकती। विजयन भारत के अब तक के सबसे अच्छे मुख्यमंत्री और प्रशासक हैं। उनका जीवन देश के गरीबों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित है। उनका नाम सर्वोच्च कोटि की धर्मनिरपेक्षता का पर्याय है। सीपीआई (एम) महासचिव ने पिनाराई विजयन को गिरफ्तार करने की भी मोदी, भाजपा और ईडी कोचुनौती दी, जिनके खिलाफ उन्होंने कई फर्जी मामले लगाए हैं। येचुरी ने कहा, राज्य के सहकारी बैंकों में कोई घोटाला नहीं हुआ है और राज्य सरकार के संज्ञान में कोई वित्तीय अनियमितता नहीं आई है। ईडी को केरल में क्या काम करना है। उन्होंने कहा कि सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला एलडीएफ केरल में चुनाव जीतेगा और एक ऐसी ताकत बनकर उभरेगा जो तय करेगी कि देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा। करात और उनकी पत्नी ने रैलियों को संबोधित करते हुए भी यही बात दोहराई। कोझिकोड में जिला निर्वाचन अधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को वोट डलवाने के दौरान आचार संहिता का ( शेष पेज 9 )

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

# रांची में इंडिया गुट के नेताओं ने दिखाया दम

**पायनियर समाचार सेवा।** रांची

**तिहाड़** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सहित इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा अगुवाई वाली केंद्र सरकार गैर-भाजपा शासित राज्यों में सरकारों को गिराने और उनके नेताओं को फर्जी आरोपों के जरिए सलाखों के पीछे भेजने के एकमात्र एजेंडे के साथ देश पर शासन कर रहा है। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार उन्हें मारना चाहती है। वहीं हेमंत की पत्नी कल्पना ने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष शासित राज्यों में लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रही है। दोनों ने इंडिया ब्लॉक की उलगुलान न्याय रैली में यह बात की। इस रैली में इंडिया गठबंधन के 28 दलों के नेताओं ने भाग लिया।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान के तहत रांची में संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हेमंत सोरेन को आतंकित करने की कोशिश करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर रविवार को निशाना साधा और कहा कि झामुमो नेता ने विपक्षी गठबंधन इंडिया से अलग होने के बजाय जेल जाना पसंद किया। खरगे ने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया से अलग होने से मना करने पर हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया। हेमंत सोरेन एक बहादुर इंसान हैं, जिन्होंने झुकने के बजाय जेल जाना पसंद किया। यदि भाजपा आदिवासियों को आतंकित करती रही, तो उसका सफाया हो जाएगा। खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने राम मंदिर अभिषेक और संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं करके आदिवासी समुदाय का अपमान किया।




राची में उलगुलान न्याय रैली में मंच पर एकजुटता का प्रदर्शन करते विपक्षी गठबंधन के नेता

रैली को संबोधित करते हुए सुनीता ने कहा कि विपक्षी दल बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा। सुनीता ने कहा, वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनका खाना कैमरे की निगरानी में है, उन्हें इंसुलिन देने से इनकार कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन ले रहे हैं। उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। हम तानाशाही के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। जेल के दरवाजे टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन बाहर आएंगे।

केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने 21 मार्च को दिल्ली की अब समाप्त हो चुकी आबाकारी नीति से जुडे धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सोरेन को मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे के तुरंत बाद कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया था। कल्पना ने हेमंत का संदेश पढ़ते हुए उन्होंने कहा, विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन भाजपा और ऐसी ताकतों को झारखंड से ( शेष पेज 9 )

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

# केजरीवाल को इंसुलिन मुद्दे पर भाजपा और आप में सियासी जंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर हंगामा मचा हुआ है। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को आरोप लगाया कि तिहाड़ प्रशासन ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से मधुमेह रोग विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, जबकि उसने जेल में बंद मधुमेह बीमारी से पीड़ित कैदियों के लिए पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं होने का पूर्व में दावा किया था। सौरभ ने तिहाड़ जेल के महानिदेशक द्वारा 20 अप्रैल को एम्स को लिखी एक चिट्ठी मीडिया में साझा की जिसमें तिहाड़ जेल के डीजी ने एम्स से एक शुगर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर तिहाड़ जेल को मुहैया कराने की मांग की है। भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कहा कि आज केंद्र सरकार सबके सामने उजागर हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी अरविंद केजरीवाल की हत्या करने की साजिश रच रही है।

उन्होंने कहा की 1 अप्रैल से अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद है। सभी जानते हैं केजरीवाल



शुगर की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। शुगर को नियंत्रित करने के लिए वह लगातार इंसुलिन लेते हैं। केजरीवाल लगातार इस बात को कह रहे थे, कि उनकी शुगर बढ़ती जा रही है और तिहाड़ जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दी जा रही है, या तो उन्हें शुगर के विशेषज्ञ डॉक्टर को दिखाया जाए या फिर मेरे फैमिली डॉक्टर जिन्हें मेरी बीमारी के बारे में पता है, उनसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए परामर्श करने की अनुमति दी जाए। लेकिन तिहाड़ प्रशासन लगातार इस बात को कह रहा था, कि केजरीवाल की शुगर ठीक है और उनको इंसुलिन की कोई जरूरत नहीं है और जेल की क्लिनिक में पर्याप्त सुविधाएं, विशेषज्ञ डॉक्टर और दवाईयां उपलब्ध हैं। लेकिन डीजी का पत्र इस बात का सबूत है, कि जेल प्रशासन और भाजपा अभी तक झूठ बोल रही थी।

भारद्वाज ने जेल प्रशासन के एक और झूठ का पर्दाफाश करते हुए कहा, कि कल तिहाड़ जेल प्रशासन ने केजरीवाल की शुगर से संबंधित एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें उन्होंने लिखा है शुगर रैंडम जबकि शुगर को जांच करने का जो तरीका है वह खाना खाने से पहले खाली पेट जांच की जाती है और फिर खाना खाने के 2 घंटे बाद जांच की जाती है। रैंडम शुगर का कोई आधार ही नहीं है। रैंडम शुगर उस समय की शुगर, रिपोर्ट में लिखी गई है, जब उनकी शुगर गिरी हुई है। जबकि सही तरीका खाली पेट जांच करने पर आई शुगर और खाना खाने के 2 घंटे बाद जांच करने पर आई शुगर कितनी है, वह होता है, जो की जेल प्रशासन ने अपनी कल की रिपोर्ट में नहीं दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाई शुगर के मरीज की शुगर बहुत तेजी से बढ़ती है और बहुत तेजी से गिरती है, जिस प्रकार से मुख्यमंत्री की ( शेष पेज 9 )

# मौसम के बिगड़ते मिजाज की गिरफ्त में भारत

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**भारतीय मौसम** विभाग (आईएमडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है, जिससे दिल्ली वासियों को पिछले दो दिनों में लगातार गर्म मौसम से राहत मिलने की संभावना है। वर्तमान में भारत में इस समय दो अनियमित मौसम पैटर्न देखने को मिल रहा है जिससे फिलहाल कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। जहां ओडिशा और कुछ अन्य राज्य लगातार चिलचिलाती गर्मी का सामना कर रहे हैं, तापमान 42 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ रहा है और ऑरेंज अलर्ट जारी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, तो हिमाचल प्रदेश भारी बारिश और बर्फबारी से जूझ रहा है, जिसके चलते बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है और सड़कें बंद हो गई हैं। दुर्भाग्य से, आने वाले दिनों में हालात में कुछ सुधार की उम्मीद नही है।

आईएमडी ने भीषण गर्मी का संकेत देते हुए अगले दो दिनों के लिए ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, कई राज्यों में भीषण तापमान के कारण अगले पांच दिनों के लिए झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। ये अलर्ट मौसम की स्थिति की गंभीरता को उजागर करते हैं और निवासियों के बीच सावधानी और तैयारी की आवश्यकता पर जोर देते हैं। भीषण गर्मी के चलते 18 से 20 अप्रैल तक सभी स्कूलों को तीन दिन के लिए बंद करने के बाद, ओडिशा सरकार ने 25 अप्रैल से स्कूली छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की है। ओडिशा में शनिवार को बालासोर जिले में हीटस्ट्रोक के कारण पहली मौत की सूचना मिली, जबकि रिपोर्ट के अनुसार, गर्मी से संबंधित बीमारी के कारण 71 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



इसके विपरीत, भारी बारिश और बर्फबारी से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के लिए आईएमडी ने अगले दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें 22 और 23 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने के साथ आंधी की चेतावनी दी गई है। हिमालयी राज्य सरकार ने लगभग 104 सड़कों के बंद होने की सूचना दी है, जिसमें लाहौल और स्पीति में 99 सड़कें बंद होने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश के कारण कांगड़ा में एक पुल भी बह गया है। येलो अलर्ट कई दिनों तक चलने वाले गंभीर रूप से खराब मौसम का संकेत देता है और सुझाव देता है कि मौसम की स्थिति खराब हो सकती है, जिससे दैनिक गतिविधियों में व्यवधान हो सकता है।

अगले दो-तीन दिनों में दिल्ली में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इसके बाद तापमान धीरे-धीरे 1-2 डिग्री तक बढ़ सकता है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा, दिल्ली में हमारा अनुमान है कि आने वाले 2-3 दिनों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इसके बाद यह धीरे-धीरे 1-2 डिग्री तक बढ़ सकता है और इसके साथ ही सोमवार को हल्की बारिश की भी संभावना है। तात्कालिक मौसम संबंधी चिंताओं के अलावा, आईएमडी ने दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान देश भर में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान, लंबी अवधि के औसत (एलपीए) के 106 प्रतिशत तक वर्षा का संकेत देता है, भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो स्थितियों के बीच आता है। हालाँकि, अनुमानों से पता चलता है कि मानसून के मौसम के शुरुआती भाग में अल नीनो की स्थिति कमजोर होकर तटस्थ अल नीनो दक्षिणी भाग की दोलन (ईएनएसओ) की स्थिति में बदल सकती है। इसके अतिरिक्त, पिछले तीन महीनों के दौरान उत्तरी गोलार्ध में सामान्य से कम बर्फ का आवरण मानसून के मौसम सहित आगामी मौसम पैटर्न को प्रभावित कर सकता है। एक प्रेस बयान में, ओडिशा सरकार ने कहा कि सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी सहित सभी स्कूल 25 अप्रैल से बंद रहेंगे। ( शेष पेज 9 )

# कांग्रेस शासन काल में लव जेहाद की घटनाओं को दी गई छूटः योगी

## ● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ में तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार अभियान की कमान संभाली



**लखनऊ/राजनांदगांव, कोरबा, बिलासपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को छत्तीसगढ़ में तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार अभियान की कमान संभाली। बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी छत्तीसगढ़ में पूरे तेवर में दिखे। वहीं छत्तीसगढ़ की जनता ने भी योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान 'बुलडोजर बाबा की जय' और 'योगी-योगी' के नारों से छत्तीसगढ़ की रैली गूंज उठी। योगी आदित्यनाथ ने एक तरफ जहां छत्तीसगढ़ को प्रभु श्रीराम का ननिहाल बताते हुए यूपी के साथ आध्यात्मिक संबंधों की चर्चा की तो वहीं कांग्रेस को पर भी योगी जमकर गरजे। उन्होंने राजनांदगांव लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय, कोरबा में बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय और बिलासपुर में पार्टी के उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में भारी मतदान की अपील की। योगी के निशाने पर कांग्रेस के घोटाले और नक्सलवाद रहे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी जमकर प्रहार किया। बघेल सरकार के दौरान 18 लाख गरीबों के मकान रोक दिये गये थे, जो अब मिलेंगे।

राजनांदगांव में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस घोटाले, आतंकवाद, नक्सलवाद का नाम है। जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। कांग्रेस शासन के समय यहां लव जेहाद की घटनाओं को छूट दे दी गई थी। सामान्य नागरिक भुवनेश्वर साहू के साथ हुई घटना कोई भूला नहीं है। छत्तीसगढ़ की जनता का अभिवादन करता हूं कि उनके पिता ईश्वर साहू को विधायक बनाकर भुवनेश्वर की स्मृतियों को जीवंत बनाने का कार्य किया है। भुवनेश्वर ने लव जेहाद और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया था। योगी ने कहा कि इस सीट पर कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रत्याशी बनाया है। उनके ऊपर पहले से शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, महादेव ऐप आदि के घोटाले का आरोप और एफआईआर हो, वह व्यक्ति ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है। वह मानकर चलता है कि कितना भी बड़ा अपराध करेंगे और समाज की आंखों में धूल झोंककर सत्ता हथिया लेंगे। वे यह जान लें कि नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे।

कोरबा में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का भारत नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता, बल्कि उसे नेस्तनाबूद करने का माद्दा रखता है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि तमाम घोटाला करने वाली कांग्रेस ने यहां गोबर घोटाला भी कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न सुरक्षा दे सकती है, न सुशासन। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का नक्सलवाद से सांठगांठ किसी से छिपा नहीं है। %छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया% का नारा देते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं प्रभु श्रीराम की धरती का संदेश लेकर यहां आया हूं। ये माता कौशल्या का मायका और श्रीराम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि 500 साल बाद श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए तो सबसे ज्यादा उत्साह छत्तीसगढ़ में था। जब श्रीराम को वनवास जाना था तो सबसे पहले उन्होंने यहीं शरण ली थी। यहीं पर उन्होंने ऋषि-मुनियों और समाज के सज्जन प्रवृत्ति के लोगों की रक्षा और राक्षसों से मुक्ति का सिंहनाद किया था, जो भारत को रामराज्य की ओर ले जाने का संकल्प था। प्रभु के ननिहाल के लोगों को बताने आया हूं कि निश्चिंत रहिए रामराज्य की स्थापना मोदी जी के नेतृत्व में होने जा रही है।

बिलासपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का पेट कभी भरने वाला नहीं है। यह गरीबों के हकों पर डकैती डालते हैं। कांग्रेस समस्या और भाजपा समाधान है। विकसित भारत के लिए समस्या नहीं, समाधान का रास्ता अपनाना है। आपके वोट के कारण दस वर्षों में परिवर्तन हुआ है। नेतृत्व-मार्गदर्शन मोदी जी का, लेकिन श्रेय आपको है, क्योंकि आपके सही वोट से सही सरकार बनी और सही सरकार बनने से सही निर्णय हो रहे हैं। गलत वोट से गलत सरकार बनती है तो घोटाले पर घोटाले करती है। घोटालों की शृंखला कांग्रेस की पहचान बन चुकी है। कांग्रेस सरकार गरीबों को राशन नहीं देती थी, लेकिन आतंकियों को बिरयानी खिलाती थी। योगी ने कहा कि आपने बदलते भारत को देखा है। भावी पीढ़ी को आप बता सकते हैं कि हमने वह दौर देखा है, जो विकसित भारत की आधारशिला बन रहा है। वोट देकर कोई हनुमान, कोई अंगद तो कोई जामवंत बनकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में योगदान दिया होगा। बदलते भारत का दुनिया में सम्मान है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार ने 18 लाख गरीबों के मकान रोक दिए। अब विष्णुदेव साय के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने केंद्र को लिखकर दिया है कि हमारा पैसा दीजिए, हम अपना शेयर देंगे। छत्तीसगढ़ के 18 लाख गरीबों को मकान दिया जाएगा।

# पीएम मोदी व सीएम योगी आज अलीगढ़ में करेंगे जनसभा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार 22 अप्रैल को अलीगढ़ में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 02 बजे नुमाइस ग्राउंड, रघुवीरपुरी, अलीगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सोमवार 22 अप्रैल को आगरा व अलीगढ़ के प्रवास पर रहेगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सुबह 11:40 बजे रामवीर क्रीडा स्थल किरावली, आगरा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे नुमाइस ग्राउंड, रघुवीरपुरी, अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे। इसके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सोमवार 22 अप्रैल को बरेली के प्रवास पर रहेगें। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 02 बजे रूहेलखण्ड, विश्वविद्यालय, बरेली में आयोजित सोशल मीडिया वॉलेंटियर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार 22 अप्रैल को सीतापुर के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे विधानसभा चुनाव कार्यालय, भरत पैलेस हेड पोस्ट ऑफिस के सामने, सीतापुर तथा दोपहर 02 बजे रमाया गेस्ट हाउस विसवा रोड, सिधौली, सीतापुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सोमवार 22 अप्रैल को लखीमपुरखीरी व उन्नाव के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दोपहर 12 बजे गोल्डेन स्कावयर रिसोर्ट गढ़ी मेदनीयां, लखीमपुरखीरी में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे परिमल वाटिका सिकंदरपुर करण, भगवंतनगर, उन्नाव में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक व प्रदेश सरकार के मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह सोमवार 22 अप्रैल को हरदोई के प्रवास पर रहेगें। स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे कहली गेस्ट हाउस, सण्डीला-गौसगंज रोड, रत्नकृपा, बालामऊ, हरदोई तथा दोपहर 02 बजे मंगलम गेस्ट हाउस सण्डीला, हरदोई में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया सोमवार 22 अप्रैल को मेरठ के प्रवास पर रहेगें। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया दोपहर 03 बजे आईआईएमटी माल रोड, मेरठ में आयोजित अधिवक्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मंत्री धर्मवीर प्रजापति सोमवार, 22 अप्रैल को कानपुर के प्रवास पर रहेगें।

धर्मवीर प्रजापति सायं 06 बजे एसएल पैलेस, कानपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें। मंत्री गुलाब देबी सोमवार 22 अप्रैल को अमरोहा के प्रवास पर रहेगी तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगी। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल सोमवार 22 अप्रैल को सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर के प्रवास पर रहेगें तथा विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कान्ता कर्दम सोमवार 22 अप्रैल को मेरठ के प्रवास पर रहेंगी तथा विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष (पश्चिम) सत्येन्द्र सिसौदिया सोमवार 22 अप्रैल को बागपत के प्रवास पर रहेगें तथा विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

# पिछली सरकारें सिर्फ परिवार को ध्यान में रखकर चलती थीः खन्ना

## ● अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित



**लखनऊ।** हलवारिया कोर्ट हजरतगंज में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वधान में व्यापारी प्रबुद्ध जन सम्मेलन का अयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एलएमसी मुकेश शर्मा सहित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल उपस्थित रहे। प्रदेश वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आप सभी व्यापारी समाज का प्रबुद्ध वर्ग है, जो सबका हित करना चाहता है। आपको विभिन्न सरकारों के कार्यकाल का अनुभव है, पिछली सरकार और वर्तमान सरकार में बहुत बड़ा अंतर है। जहां पिछली सरकारे सिर्फ परिवार को ध्यान रखकर चलती थी वही वर्तमान सरकार के प्रधानमंत्री सब कुछ जनता में समान रूप से नौछावर करने वाला है। प्रधानमंत्री ने दिन रात एक कर अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित किया है। गरीब की भावनाओ को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाकर लाभ देना का काम दिया। देश को 370 धारा से निजात दिलाया। आप सभी बुद्धि जीवी है। लखनऊ का हित, प्रदेश का हित और देश का हित इसी में है कि भाजपा को वोट देकर भारी मतों से राजनाथ सिंह को विजय बनाए। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लखनऊ हुए विकास कार्यों को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 21 किलोमीटर लंबे शहीद पथ का जिक्र करते हुए कहा कि जब इसका निर्माण किया जा रहा था तो लोग कहते थे कि जंगल में कौन रहने आएगा, आज आप सब देख सकते हैं कि मॉल से लेकर के अस्पताल, स्टेडियम तथा आवासीय बिल्डिंगों के निर्माण से लखनऊ का विकास देखते ही बनता है। इसी तरह 104 किलोमीटर लंबाई आउटर रिंग रोड के निर्माण से शहर के विकास को गति मिलेगी बड़े-बड़े व्यापारी प्रतिष्ठान स्थापित होंगे रोजगार सृजन होगा और बहुत बड़ा इंफ्रा की स्थापना के साथ शहर की कनेक्टिविटी में गति मिलेगी। बाजारों में मतदान जागरूकता अभियान विशेष रूप से चलाया जाए, आप सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान में 'मैं भी मोदी का परिवार' का स्टीकर अवश्य लगे तथा मतदान वाले दिन अपने मतदान के साथ अपने परिवार तथा आस-पड़ोस के लोगों को बीजेपी में वोट देने प्रेरित करें। लोकसभा चुनाव संयोजक एवं विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष व्यापारियों के हितों पर हमेशा तत्पर रहे हैं उन्होंने जब लखनऊ चिकनकारी व्यापारियों की समस्या ने जानकारी दी उनको खादी की तरह जीएसटी में एक अलग एक यूनिक कोड की आवश्यकता है तो उन्हें तत्काल उनकी समस्या के निदान के लिए यूनिक कोड दिलवाने का काम किया। इसी तरह चाहे सर्राफा एसोसिएशन हो या व्यापारी संगठन हो उनके द्वारा संज्ञान में लाई गई समस्याओं का हमेशा निदान करने का काम किया है।

## राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को करेगे नामांकन

**लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी सांसद पद प्रत्याशी राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। मंत्री, महापौर, विधायक, पार्टी वरिष्ठ पदाधिकारीयों सहित बड़ी संख्या में कार्यकता प्रदेश मुख्यालय हजरतगंज पर प्रात 10 बजे एकत्रित होगे। राजनाथ सिंह भव्य पार्टी रथ पर सवार होकर विशाल जनसमूह के साथ कलेक्ट्रेट की ओर प्रस्थान करेंगे तथा वरिष्ठ नेता गण और पदाधिकारियों की उपस्थिति में नामांकन करेगे।

## सपा में पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा समाजवादी पार्टी यूपी की राज्य कार्यकारिणी में मौहम्मद तस्लीम निवासी जनपद गौतमबुद्धनगर एवं पंकज श्रीवास्तव निवासी भठवा वार्ड टाउन एरिया सलेमपुर जनपद देवरिया को प्रदेश सदस्य नामित किया गया है। इनके अतिरिक्त सत्यदेव यादव निवासी ग्राम छपिया पोस्ट पिपरा उत्तर पट्टी विधान सभा भाटपार रानी जनपद देवरिया को सपा उप्र की राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है।

# निषाद समाज के प्रतिनिधि व अन्य दलों से नेता भाजपा में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** लखनऊ महानगर कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने निषाद समाज से आए प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, पार्षद उपविजेता सेवानिवृत कर्मचारी, अधिवक्तागण को पार्टी का फटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलायी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि उत्कृष्ट नीतियों व राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड बहुजन समाजवादी पार्टी पूर्व पार्षद सुनील निषाद उपविजेता पार्षद अरूण प्रसाद, बहुजन समाज पार्टी से लालू लाल, मनीष गौतम, सौरभ कुमार, अनिल निषाद, वैभव निषाद के साथ अधिवक्ता, सेवानिवृत कर्मचारी, प्रशांत तिवारी, शिव सिंह, संतोष, विकास रस्तोगी, अजय सोनी, रवि राजपूत, आशीष द्विवेदी, सुमित नाग, अजय कुमार सेठ, रिजवान अहमद ने बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# भाजपा लोकतंत्र व संविधान के लिए खतरा बन गईः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को को झारखण्ड के रांची में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रूप से आयोजित उलगुलान महारैली को सम्बोधित किया। भाजपा देश में लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बन गई है। लोकसभा चुनाव में हार से डरी भाजपा अन्याय और तानाशाही पर उतर आयी है। यह लोकसभा चुनाव बहुत विशेष है। यह लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है। भाजपा की तानाशाही को उखाड़ फेंकने का चुनाव है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को हर हालत में हटाना है। अगर देश की जनता हटाने से चूक गयी तो भाजपा वोट का अधिकार छीन लेगी। भाजपा देश पर अंग्रेजों की तरह शासन करना चाहती है। देश में जितने भी तानाशाह हुए है वे वोट से सत्ता में आये थे। भाजपा को वोट के जरिए ही सत्ता से बाहर करना है। भाजपा ने देश को पीछे कर दिया है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा दिया है। इनके पास देश की जनता को बताने के लिए कुछ नहीं बचा है।

## बीजेपी के कई नेता समाजवादी पार्टी में शामिल



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी की नीतियों के प्रति निष्ठा जताते हुए सपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सिधौली, मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, बीकेटी, मलिहाबाद के प्रधानों, बीडीसी और पंचायत सदस्यों के अलावा भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रविवार को सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। विश्वकर्मा सेवा समिति उप्र के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भी सपा में शामिल हो गए है। राजेन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अरविन्द सिंह पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र तथा सी.एल. वर्मा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, उदयवीर सिंह पूर्व एम.एल.सी एवं विकास यादव इस अवसर पर उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सर्वश्री रामपाल भार्गव पूर्व उपविजेता प्रत्याशी नगर पंचायत, मुकेश पाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पंकज पाल सदस्य बीजेपी सभी सिधौली सीतापुर, योगेन्द्र रावत पूर्व उपविजेता जिला पंचायत सदस्य, जितेन्द्र पाल प्रधान दुलारमऊ, सुरेश पाल पूर्व प्रधान सरथुवा, विजय पाल पूर्व उपविजेता प्रधान धर्मावतखेड़ा सभी मोहनलालगंज लखनऊ, दिनेश पाल पूर्व प्रधान हसनपुर खेवली, रामनरेश पाल प्रधान पिपरसण्ड, विनोद कुमार धिमान बीडीसी सरसवां सभी सरोजनीनगर लखनऊ, राजकुमार पाल पूर्व प्रधान टिकारी, अमरपाल बूथ अध्यक्ष बीजेपी, संजय पाल सक्रिय सदस्य बीजेपी सभी बीकेटी लखनऊ, नन्दू विश्वकर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गुरूप्रसाद पाल पूर्व संगठन मंत्री बीजेपी, शिवकुमार पाल सक्रिय सदस्य बीजेपी, दिनेश पाल प्रधान खडसरा, मेवालाल पाल पूर्व प्रत्याशी बीडीसी सभी मलिहाबाद लखनऊ, काशी प्रसाद विश्वकर्मा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वकर्मा सेवा समिति उप्र मोहनलालगंज, एडवोकेट अनिल कुमार शर्मा बीजेपी, कृष्णा भारती बीजेपी, मनोज रावत सभी सरोजनीनगर लखनऊ, दीपू सिंह यादव एवं दिलीप यादव सिधौली सीतापुर, सुरेश राजपूत मलिहाबाद, विशाल भार्गव, मनोज राजपूत, विपिन रावत, संजय यादव, अनुराग यादव, आलोक वर्मा, मोहम्मद सिराज, सुरेन्द्र यादव सभी सिधौली सीतापुर आदि के साथ उनके सैकड़ों साथी भी थे।

यादव ने कहा कि भाजपा सबसे झूठी पार्टी है। इलेक्टोरल बांड के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है। हजारो करोड़ रूपये की चुनावी चंदा के नाम पर वसूली की है। तमाम कम्पनियों को डराकर वसूली की। कोरोना के समय वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली है। जबसे इलेक्टोरल बांड का मामला बाहर आया है। भाजपा के नेता घबराये हुए है। उनके पास भ्रष्टाचार का कोई जवाब नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने युवाओं की नौकरी छीनी है। हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठा वादा किया। कोई वादा पूरा नहीं किया। आज देष में 80-90 फीसदी पढ़ा-लिखा नौजवान बेरोजगार है। भाजपा सरकारों में भर्ती परीक्षाओं के तमाम पेपर लीक हुए। जबसे भाजपा की सरकार आयी है।

# अमरोहा में बीजेपी की वापसी की तैयारी तो मेरठ की जीत राम भरोसे

**सतीश सिंह।** लखनऊ



अरूण गोविल, देवव्रत त्यागी, सुनीता वर्मा, कंवर सिंह तंवर, दानिश अली, मुजाहिद हुसैन

**लोकसभा** चुनाव के दूसरे चरण में यूपी की आठ सीटें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के लिए घमासान तेज हो गया है। इस चरण में अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें बीजेपी ने जीती थी। इस बार फिर कई दिग्गज मैदान में हैं। मेरठ में भाजपा के टिकट पर जहां रामायण सीरियल के राम अरूण गोविल अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं तो वहीं मोदी लहर में इस सीट पर काबिज बसपा ने देवव्रत त्यागी को चुनावी मैदान में उतारा है। सपा से यहां पर सुनीता वर्मा को टिकट दिया गया है। वहीं अमरोहा से बीजेपी के कंवर सिंह तंवर, कांग्रेस-सपा गठबंधन से दानिश अली और बसपा के मुजाहिद हुसैन के बीच टक्कर है। बीएसपी के सामने यहां पर सीट बचाने की चुनौती है।

एशिया के नंबर वन सर्राफा बाजार में शामिल मेरठ में भारतीय सेना की एक छावनी भी है। मेरठ का सर्राफा एशिया का नंबर 1 का व्यवसाय बाजार है। 1857 की क्रांति का बिगुल इसी मेरठ में बजा था और फिर तेजी से देश में कोने-कोने तक पहुंचा था। महाभारत के दौर में कौरवों की राजधानी हस्तिनापुर में थी, जो आज के मेरठ में ही स्थित है। बात अगर 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो मेरठ संसदीय सीट पर बेहद कड़ा मुकाबला हुआ था। बीजेपी के प्रत्याशी राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब को हराया था। वहीं 2014 के चुनाव में भी बीजेपी ने यहा पर बसपा के मो. शाहिद अख्लाक को हराया था। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भी राजेन्द्र अग्रवाल ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े मलूक नागर को शिकस्त दी थी। ऐसे में यहां पर राजेन्द्र अग्रवाल इस बार हैट्रिक लगाने की जुगत में थे। 2024 के चुनाव में बीजेपी ने अरूण गोविल को मैदान में उतार कर जनता के बीच अपनी पैठ को बरकरार रखने की कोशिश की है। बीजेपी की पूरी कोशिश है कि चुनाव में वोटर अयोध्या में बीती 22 फरवरी को हुए प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को भी याद रखें।

मेरठ सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं। जिसमें किठौर के साथ-साथ मेरठ कैंट, मेरठ, मेरठ साउथ और हापुड़ सीटें शामिल हैं। 2022 के चुनाव में बीजेपी ने 3 सीटों पर जीत मिली थी। 2 सीट सपा के खाते में गई थी। बॉलीवुड के डायरेक्टर-लेखक कमाल अमरोही के नाम से मशहूर अमरोहा सीट पिछले चुनाव में बीजेपी हार गयी थी। इस सीट से हर पार्टी झंडा गाड़ चुकी है। निर्दल भी सांसद बन चुके हैं। सियासत के इस खास अंदाज का मुकाम इस बार 2024 लोकसभा में देखने को मिलेगा।

भाजपा ने यहां से तीसरी बार कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वहीं विपक्षी खेमे की नजर वर्तमान सांसद कुंवर दानिश अली पर टिकी हुई है, जो बसपा से निकाले जाने के बाद कांग्रेस के काफी करीब आ गए हैं। मुस्लिम बहुल सीट पर बसपा और सपा के दोनों मुस्लिम प्रत्याशी होने की वजह से वोट कटना तय है। 2019 के चुनाव में यहां से बसपा के दानिश अली ने बीजेपी के कंवर सिंह तंवर को हराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने सपा की हुमैरा अख्तर को हराया था। 2009 के चुनाव में आरएलडी के देवेन्द्र नागपाल ने सपा के महबूब अली को हराया था। अमरोहा लोकसभा के तहत पांच विधानसभा सीटें अमरोहा, हसनपुर, धनौरा, नौगावां सादात और गढ़मुक्तेश्वर हैं। अमरोहा और नौगावां सादात मुस्लिम बहुल हैं। धनौरा सीट एससी के लिए आरक्षित है। इस लोस क्षेत्र में दलित वोटरों का भी प्रभावी असर है। जाट, गुर्जर, सैनी, खडगवंशी जैसी पिछड़ी जातियों का भी प्रभाव है।

# नुक्कड़ सभाओं में भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से विजई बनाने का किया गया आवाहन



**लखनऊ।** लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लक्ष्य के मद्देनजर आयोजित नुक्कड़ सभाओं में आज राज्यसभा सांसद पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने पश्चिम विधानसभा, नौबस्ता में और लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा के शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड में विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने महामंत्री राम अवतार कनौजिया के साथ उत्तर विधानसभा के त्रिवेणी नगर वार्ड स्थित 60 फुटा रोड पर और हुसैनाबाद वार्ड में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित कर केंद्रीय रक्षा मंत्री लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह को लखनऊ से रिकार्ड मतों से विजई बनाने की अपील की। इस अवसर पर नौबस्ता सभा में पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता

आवश्यकता
प्राचार्य एवं सहायक प्रोफेसर, (बी०ए०, बी०काम० एवं बी०बी०ए०) पाठ्यक्रम हेतु। बी०ए० पाठ्यक्रम हेतु विषय– राजनीतिशास्त्र, हिन्दी, मध्यकालीन इतिहास। योग्यता एवं वेतनमानः– यू०जी०सी० एवं विश्वविद्यालय मानकानुसार। समस्त अभिलेखों (बायोडाटा) व 4 फोटो के साथ सम्पर्क करें। 30 अप्रैल 2024 तक। ज्ञानन्दा एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन,अमरावती, विन्ध्याचल, मीरजापुर उ0प्र0–231307 Email-gyananda.vindhyachal@gmail.com
मो0–9415273405

पतंजलि आयुर्वेद माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा का पूर्ण सम्मान करता है। हमारे अधिवक्ता द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के सामने स्टेटमेंट करने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशन करने में और प्रेस वार्ता करने में जो भूल हुई उसके लिए हृदय से क्षमा प्रार्थी हैं और हमारी प्रतिबद्धता है कि इस भूल की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे।
हम आपको पुनः विश्वास दिलवाते है कि संविधान और माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा को बनाये रखने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध रहेंगे।
पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
हरिद्वार, उत्तराखंड।

# विवि 'समर्थ पोर्टल' शत-प्रतिशत लागू करें: आनंदीबेन पटेल



## ● पोर्टल लागू होने से विवि के विभिन्न कार्य संपादन और समस्याओं का समाधान होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला 'समर्थ से सामर्थ्य ' रविवार को सम्पन्न हो गई। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में 'समर्थ पोर्टल' को सफलतापूर्वक लागू कराने और सुगम संचालन सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय इसे शत-प्रतिशत लागू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी जरूरत के अनुसार इसमें डाटा भरते रहें। उन्होंने पोर्टल के समग्रता से क्रियान्वयन के लिए टीम वर्क को जरूरी बताया, इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने को कहा।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने शोध पूर्ण तरीके से काफी समय देकर इस पोर्टल का निर्माण किया है। इसके माध्यम से प्रत्येक कार्य सम्पादन का समाधान प्राप्त हो सकेगा और विश्वविद्यालयों में इस पोर्टल के लागू हो जाने से विभिन्न समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा। उन्होंने पोर्टल लागू होने के फायदों पर चर्चा करते हुए समय की बचत, धन के दुरुपयोग से बचत, एक क्लिक पर विश्वविद्यालय की जानकारियों का प्राप्त होना, फाइलों की सहज ट्रैकिंग जैसे अनेक कार्यों के सुगमता से सम्पन्न होने वाले लाभों के बारे में बताया। इसी क्रम में राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में उच्चाधिकारियों के मध्य तालमेल की कमी पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सप्ताह में दो-तीन बार एक साथ बैठकर बातचीत से आपसी समन्वय अवश्य बनाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों की टीम द्वारा बनाए समर्थ पोर्टल की तरह अपने विश्वविद्यालय में भी कुछ नया करें, जिससे दूसरे प्रदेशों के लोग प्रेरणा ले सकें। उन्होंने राज्य विश्वविद्यालयों से आए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए पूरे संकल्प के साथ जल्दी से जल्दी समर्थ पोर्टल लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने समर्थ पोर्टल बनाने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों की पूरी टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल आर्थिक दृष्टि से पिछड़े, संसाधन विहीन, झुग्गी झोपड़ी में अवासित बच्चे तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चों की गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा के लिए भी सतत प्रयासशील रही हैं। आज इस कार्यशाला में जाते हुए राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर से सटी झुग्गी-झोपड़ी का भी संज्ञान लिया। वे स्वयं बस्ती में रहने वाले बच्चों से मिली व अधिकारियों को उनकी समुचित शिक्षा के लिए 'उम्मीद संस्था' से जोड़ने के आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला में आज दूसरे दिन दिल्ली विश्वविद्यालय से आयी शिक्षकों की टीम से दिव्या करवाल ने पोर्टल के माध्यम से रिक्रुटमेंट तथा एम्प्लाई मैनेजमेंट (एच.आर.), साहिल दत्त ने कैरियर एडवांसमेंट और फाइनेंनशियल सप्लाई चेन मैनेजमेंट पर जानकारी दी। इसके साथ ही अन्य शिक्षकों के साथ पोर्टल के संयोजक प्रो संजीव सिंह ने भी विभिन्न चर्चाएं की और एडमिशन और एकेडेमिक्स, की परफॉर्मेंस इंडिकेटर, मॉनिटरिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषयों पर जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण व अधिकारीगणों की पोर्टल से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर जिज्ञासाओं का समर्थ टीम ने समाधान भी प्रस्तुत किया। आज दूसरे दिन प्रदेश के 12 अन्य विश्वविद्यालयों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ समर्थ-ई-गवर्नेंस के लिए एमओयू किया, जिनमें छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी, शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ, रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज, राजर्षि टण्डन विश्वविद्यालय प्रयागराज, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महेन्द्र प्रताप विश्वविद्यालय अलीगढ़, एकेटीयू लखनऊ, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ शामिल रहे।

## सरकारी जमीनों को निशाना बना रहे अवैध कब्जेदार

**मोहनलालगंज।** चुनाव आचार संहिता में चोरी छिपे मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत सरथुआ में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का खेल चल रहा है। कुछ प्रापर्टी डीलर और प्लाटिंग कम्पनियां सुरक्षित जमीनों से लेकर तालाब की भूमि पर भी अतिक्रमण कर रही हैं। लेकिन शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार बेखबर हैं। मोहनलालगंज तहसील की ग्राम पंचायत सरथुआ में इन दिनों सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का खेल चल रहा है। पंचायत के मजरे में भी बेशकीमती सरकारी भूमि पर गुपचुप अतिक्रमण किया जा रहा है। लेकिन तहसील अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराने के बावजूद चुनाव आचार संहिता बताकर राजस्वकर्मी जल्द कार्रवाई का भरोसा देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। उधर ग्रामीणों की मानें तो एक प्लाटिंग कम्पनी तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर रही है। लेकिन सबकुछ जानकर भी जिम्मेदारों को अवैध कब्जा खाली कराने फुरसत नही है।

# गेहूं खरीद के पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारी तैनात

## ● वर्तमान में 6414 क्रय केंद्र किए जा रहे संचालित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि और उन्हें समृद्ध करने में जुटी योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिये योगी सरकार ने प्रदेश भर में 6500 क्रय केंद्र संचालित करने का लक्ष्य रखा है। इसके सापेक्ष वर्तमान में 6414 क्रय केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद के पर्यवेक्षण के लिए नोडल अधिकारियों को भी तैनात किया है । सीएम योगी के निर्देश पर नोडल अधिकारी मौके पर जाकर गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों का ही असर है कि अब तक 6414 क्रय केंद्रों पर 2,75,759 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं अब तक 1,91,492 किसानों का सत्यापन किया जा चुका है। इनमें से 72,100 किसानों का पब्लिक पोर्टल, जबकि 2,02,805 किसानों का एजेंसियों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया है। इसके अलावा 854 बटाईदारों ने भी रजिस्ट्रेशन कराया है। सीएम योगी के निर्देश पर गेहूं खरीद के पर्यवेक्षण के लिए तैनात नोडल अधिकारियों ने शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। लखनऊ संभाग के नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद आलोक कुमार ने सीतापुर और लखीमपुर का दौरा किया। उनके अनुसार सीतापुर के किसानों द्वारा बोनस की मांग की गई है। वहीं सीतापुर में 1680 कुंतल और लखीमपुर खीरी में 13 हजार कुंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसी तरह चित्रकूट, झांसी एवं कानपुर संभाग के नोडल अधिकारी खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने महोबा, हमीरपुर, जालौन और कानपुर देहात का भ्रमण किया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि महोबा में क्रय केंद्रों पर 100 कुंटल रोजाना गेहूं की खरीद हो रही है। वहीं कानपुर देहात के किसानों ने बोनस की मांग की है। अयोध्या संभाग के नोडल अधिकारी खाद्य एवं रसद विशेष सचिव अभिषेक गोयल ने अमेठी और बाराबंकी का दौरा किया। उन्होंने बताया कि यहां गेहूं की कटाई शुरू हो गई है, लेकिन मंडियों में गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है। गेहूं की खरीद के लिए सारी तैयारियों पूरी कर ली गई है। मंडियों में आवक शुरू होते ही खरीद शुरू कर दी जाएगी।

इसी तरह मेरठ संभाग के नोडल अधिकारी खाद्य एवं रसद के विशेष सचिव प्रभाष कुमार, मुरादाबाद संभाग के नोडल अधिकारी खाद्य एवं रसद विभाग के अपर आयुक्त स्थापना कामता प्रसाद सिंह, सहारनपुर संभाग के नोडल अधिकारी कृषि विभाग के विशेष सचिव अजय कुमार द्विवेदी, झांसी संभाग के नोडल अधिकारी यूपीपीसीयू के प्रबंध निदेशक श्रीकांत गोस्वामी, बस्ती संभाग के नोडल कृषि विपणन विभाग के विशेष सचिव विनीत प्रकाश, आगरा संभाग के नोडल सहकारिता विभाग के विशेष सचिव नरेंद्र प्रसाद पांडेय, चित्रकूट संभाग के नोडल यूपीएसएस के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार सिंह, बरेली संभाग के नोडल खाद्य एवं रसद के अपर आयुक्त राजीव कुमार मिश्र और अलीगढ़ संभाग के नोडल सहकारिता विभाग के अपर आयुक्त मनोज कुमार ने अपने-अपने जिलों का भ्रमण किया। साथ ही दौरे की रिपोर्ट शासन को भेजी। शासन ने नोडल अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार गेहूं खरीद को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये।



मुक्ति फाउण्डेशन द्वारा बक्शी का तालाब के पास नवीन शिक्षा अभियान का शुभारम्भ करतीं अध्यक्ष रीता सिंह।

# कैंसर पीड़ित महिला की रैन बसेरे में मौत पर हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग** जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय परिसर स्थित रैन बसेरे में रविवार को एक कैंसर पीड़ित महिला की मौत हो गयी। महिला मरीज की मौत के बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित परिजनों से बातचीत की। जिसके बाद परिजन शांत हुये।

रविवार दोपहर ट्रामा सेंटर पर हंगामा करने पहुंचे युवक इलाज न मिलने से नाराज थे। युवक आरोप लगा रहे थे कि ट्रामा सेंटर में उनके मरीज को इलाज नहीं मिला। इतना ही नहीं उनके मरीज को भर्ती तक नहीं किया गया। जिससे उनके मरीज की मौत हो गई। ट्रामा सेंटर में मौजूद मरीज के एक तीमारदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हंगामा कर रहे युवक इस बात से नाराज थे कि उनकी मां कैंसर से पीड़ित थी। जिसका इलाज कराने वह केजीएमयू आये थे, ओपीडी में दिखाया था, हालत गंभीर थी, लेकिन मरीज को भर्ती नहीं किया गया। रात के समय हालत बिगड़ने पर युवक अपनी मां को भर्ती कराने ट्रामा सेंटर आया था, कई बार पीआरओ से गुहार लगाई, लेकिन उसका पर्चा तक नहीं बन पाया। जिसके चलते रैनबसेर में मरीज की मौत हो गई। ट्रामा सेंटर प्रभारी प्रो.संदीप तिवारी ने बताया कि ट्रामा सेंटर में मरीज का इलाज नहीं चल रहा था। यहां आकर हंगामा क्यों किया। यह बात समझ के परे है। वहीं केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि सीतापुर निवासी शांति का ओपीडी के माध्यम से कैंसर का उपचार चल रहा था। ट्रॉमा सेंटर में ना तो रोगी का पर्चा बना था और ना ही कोई जांच आदि हुई थी। रोगी ट्रॉमा में बने रैन बसेरे में रह रही थी। उनकी स्थिति गंभीर थी। जिसके चलते रविवार सुबह उनकी अचानक मृत्यु हो गई।

## 24 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माणए बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर लखनऊ जनपद में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत रविवार को आबकारी निरीक्षक सेक्टर एक कीर्ति पाण्डेय लखनऊ द्वारा मयस्टॉफ संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान दबिश थाना मदेयगंज अन्तर्गत डालीगंज क्रॉसिंग के पास से एक अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर दीन, निवासी शिवलोक, त्रिवेणी नगर निराला नगर को अवैध देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। मौके से विण्डीज ब्राण्ड की 24 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मदेयगंज में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया।

# भगवान महावीर का जन्म पूरे शहर में धूमधाम से मनाया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जैन** समुदाय के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म पूरे शहर में धूमधाम से मनाया गया। 10 बजे से 2 बजे तक रक्त दान, जिसमे जैनियों के अलावा भी लोगो का जोश देखते बन रहा था। रविवार, जैन समुदाय के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक बड़ी धूम धाम से परंपरागत तरीके से राजधानी लखनऊ के सभी जैन मंदिरों में मनाया गया। सुबह 5 बजे प्रभात फेरी, जिसमे पुरुषो द्वारा सफेद कुर्ता पैजामा, स्त्रियों द्वारा पीली साड़ी, पहनी हुई हाथों में तख्ती जिसने नारे महावीर स्वामी का संदेश जिवो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, जिवो और जीने दो, सभी का जोश और होश देखते बन रहा था, उसके बाद 10 बजे से 2 बजे तक रक्त दान, जिसमे जैनियों के अलावा भी लोगो का जोश देखते बन रहा था, बच्चो ने भी रक्त दान किया। उसके पश्चात भंडारे की पूरी व्यस्था की गई थी।

# कागजों तक सीमित होकर रह गया सबमर्सिबल के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**करीब** पांच साल पहले शासन स्तर पर एक कमेटी बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसकी मुख्य जिम्मेदारी धड़ल्ले से लग रहे सबमर्सिबल पर रोक लगाना था। इसके साथ ही कॉमर्शियल से लेकर आवासीय मकानों में लगने वाले सबमर्सिबल के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराना था। यह कवायद कागजों तक सीमित हो कर रह गई। इसी का परिणाम है कि मौजूदा समय में राजधानी में अधिकतर व्यक्ति द्वारा जमीन खरीदकर मकान का नक्शा पास कराया जाता है। मकान बाद में बनता है, उससे पहले ही भवन स्वामी की ओर से सबमर्सिबल लगवाने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। इसके बाद इसी सबमर्सिबल के पानी का प्रयोग मकान बनवाने में किया जाता है। निर्माणाधीन मकान में पानी के छिड़काव में ही प्रति घंटे हजारों लीटर पानी वेस्ट हो जाता है।

प्रदेश की राजधानी होने के कारण लोगों का आकर्षण अन्य शहरों की अपेक्षा ज्यादा है। राजधानी में नए मकानों के साथ सबमर्सिबल की संख्या बढ़ रही है। इंदिरानगर के आवंतीबाई इलाके के रहने वाले मनोज सिंह ने बताया कि आए दिन लोग पानी की जरूरत के लिए सबमर्सिबल लगा रहे हैं, जिससे पानी का दोहन धड़ल्ले से हो रहा है। जबकि पहले से ही वाटर सप्लाई की जा रही है। वहीं ठाकुरगंज के दीपक शर्मा ने बताया कि वार्ड में कोई व्यक्ति जानबूझकर पानी वेस्ट कर रहा है तो आसपास के लोगों को उसे टोकना चाहिए। इसके साथ ही पॉलिसी भी बननी चाहिए, जिससे पानी की बर्बादी रोकी जा सके। शहर में दो साल पहले तक जहां मकानों की संख्या 5 लाख के आसपास थी, वहीं अब नगर निगम के आंकड़ों की माने तो मकानों की संख्या साढ़े छह लाख से अधिक हो चुकी है। यह आंकड़े तो उन मकानों के हैं, जिनके मालिकों की ओर से हाउस टैक्स असेसमेंट कराया गया है। साथ ही करीब 20 से 30 हजार या उससे भी अधिक ऐसे मकान हैं, जिनका अभी तक नगर निगम से असेसमेंट तक नहीं हुआ है। सबमर्सिबल लगवाने के लिए राजधानी में कोई नियम कानून लागू तक नहीं होता है। भवन स्वामी का जितना मन आता है, उसके हिसाब से उतनी ही गहराई में जमीन का सीना छलनी कर दिया जाता है। आलम यह है कि अगर पानी 70 फीट पर भी मिल रहा है तो जमीन के अंदर पाइप करीब 150 से 180 फीट तक डाल दी जाती हैं। यही नहीं राजधानी होने के बाद भी जल संस्थान द्वारा वाटर मीटर लगाए नहीं गए। नगर निगम स्तर से यह योजना बनाई गई थी कि घरों में वॉटर मीटर लगाए जाएंगे लेकिन अभी तक 15 फीसदी मकानों में भी इस योजना को इंप्लीमेंट नहीं किया जा सका है। उन्हें भी पता है कि सबमर्सिबल लगवाने के दौरान उन पर न तो कोई जुर्माना लगाया जाएगा न ही कोई लीगल एक्शन लिया जाएगा।

### बने थे ये नियम

1.बिना परमीशन सबमर्सिबल न लगें

2.मॉनीटरिंग कमेटी का गठन हो

3.भवन स्वामियों को जागरुक किया जाए

4.सबमर्सिबल के लिए मानक तय किए जाएं

5.नक्शे में इसका भी जिक्र किया जाए

6.घरों में वॉटर मीटर लगवाए जाएं

# स्वच्छ पर्यावरण सेना ने गोमती से निकाला कुंतलों कचरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**स्वच्छ** पर्यावरण सेना द्वारा संडे फॉर गोमती के दौरान गोमती नदी की तलहटी में जमा कुन्तलों कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियों को निकाला गया। स्वच्छ पर्यावरण सेना ने हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर गोमती नदी सफाई अभियान का 306 वा रविवार पूर्ण किया। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में लगभग 2 घंटे चले इस अभियान में कमलेश कुमार, सलमान अली दिनेश दत्त पाण्डेय, नैतिक साहू, महेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र शर्मा, विवेक जोशी, विष्णु तिवारी, राजेश जोशी, संजय वर्मा, कृपा शंकर वर्मा, रामकुमार वाल्मीकि, आंनद वर्मा, ललित सिंह कश्यप, रिंकू सिंह, सरिता जैसवाल प्रीति जैन शांति कश्यप, मनोज सिंह, शिवराज इत्यादि स्वयं सेवकों ने गोमती नदी स्वच्छता अभियान चलाकर गोमती नदी से बड़ी मात्रा में पॉलिथीन बैगए सड़े गले कपड़े, कचरा और देवी देवताओं की मूर्तियां को निकालकर एकत्रित किया। सामूहिक रूप से आदि गंगा गोमती मां की विधिवत आरती की गई। माननीय मुख्यमंत्री जी से लखनऊ में बहने वाली गोमती नदी में गिरने वाले गंदे नालों को बंद करने की मांग करते हुए रंजीत ने कहा प्रशासन की लापरवाही से बाजार में पॉलिथीन बैग की मात्रा अधिक हो गई है जिसकी वजह से गोमती नदी पॉलीथिन के कचरे से भरी हुई है। गोमती नदी की ड्रेजिंग की सख्त आवश्यकता है।

# मानकों को दर किनार कर दिए जा रहे प्राइवेट ट्यूबवेल कनेक्शन

**मोहनलालगंज।** प्राइवेट ट्यूबवेल कनेक्शनों के लिए लाइन बनाने में आवेदकों के नाम पर कुछ अधिकारी ही चांदी काट रहे हैं। इसी वजह से लाइन बनाने में मानक दरकिनार किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। वहीं सुपरविजन चार्ज और डिपाजिट स्कीम की लाइनें बनाने में भी खेल चल रहा है। सेस तृतीय खण्ड के गोसाईगंज मोहनलालगंज व समेसी में पिछले कुछ वक्त से प्राइवेट ट्यूबवेल के लिए लाइन बनाने में भोले भाले आवेदकों के नाम का सहारा लेकर गुपचुप तरीके से खेल चल रहा है। कुछ विभागीय कर्मियों के इशारे पर ही मानक दरकिनार कर लाइनें बनाई जा रही हैं। जिसकी वजह से जरा सी चूक में अनहोनी का खतरा बना रहता है। हालांकि शिकायतें मिलने के बावजूद अफसरों की चुप्पी हैरत में डालने वाली है। जिसकी वजह से मनमाने ढंग से लाइनें बनाने का खेल बलस्तूर जारी है।

यही नही सूत्रों की मानें तो पन्द्रह फीसद सुपरविजन चार्ज और डिपाजिट स्कीम की कुछ लाइनों में भी मानक दरकिनार किए जा रहे हैं। लेकिन क्षेत्रीय अधिकारी मानकों पर जोर देने के बजाए बिना सवाल उठाए धड़ल्ले से कनेक्शन बांट रहे हैं। इस बारे में अधीक्षण अभियन्ता वाईके सिंह का पक्ष जानने के लिए उनके सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो मोबाइल रिसीव नही हुआ। जबकि व्हाट्सएप पर सवाल भेजने के बावजूद कोई जवाब नही मिल सका।

## लापरवाही बन सकती है बड़े हदसे का कारण



**मोहनलालगंज।** समेसी सबस्टेशन की चौखट पर ही रोड क्रास कर रही एचटी लाइन में सुरक्षा मानक नदारद हैं। निगोहां रोड पर सबस्टेशन से लेकर काफी दूर तक रोड में दोनों तरफ पोल लगाकर लाइन दौड़ाई गई है। लेकिन अधिकांश पोल में ग्राउटिंग तक कराने की जरुरत नही समझी गई है। वहीं समेसी से निगोहां के बीच रोड क्रास कर रही लाइनों में अधिकांश जगह वायर गार्डिंग तक नही करा रखी गई है। ऐसे में जरा सी चूक अनहोनी की वजह बन सकती है।

सेस तृतीय खण्ड के समेसी सबस्टेशन अन्तर्गत विद्युत लाइनें बनाने में मानकों का पालन करने में लापरवाही बरती जा रही है। सबस्टेशन की चौखट पर ही एचटी लाइन में वायर गार्डिंग और कुछ पोल में ग्राउटिंग नही कराई गई है। जबकि समेसी से निगोहां रोड की दोनों पटरियों पर दौड़ाई गई एचटी लाइन में भी सभी सुरक्षा मानकों का पालन नही कराया गया है। कुछ लाइन और ट्रांसफार्मरों में अर्थिंग का भी इंतजाम नही किया गया है। ऐसे में जरा सी चूक राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन सकती है। कमोवेश इसी तरह गोसाईगंज सबस्टेशन क्षेत्र में भी कई जगह एचटी लाइनों में सुरक्षा मानकों को दरकिनार किया गया है। जबकि मोहनलालगंज के सिसेण्डी रोड की एचटी लाइन में वायर गार्डिंग और पूरनपुर सबस्टेशन अन्तर्गत भी कुछ एचटी लाइन में सुरक्षा मानक दरकिनार हैं। हालांकि डिवीजन से लेकर जोन तक के अफसरों को फील्ड में निकलकर विद्युत लाइनों में सुरक्षा मानकों की नब्ज टटोलने की फुरसत नही है।

# विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश कर रही जनताः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हुआ है। देश के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को लेकर लोगों में जो उत्साह है, वह वोट में बदल रहा है। सीएम योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत के साथ मोदी जी के नेतृत्व में फिर से भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। तुष्टिकरण के नाम पर वोटबैंक की राजनीति ने हमेशा ऐसे सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर फिर से हुए हमले चिंता का विषय भी हैं और साथ-साथ देश के लोगों के लिए संदेश भी है कि यह लोग जब शांतिपूर्ण ढंग से निकलने वाली शोभायात्राओं को ही सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो बहन-बेटियों और सामान्य नागरिकों को क्या सुरक्षा दे पाएंगे। चुनाव सबसे अच्छा अवसर होता है, जब हम तथाकथित सेक्युलर लोगों व दलों को संदेश दे सकते हैं। अपने मत से इन्हें स्पष्ट संदेश दें कि हमारी भावनाओं से खिलवाड़ करोगे और सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को प्रश्रय दोगे तो फिर चुनाव में हम भी उसी प्रकार से जवाब देंगे।

रविवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर निकलने से पहले सीएम योगी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल व मां कौशल्या का मायका है। छत्तीसगढ़ के बारे में कहते हैं कि %छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया% क्योंकि हर सनातन धर्मावलंबी छत्तीसगढ़ को ननिहाल के रूप में मानता है। ननिहाल जाना सबको अच्छा लगता है। स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़वासी भी उतने ही उत्साहित हैं, जितना उत्साहित उत्तर प्रदेश, पूरा देश और हर सनातन धर्मावलंबी है। आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद बनाने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा। देशवासियों के लिए मोदी जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। देश के लिए, भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं, आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी जी तक पहुंचाने का यह अवसर है। लोकतंत्र के अगले चरण हम सभी को यह अवसर प्रदान करेंगे।

# मोदी को रोककर गरीबों के हक पर डाका डालना चाहता है विपक्षः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को गाजियाबाद में पार्टी उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में लोनी एवं साहिबाबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 400 पार का मतलब देश का गरीबी से मुक्ति, भ्रष्टाचार से मुक्ति है और ऐसा कोई कर सकता है तो वह मोदी की ही कर सकते हैं।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विपक्षी पार्टियां एकजुट हो रही हैं, इनके पास कोई एजेंडा नहीं है, उनका एकमात्र लक्ष्य है कि कैसे मोदी को रोकें। ये मोदी को रोककर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकना चाहते हैं, गरीब कल्याण की योजनाओं को रोकना चाहते हैं। ये मोदी को रोककर गरीबों के हक पर डाका डालना चाहते हैं। इनका हाथ दंगाइयों के साथ, इनका हाथ बलवाइयों के साथ, इनका साथ गुंडों और भ्रष्टाचारियों के साथ है। हमारे मोदी जी कहते हैं कि सबका साथ सबका विश्वास का है। हमारा संकल्प सृजन का है इनका वादा लूटने का है।

उन्होंने भगवान राम का भी अपमान करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। इन्होंने रामलला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भी बहिष्कार किया। ये राम भक्तों को ढोंगी बताते हैं। इसलिए अबकी बार 400 पार बहुत जरूरी है। आपका कमल पर दबाया गया हर एक वोट सीधे मोदी जी के हाथों को मजबूत करेगा। श्री मौर्य ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज का भारत माकूल जवाब देना जानता है। आज सैनिकों को पाकिस्तान से आने वाली गोली का जवाब देने के लिए दिल्ली से पूछने की जरूरत नहीं पड़ती है। आज आतंक की फैक्ट्री में घुसकर आतंकियों को नेस्तनाबूत करने का काम भारत कर रहा है। हम अपने देश की सुरक्षा करना जानते हैं आज आतंकवादियों की फैक्ट्री के मालिक अमेरिका में जाकर गिड़गिड़ा रहे हैं। एयरस्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक इसका उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है। यह चुनाव भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास कर रहे मोदी को फिर से चुनने का है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के सशक्तिकरण और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने वाले मोदी जी को चुनने का है। यह चुनाव जेल से बेल पर छूटे नेताओं और माफियाओं के संरक्षणकर्ताओं को फिर से घर बैठाने का है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को कमल से लबालब कर देना है। कमल ही देश की खुशहाली की गारंटी है, यही मोदी की गारंटी है।

# भाजपा के अत्याचार से बचाने के लिए साइकिल का बटन दबाएंः चौधरी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा 'आटा-डाटा का अधिकार' शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र 'हमारा अधिकार' में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। इस तरह हर राशन कार्ड धारक को आटा के साथ डाटा का अधिकार भी मुफ्त मिलेगा। व्यक्ति के पोषक आहार के रूप में जहां आटा प्लांट के अत्याधुनिक तकनीक से बना गुणवत्तापूर्ण आटा लोगों को मिलेगा वहीं आज के जमाने में मोबाइल की शिक्षा व सूचना-संचार के क्षेत्र में जरूरत को देखते हुए, मुफ्त डाटा भी मिलना आज की आवश्यकता है। इससे डिजिटल डिवाइड का अंतर भी नहीं रह जाएगा। गैरबराबरी मिटाने के समाजवादी मूल्यों की ओर समाजवादी पार्टी की सोच का यह एक प्रगतिशील कदम होगा।

अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आवहान किया कि लोकतंत्र को बचाने, किसानों के साथ न्याय करने के लिए, महिलाओं के स्वाभिमान के लिए, नौजवानों के भविष्य के लिए, उत्तर प्रदेश के विकास के लिए, भाजपा के अत्याचार से बचाने के लिए, पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं वंचित-पीड़ित समाज) को प्रत्येक स्तर पर मुख्यधारा में शामिल करने के लिए समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न साइकिल पर ईवीएम का बटन दबाये।

# विपक्ष का एजेंडा है परिवार की उन्नतिः धर्मपाल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को आजमगढ़ में आजमगढ़ व लालगंज लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में बूथ विजय पर मंत्रणा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर पिछले चुनावों में मिले भाजपा के वोट में 370 अधिक वोट जोड़ने का है। उन्होंने कहा कि नियमित प्रवास के साथ बूथ पर सक्रियता, सम्पर्क व संवाद से बूथ विजय का लक्ष्य पूर्ण होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी तथा प्रत्येक बूथ पर मतदान के लिए प्रेरित करना है। भाजपा का लक्ष्य वैभवशाली राष्ट्र निर्माण तथा देश के नागरिकों को खुशाली है, जबकि विपक्ष का एजेंडा उनके परिवार की उन्नति है। सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के संकल्प से गरीब, युवा, महिला, किसान के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए मोदी जी की गारंटी है।



प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार को कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी जी की गारंटी के साथ देश के सामने है। 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश की सभी 80 सीटें जितना है, और 80 सीटें जितने के लिए हम सभी को अपना बूथ जितना है। बूथ की विजय के लिए बूथ की टीम पन्ना प्रमुखों सहित सभी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णय को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। मतदान पूर्ण होने तक प्रत्येक संगठनात्मक जिम्मेदारी को समर्पण, सहयोग व सामंजस्य के साथ निभाना है। उन्होंने कहा कि शक्तिकेन्द्रों पर पन्ना प्रमुख सम्मेलन अवश्य किये जाए। इसके साथ ही सभी वोटरों तक घर-घर सम्पर्क, परिवार पर्ची, मोदी जी का पत्र तथा वोटर पर्ची भी अवश्य पहुंचाने का काम करना है।

श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ समिति की मजबूत संरचना विजय का अचूक मंत्र हैं। यही कारण है कि भाजपा का बूथ से लेकर केन्द्रीय स्तर तक का प्रत्येक पदाधिकारी पन्ना प्रमुख के रूप में बूथ समिति का सदस्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन है। सपा, बसपा और कांग्रेस गुंडागर्दी, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार व घोटालेबाजी के ब्रांड है तथा इनके नेता इसके ब्रांडएम्बेसडर है।

## अभिभावक की जिम्मेदारी संभालते हुए किया चुनौतियों का सामना

**प्रयागराज।** आने वाला शो में हूं साथ तेरे दर्शकों को एक सिंगल मां जानवी उल्का गुप्ता के उतार चढ़ाव भरे सफर पर ले जाने को तैयार है। यह शो एक ऐसी मां की कहानी दिखाने जा रहा है। जिसे अकेले ही दोनों पैरेंट की जिम्मेदारी संभालते हुए समाज की घूरती नजरों और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जी टीवी के शो में जानवी अपने बेटे किआन के साथ रहती है। जो उनकी दुनिया है। हालांकि दोनों के बीच इतने गहरे रिश्ते के बावजूद किआन को घर में एक आदमी की कमी महसूस होती है लेकिन उसे खुद के लिए, एक पिता से ज्यादा अपनी मां के लिए एक जीवनसाथी की जरूरत महसूस होता है। यह कहानी उस वक्त एक रोमांचक मोड़ लेती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिज़नेसमैन आयमन करण वोहरा से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। मानसी श्रीवास्तव को रोल में देखने के लिए ट्यून इन कीजिए में हूं साथ तेरे शुरू हो रहा है उनतीस अप्रैल से शाम साढ़े सात बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा।

# कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया मक्के की फसल मे लगे कीटों से बचाव के उपाय

**सोनभद्र।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ हरि कृष्ण मिश्रा ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों से मक्का की फसल में फॉल आर्मी वर्म कीट का प्रकोप देखा गया है यह एक बहुभीजी कीट है जिसके कारण मक्का के साथ.साथ अन्य फसलों जैसे.ज्वार बाजरा धानए गेहूँ तथा गन्ना आदि फसलों को भी हानि पहुंचा सकता है।फॉल आर्मी वर्म कीट का लार्वा भूरा धूसर रंग का होता है तथा इसके पार्शव में तीन पतली सफेद धारियों और सिर पर उल्टा अंग्रेजी अक्षर का वाई (4) दिखता है। शरीर के दूसरे अंतिम खण्ड पर वर्गाकार चार गहरे बिन्दु दिखाई देते हैं तथा अन्य खण्डों पर चार छोटे.छोटे बिन्दु समलम्ब आकार में व्यवस्थित होते है। उन्होंने बताया कि रोकथाम के उपाय.यांत्रिक उपाय.फसल की नियमित निगरानी एवं सर्वेक्षण करेंए प्रकोप की दशा में जनपद के विभागीय अधिकारियों को तत्काल सूचित करें] याकिक विधि के तौर पर सीयकाल से 9 बजे तक) में 3 से 4 की सख्या में प्रकाश प्रपंच एवं की में (पर प्रति एकड़ लगाना चाहिए। 35.40 फेरोमान ट्रेप प्रतिकर की दर से लगाकर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। फ्सात आमी धर्म के आडे इकट्ठा करके नष्ट कर देना चाहिए। जैविक उपाय. कीट के प्रकोप की प्रारंभिक अवस्था में परजीवी ट्राइकोग्रामा कार्ड 2 से 5 प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करने से इनकी सरया की बढ़ोतरी में रोक लगायी जा सकती है। प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत गाभ क्षति की अवस्था में कीट नियंत्रण हेतु एन0पी0वी0 250 एल0ई0 अथवा मेटाराइजियम एनिप्सली 5 ग्राम प्रति लीटर अथवा वैसिलस थुरिन जेनसिस ;द्ध 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से प्रयोग करना लाभकारी होता है। इस अवस्था में नीम ऑयल 5 मिली प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने से भी कीटों की संख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है।व्यूवेरिया बेसियाना की 5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से कीट पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नियंत्रण हेतु वानारेन्ट्रानिलीप्रोल 185 प्रतिशत एससी 0.4 मिली0 प्रति लीटर पानी अथवा स्पाइनोसेड 03 मिली0 प्रति लीटर पानी अथवा थायामेथाक्सम 26 प्रतिशत लैम्ब्डासाइहैलोथिन 95 प्रतिशत 0.5 मिली0 प्रति लीटर पानी की दर से घाल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

# औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत प्रविधानों में संशोधन

## ● इम्पावर्ड कमेटी की मंजूरी के बाद कैबिनेट की मंजूरी लेना भी होगा आवश्यक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में अल्ट्रा मेगा श्रेणी की विशेष महत्व वाली परियोजनाएं स्थापित करने पर उन्हें सरकार की ओर से केस टू केस कस्टमाइज पैकेज दिया जाता। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 में इसका प्राविधान किया गया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से इन प्राविधानों में कुछ संशोधन किया गया है। इसके अंतर्गत नोडल संस्था की जगह सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी ऐसी परियोजनाओं की परीक्षण और विशेष पैकेज की अनुशंसा की जिम्मेदारी दी गई है। इस कमेटी की अनुशंसा के बाद हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी और कैबिनेट की मंजूरी के बाद ऐसी बड़ी परियोजनाओं को कस्टमाइज पैकेज प्रदान किया जा सकेगा।

नीति में किए गए संशोधन के अनुसार औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के अंतर्गत विशेष महत्व की अल्ट्रामेगा श्रेणी की परियोजनाओं को आवश्यकतानुसार राज्य सरकार द्वारा केस टू केस आधार पर प्रोत्साहन का विशेष रूप से कस्टमाइज्ड पैकेज प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किए जाने पर विचार किया जा सकता है। नीति के अंतर्गत पहले प्राविधान किया गया था कि इस प्रकार के आवेदन नोडल संस्था को प्रस्तुत किए जाएंगे और आवेदनों को उनकी आवश्यकता एवं विशेष महत्व की दृष्टि से समीक्षा की जाए। इसके लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समझौता समिति गठित की जाएगी, जिसके सदस्य सचिव सीईओ इन्वेस्ट यूपी होंगे। हालांकि अब इस प्राविधान में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार अब सीईओ इन्वेस्ट यूपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी प्राप्त प्रस्तावों का विशेष महत्व, अल्ट्रा मेगा श्रेणी के विषय पर परीक्षण करेगी। कमेटी विशेष पैकेज प्राप्त कराने की अर्हता के विषय में अनुशंसा कर सकेगी। इन्वेस्ट यूपी की संस्तुति के बाद विभाग द्वारा परीक्षण कराते हुए नीति के अंतर्गत गठित हाई लेवल इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के आधार पर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त पुराने प्राविधानों में कई अहम बातों का समायोजन किया गया है। जैसे अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नियोजन के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वाणिज्य कर विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पिकप के एमडी, यूपीसीडा तथा आवश्यकतानुसार अन्य प्राधिकरणों के सीईओ और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त या सीईओ इन्वेस्ट यूपी द्वारा नामित सदस्यों वाली समझौता समिति ऐसी परियोजनाओं को विशेष पैकेज दिए जाने के लिए अंतिम स्वीकार्यता हेतु मुख्यमंत्री को संस्तुति करेगी। नोडल संस्था आवेदक को पावती प्रमाण पत्र जारी करेगी और मेगा श्रेणी के प्रकरणों के लिए परिभाषित प्राविधों के अनुसार मूल्यांकन प्रक्रिया लागू होगी। इन सभी प्राविधानों को निरसित कर दिया गया है। इसके अलावा नीति में किए गए सभी प्राविधान पूर्व की तरह जारी रहेंगे।

# हाईटेंशन तार की चिंगारी से दो दर्जन के लगभग किसानों की फसल में लगी आग

**चित्रकूट।** हाईटेंशन तार के घर्षण से निकली चिंगारी से 100 बीघे में खड़ी लगभग दो दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जल्द ही सर्वे कराकर अग्निपीड़ितों को सहायता का आश्वासन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल हाईटेंशन विद्युत तार के घर्षण से निकली चिंगारी से जलकर राख हो गई। सूचना पाकर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौके पर पहुँचे और दमकल कर्मियों की सहायता से आग को बुझाया। अग्निपीड़ित किसान माताबदल ने बताया कि दोपहर में तेज हवा चलने के कारण हाईटेंशन विद्युत तार आपस में टकरा गई। जिससे निकली चिंगारी से लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल में आग लग गई। बताया कि अग्नि की चपेट में कुछ ऐसे किसान भी हैं जिनके पास मात्र इतनी ही गेहूँ की फसल थी कि परिवारों के भरण-पोषण में भी संकट आ सकता है। राजापुर एसडीएम प्रमोद झा ने बताया कि ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लेखपालों को लगाकर जली हुई फसल का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद अग्निपीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। अग्निपीड़ितों में ग्राम पंचायत गढ़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के माताबदल, मातादीन, भोला सिंह, शिवकुमार, शकुन्तला देवी, सुधा पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, अवधनरेश, रमेश, शिवप्रताप, सन्तोष, साधुराम, रामबाबू सहित दो दर्जन के लगभग किसान शामिल है।

# 851 बूथों से भारी तादाद में 29 को नामांकन में आयेंः बृजकिशोर गुप्ता

**चित्रकूट।** भाजपा की 48 बांदा लोकसभा की बैठक जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई। बतौर मुख्य अतिथि/बांदा लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल को जिताने की भाजपाइयों से अपील की। रविवार को लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने लोस चुनाव में जीत की रचना बताते हुये कहा कि जिले के सभी 851 बूथों पर 20 काम होने हैं। सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी व पालकों को मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर काम करना है। बूथों मे टिफिन बैठक कर पन्ना प्रमुखों की बैठक होनी है। लाभार्थियों से सम्पर्क कर पन्ना प्रमुखों की बैठकें करानी है। अन्य कार्यों को क्रियान्वित करने को भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने को संकल्पित हो। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि ये चुनाव भारत को विश्वगुरु बनाने का चुनाव है। आज दुनिया की निगाहे भारत के चुनाव पर हैं। सबको मिलकर पार्टी के निर्देशों को मानते हुये पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ सम्मेलन व 29 अप्रैल को नामांकन में सभी 851 बूथों से ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचना है। सांसद/लोस प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कहा कि वे भी भाजपा के छोटे कार्यकर्ता हैं। ये चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक अगुवाई में लड़ा जा रहा है। सबके साथ वे भी मोदी के हाथों को मजबूत करने को लगातार प्रयास कर रहे हैं। आगे भी करते रहेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, उम्मीदवार प्रमुख शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, रजना उपाध्याय, तीरथ तिवारी, अरविन्द रलिहा, सुशीला वर्मा, सुशील द्विवेदी, बद्री त्रिपाठी, जगदीश गौतम, जयप्रकाश पांडे, सुरेश अनुरागी, आदित्य, सुखेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा मोदी का तीसरा कार्यकालः डॉ. राजेश्वर सिंह

## ● मोहनलालगंज प्रत्याशी कौशल किशोर संग सरोजनीनगर विधायक ने हवन पूजन कर किया नगरीय एवं ग्रामीण केंद्रीय चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है, इसी बीच रविवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के साथ हवन-पूजन कर सरोजनीनगर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का श्री गणेश किया। सात चरणों में संपन्न हो रहे लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 20 मई को लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर वोट डाले जायेंगे, मोहनलालगंज से सपा और बसपा अपने प्रत्याशी उतार चुकी है, भाजपा ने वर्तमान सांसद और केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर पर एक बार फिर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी लगातार अपने चुनावी अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं, इसीक्रम में रविवार को दरोगाखेड़ा स्थित लोधी भवन में कौशल किशोर के सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र केंद्रीय चुनाव कार्यालय (ग्रामीण) तथा जैन भवन, निकट कोमल आइसक्रीम, हिन्दनगर में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र केंद्रीय चुनाव कार्यालय (नगरीय) का उद्घाटन हुआ।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह चुनाव राष्ट्रप्रथम की विचारधारा और परिवार प्रथम की विचारधारा के बीच की लड़ाई है, यह राम मंदिर जाने वाले रामभक्तों और अफगानिस्तान में बाबर के मकबरे पर जाने वाले राहुल गांधी और गाजीपुर जाने वाले अखिलेश यादव की विचार धारा के बीच की लड़ाई है, यह चुनाव सनातन पर आस्था रखने वालों और सनातन को मिटाने वाली, राम भक्तों पर गोली चलवाने वाली, धारा 370 हटाने का विरोध करने वाली विचाराधारा के बीच की लड़ाई है। सरोजनीनगर विधायक ने कहा कि कांग्रेस भारत के सबसे बड़े दुश्मन चीन का समर्थन करने वाली, हमारी धार्मिक मान्यताओं पर कुठाराघात करने वाली कम्युनिस्ट विचारधारा के साथ है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की विरोधी है।

सरोजनीनगर विधायक ने आगे जोड़ा कि एक समय था जब लखनऊ, अयोध्या और बनारस तक देश का कोई भी बड़ा शहर आतंकी धमाकों से अछूता नहीं था, आज अमित शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत की है, भारत आतंकियों को उनके घर में घुस कर मारने की ताकत रखता है, आज देश सुरक्षित है, देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी सैन्य महाशक्ति है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रसंशा करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा ने धारा 370 हटाई, जिसके बाद कश्मीर में शान्ति युग का सूत्रपात हुआ, किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रूपये की सम्मान निधि प्रदान की जा रही है, 4 करोड़ परिवारों को पक्की छत दी गयी, आगे 3 करोड़ अतिरिक्त परिवारों को प्रधानमंत्री आवास दिया जायेगा, 80 करोड़ लोगों तक फ्री राशन पहुंचाने की स्कीम को आगे 5 साल के लिए बढ़ाया जायेगा। महिलाओं, किसानों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए, देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए, भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए फिर से नरेंद्र मोदी को 400 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत दिलाना है।

कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि 18 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, दुनिया के 190 देशों में कुल जनसँख्या भी भाजपा कार्यकर्ताओं की संख्या से कम है। कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे मजबूत कड़ी है, कार्यकर्ताओं पर प्रचंड गर्मी में वोटर्स को मतदान केंद्र तक लाने और भाजपा के पक्ष में मतदान कराने की जिम्मेदारी है। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को प्रत्याशी मानकर चुनाव लड़े, तब मोहनलालगंज में भाजपा जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ सकेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू', पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, पार्षद सौरभ सिंह मोनू, कौशलेंद्र द्विवेदी, कमलेश सिंह, बृजमोहन शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव, के के अवस्थी, बलीराम विश्वकर्मा, रमा शंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र बाजपेई, पुष्कर शुक्ला, गोविन्द पांडेय, कर्नल दया शंकर दुबे, राजेश सिंह चौहान, शंकरी सिंह, गंगा राम भारती, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत एवं शिव बक्श सिंह, मोहित तिवारी, भुवनेन्द्र सिंह मुन्ना, रणजीत रावत एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इब्राहिमगंज में लगा 69वां आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर

रविवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा इब्राहिमगंज में आपका विधायक आपके द्वार जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान ग्राम वासियों की समस्याएँ सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया, साथ ही ग्रामवासियों को विधायक राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित विकास योजनाओं से अवगत कराया गया। बता दें कि सरोजनीनगर विधायक द्वारा प्रत्येक रविवार एक ग्राम पंचायत में जनसुनवाई शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान किया जाता है, जिसमें विधायक की टीम पूरा दिन उपस्थित रहती है। इब्राहिमगंज में आयोजित आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई के दौरान टीम राजेश्वर के साथ ग्राम प्रधान वकील अहमद एवं भाजपा बूथ अध्यक्ष जय सिंह भी उपस्थित रहे।

# होम्योपैथी को प्रथम पंक्ति की चिकित्सा पद्धति के रूप में मिलेगी वरीयता:चटर्जी

## होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन का मनाया गया 269वां जन्मदिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



**आइडियल** होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन प्रयागराज की ओर से जीरो रोड स्थित एक होटल में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन का 269 वां जन्मदिवस मनाया गया।जिसमें सर्वप्रथम डॉ सैमुअल हैनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कमिश्नर बादल चटर्जी ने कहा की होम्योपैथी आने वाले समय में प्रथम पंक्ति की चिकित्सा पद्धति के रूप में वरीयता मिलेगी। उन्होंने होम्योपैथिक की विशेषताओं के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ गौरी शंकर रहे। मुख्य वक्ता डॉ के के श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज मैटेरिया मेडिका के बहुत अच्छे अध्यापक रहे हैं। उन्होंने डॉ गौरी शंकर की बातों का समर्थन किया और अपने चिकित्सकीय अनुभव को साझा करते हुए बताया कि बहुत तेज बुखार होने पर बेलाडोना अचानक बीमारी होने पर एकोनाइट आदि का अगर उपयोग किया जाए तो अवश्य सफलता मिलती है। तकनीकी सत्र में डॉ जी के शांगलू आदि ने अपने अपने चिकित्सीय अनुभव साझा किये। डॉक्टरों ने बताया कि यदि लक्षणों को ध्यान में रखकर दवाएं दी जाएं तो रोग नियंत्रण में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त होती है। डॉ विकास यादव ने आई एच डब्ल्यूओ के बारे में जानकारी देते हुए होम्योपैथिक के प्रचार प्रसार पर जोर देने का संकल्प दोहराया। सचिव डॉ संतोष कुमार यादव ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। अध्यक्ष डॉ आनंद प्रकाश सिंह ने कुशल चिकित्सक की सलाह पर ही होम्योपैथिक दवाई लेने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डॉ राजेश श्रीवास्तव ने की। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ भंवर सिंह ने सभी आगंतुक चिकित्सकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ राजेश सिंह डॉ पुष्पेंद्र शर्मा डॉ जफर डॉ अखिल निगम डॉ पंकज विश्वकर्मा डॉ आर के सोनी डॉ अंकित जायसवाल डॉ सुनील पटेल डॉ सी यादव विनोद कुमार यादव आदि सम्मानित चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

## बैठक में अनुपस्थित अधिशासी अभियन्ता के एक दिवस के वेतन भुगतान पर लगी रोक

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचनए2024 को निष्पक्षए सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के मकसद से जिले के समस्त मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधायें पूर्ण कराने हेतु समीक्षा बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान बूथ वाले विद्यालयों में आवागमन के दृष्टिगत रास्तों को ठीक करा लिया जायेए ताकि मतदाताओं के साथ ही वाहनों के आने.जाने में किसी प्रकार की समस्या न होए बूथों पर पीने के पानीए शौचालयए फर्नीचर आदि व्यवस्थाओं को मतदान दिवस के पहले ही सुचारू रूप से पूर्ण करा लिया जायेए इस कार्य में सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पूरी क्षमता के साथ लगकर निर्वाचन से जुड़े कार्यों को समय से पूरा कर लेंए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड राबर्ट्सगंज के एक दिवस के वेतन आहरित करने पर रोकने के निर्देश दियें। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को सौपें गये कार्यों के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा.निर्देश देने के साथ ही मतदान दिवस के पहले ही अपनी पूरी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा के स्कूलों में स्थापित बूथों पर विद्युत व्यवस्थाए शौचालयए रैम्प आदि व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी हैए के सम्बन्ध में प्रमाण.पत्र प्राप्त करने के निर्देश भी दियेंए ताकि मतदान दिवस के दिन मतदाताओं व कार्मिकों को अव्यवस्था का सामना न करना पड़ें। एक्सीयन विद्युत विभाग को उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खराब पड़े ट्रांसफार्मरों को जल्द ही बदलवा दिया जाये और विद्युत व्यवस्था को ठीक कर लिया। बूथ वाले विद्यालयों में लगाये जा रहे सी0सी0टी0वी0 कैमरा व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा की और निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर कैमरा लगाने का कार्य अधूरा हैए उसे पूर्ण कर लिया जाये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 सहदेव कुमार मिश्रए अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंहए उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंहए उप जिलाधिकारी ओबरा अजय कुमार सिंहए उप जिलाधिकारी दुद्धी सुरेश रायए सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेलए तहसीलदार सदर सुशील कुमारए ई0डी0एम0 दिव्यतोष मिश्राए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठकए जिला पंचायत राज अधिकारीए निर्वाचन कार्यालय के सुनील कुमार श्रीवास्तवए राजकुमार उपस्थित रहें।

### मतदाताओं को जागरूक कर रहीं है पंचायत राज विभाग की टीम

सोनभद्र। लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 के तहत जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देश पर एवं मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार के मार्गदर्शन में पंचायत राज विभाग की टीम प्रत्येक दिन 67 न्याय पंचायत के 67 बूथ पर लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने का निर्देश दिया गया है। सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए जिले की पंचायत राज विभाग की पूरी टीम एक्टिव हो गई है। रविवार को सभी विकास खण्डों के 67 न्याय पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें कर्मचारी घर.घर जाकर लोगों को आगामी 1 जून को मतदान किए जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारी स्वीप ने बताया की उन बूथों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जा रही है जिन बूथों पर पिछले विधानसभा एवं लोकसभा में मतदान प्रतिशत कम थेए ऐसे बूथों को चिन्हित कर उन बूथ पर मतदाताओं को मतदान के लिए शपथ दिला करए रैली निकाल कर तथा घर.घर जाकर लोगों को आगामी 1 जून को होने वाले मतदान में अपना वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# फूलपुर में खिलेगा समृद्धि का कमल: प्रवीण पटेल




प्रयागराज। लोकसभा फूलपुर भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल धर्मपत्नी गोल्डी पटेल के संग विधानसभा फूलपुर फाफामऊ और सोरांव विधान सभा चुनाव कार्यालय वैदिक रीति रिवाज से उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में फूलपुर में प्रचंड बहुमत के साथ समृद्धि का कमल का फूल खिलेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कविता पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता की मेहनत और निष्ठा के कारण हम सभी मिलकर लोकसभा फूलपुर प्रत्याशी प्रवीण पटेल को भारी बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजने का काम करेगें। लोकसभा संयोजक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रवीण पटेल बहुत ही सरल व्यक्तित्व और बहुत ही परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बीच निरन्तर बने रहने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विकास की रथ से लोकसभा फूलपुर को और अधिक समृद्धि बनाने का काम करेगें। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव प्रभारी बालेन्दु मणि त्रिपाठी विधान सभा चुनाव संयोजक तुलसी राम सरोज मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी गंगापार मीडिया प्रभारी बृजेश त्रिपाठी आनंद वैश्य सुदर्शन विधान सभा प्रभारी प्रशांत केशरी पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय कन्हैया लाल पाण्डेय पार्षद आरती कुशवाहा विधान सभा सोरांव चुनाव संयोजक आर पी पटेल विधान सभा चुनाव प्रभारी शिव कुमार चौरसिया सदस्य विधान परिषद निर्मला पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुरस्कार वितरण के साथ हुआ अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन



**बीजपुरध्सोनभद्र।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के रिहंद इकाई में 14 अप्रैल से मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन 20 अप्रैल की सायं अग्निशमन सेवा केन्द्र पर बल के हैरतअंगेज कारनामों व पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।कार्यक्रम में एनटीपीसी रिहंद के मुख्य महाप्रबंधक पंकज मेंदीरत्ता ने सीआईएसएफबल के जवानों व अग्निशमन सेवा बल के जवानों की सराहना करते हुए उपस्थित जन समुदाय से अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव एवं अग्नि सुरक्षा नियमों को अपनाने का आह्वान किया। रिहंद इकाई के उप समादेष्टा प्रदीप कुमार ने लोगों को आगाह किया कि आग से हुए नुकसान की भरपाई सम्भव नहीं हैए आग जानलेवा हैएलेकिन इसका उपयोग सावधानीपूर्वक करके हम सभी आग लगने को रोक सकते हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम के शुरुआती दौर में निरीक्षक के0के0 सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। निरीक्षक अवधेश कुमार के निर्देशन में अग्निशमन शाखा के बल के जवानों ने आग बुझाने व आग पर काबू पाने के हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन कर के दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुख्य अतिथि श्री मेदीरत्ता व सह अतिथियों द्वारा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य रूप से सी जी एम एफजी डी देवदत्त सिन्हाए महाप्रबंधक डी सी प्रदीप कुमार विभिन्न यूनियन व एशोसिएशन के प्रतिनिधि बल के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## मानव सेवा के लिए की गई है ब्रिगेड की स्थापना



प्रयागराज। केंद्रीय चिकित्सालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में सेंट जॉन एम्बुलेंस बिग्रेड प्रयागराज का वर्ष 2023 24 का वार्षिक निरीक्षण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप आयुक्त और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। उन्होंने ब्रिगेड सदस्यों द्वारा आयोजित परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। उन्होंने कहा कि ब्रिगेड की स्थापना मानव सेवा के लिए की गई है यह एक स्वयं सेवी संस्था है जो रेल कर्मचारियों द्वारा निःस्वार्थ भाव के साथ रेल परिसर में यात्रियों घायलों अशक्तों को प्राथमिक चिकित्सा उपचार प्रदान करती है। इस दौरान वित्तीय वर्ष में ब्रिगेड द्वारा किए गये कार्यों पर एक भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन कोर कमांडर प्रशासन एम के कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। उन्होंने ब्रिगेड के कार्यों की सराहना करते हुए ब्रिगेड के स्वयंसेवकों की प्रसंशा की।डिवीजनल कमांडर मेडिकल डॉ आशीष अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष में ब्रिगेड द्वारा किये गये कार्यों की उपलब्धियों का विवरण सभी अधिकारियों एवं सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिनेश कुमार ने भी संबोधित किया।

# हाईस्कूल-इण्टर परीक्षा में ज्वाला देवी सिविल लाइंस के छात्रों ने लहराया परचम

## हाईस्कूल में राज सिंह ने प्रदेश में अर्जित किया पहला स्थान

## इंटर में अभ्युदय मिश्र एवं अंश सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पाया प्रथम स्थान







**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स के छात्रों ने हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 में विद्यालय के छात्रों ने अपनी मेधा का डंका बजाते हुए अभूतपूर्व परिणाम दिया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। गत वर्षों की भांति सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। ज्वाला देवी स्कूल सिविल लाइंस के छात्रों ने हाईस्कूल की परीक्षा में परचम लहराया है। छात्र राज सिंह ने 97ण्83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मीडिया प्रभारी सरोज कुमार दुबे ने बताया कि शिवेन्द्र सिंह ने 97ण्33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां तथा विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नितिन मिश्रा ने 97ण्17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां तथा विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के 40 छात्र छात्राओं में से 90 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं इंटर में अभ्युदय मिश्र एवं अंश सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाश्वत मिश्र ने 92ण्6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर आदर्श सिंह एवं अतुल कुमार भारतीया 92ण्4 प्रतिशत अकों के साथ प्रथम रहे। विद्यालय के 306 छात्रों मे से 90 प्रतिशत छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर ससम्मान इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने सभी छात्रों को बधाई दी। विद्यालय के प्रथम दस स्थान प्राप्त छात्रों में अभ्युदय मिश्र अंश सिंह शाश्वत मिश्र आदर्श सिंह अ त ु ल कुमार भारतीयाअमन सिंहाशांक शेखर त्रिपाठी आरव सिंह कृष्ण कान्त पाण्डेय प्रियांशु शर्मा अमन सिंह शिवेन्द्र सिंह ओम नारायण शामिल रहे।विद्यालय के विशाल सभागार में बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ सफलता अर्जित करने वाले भैया बहनों को काशी प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री डा राम मनोहर विद्या भारती काशी प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी द्वारा मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक डा संजय सिंह अध्यक्ष च्यवन भार्गव कोषाध्यक्ष सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार व्यवस्था प्रमुख दीपक यादव सरोज कुमार दुबे उपस्थित रहे।

# यू पी बोर्ड के मेधावी किए गए सम्मानित



**अंबेडकर नगर ।** यू पी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट का परिणाम आने के उपरांत जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा जनपद अंबेडकर नगर से हाई स्कूल में ममता वर्मा पुत्री लक्ष्मीकांत वर्मा 97ण्83 प्रतिशत के साथ प्रदेश में चौथा स्थानए हिमांशु उपाध्याय पुत्री विजय कुमार उपाध्याय 97.17: के साथ प्रदेश में आठवां स्थानए सुमन पुत्री मनोज कुमार 97.17 प्रतिशत के साथ प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद अंबेडकरनगर से सेजल श्रीवास्तव पुत्री सदानंद श्रीवास्तव 96ण्80: के साथ प्रदेश में 6वा स्थानए संचिता पुत्री अवधेश कुमार 96ण्60 प्रतिशत के साथ प्रदेश में सातवां स्थानए अंशिका यादव पुत्री जवाहरलाल 96.60 प्रतिशत के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली सभी छात्रएछात्राओं को जिलाधिकारीए पुलिस अधीक्षक एमुख्य विकास अधिकारी ए अपर पुलिस अधीक्षकएअपर जिलाधिकारीए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा माला पहनकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा छात्र.छात्राओं को प्रदेश में टॉप टेन प्राप्त करने के लिए बधाई दी गई। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह से प्रदेश में उच्च स्थान प्राप्त कर अपने माता.पिताएजिलेध्प्रदेश का नाम रोशन करें। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉण् कौस्तुभए मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनए अपर जिलाधिकारी डॉण् सदानंद गुप्ताएजिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंहए जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदीए प्रधानाचार्य सुमित्रा देवीए प्रियंका तिवारी तथा संबंधित विद्यालय के अध्यापकए अभिभावक उपस्थित रहे।

# एसडीएम की सख्ती से सकलडीहा में बूथों का करा दिया गया दुरूस्त



**सकलडीहा**ध्चन्दौली ।उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा बीते तीन दिन पूर्व सकलडीहा में कई बूथों का तहसीलदार सहित जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बूथों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान बूथों पर खामी पाये जाने पर दो अधिकारी के निलंबन का निर्देश दिया था। अधिकारी के निर्देश के बाद खलबली मच गया था। रविवार तक विभागीय अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए बूथों की खामिया दूर करने पर अधिकारियों ने राहत की सांस लिया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा की ओर से लगातार बूथों को दुरूस्थ कराने के लिये निरीक्षण किया जा रहा है।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा तहसीलदार राहुल सिंह नायब तहसीलदार अमित सिंह जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सकलडीहा कंपोजिट विद्यालयए प्राथमिक विद्यालय प्रथमएईटवाए दुर्गापुरए तेन्दुई सहित अन्य कई बूथों का बीते शुक्रवार को निरीक्षण किया गया था। कंपोजिट विद्यालय सकलडीहा में ईटों का ढ़ेर सहित अन्य खामिया पाया गया था। इसके अलावा तेन्दुई में शौचालय की साफ सफाई और लटकते तार को देखकर एसडीएम ने अधिकारियों को फटकार लगाया था। इसके अलावा दुर्गापुर और ईटवा में बाउंड्री व साफसफाई नही होने पर नाराजगी जताया था। जिसे लेकर दो अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई का निर्देश दिया था। एसडीएम के सख्त तेवर को लेकर खलबली मच गया था। दो दिनों के अंदर मौके पर विभागीय अधिकारी पहुंचकर सभी बूथों को सही कराने पर अधिकारियों ने राहत की सांस लिया। एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि बूथों पर किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगा। इस मौके पर बीडीओ केके सिंहए बीईओ अवधेश कुमार रायए सचिव पवन दूबेए प्रधानाध्यापिका उर्मिला देवी सहित अन्य रहे।

# डीएम ने नामांकन कक्ष स्थापना का लिया जायजा

अंबेडकरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा निष्पक्षएपारदर्शी चुनाव कराने हेतु नामांकन कक्ष स्थापित करने हेतु जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष एनिर्वाचन कार्यालय परिसरए जिलाधिकारी परिसरए अपर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर का जायजा लिया गया। जिसमें सुरक्षा व्यवस्थाए बैरी केटिंग तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिया गया। जिससे नामांकन के समय आने वाले प्रत्याशियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनए उप जिला निर्वाचन अधिकारीएअपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ताए अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेए उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवालए क्षेत्राधिकारीएजिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी एकर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# विधानसभा के बूथों तक संपर्क करना शुरू कर दें जिलाध्यक्ष



**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी के नेतृत्व में क्रमश: पांच चरणों में बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रभारी काशी क्षेत्र ध् प्रदेश महामंत्री ध् राज्यसभा सांसद मा0 अमरपाल मौर्य जी रहे । प्रथम चरण में लोकसभा कोर कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधि अपने दृ अपने विधानसभा के बूथों तक संपर्क करना शुरू कर दें तथा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनता को सरकार की योजनाओं से अवगत कराएं । साथ में अनेक संगठनात्मक बातों पर चर्चा किया । इसी क्रम में द्वितीय चरण में लोकसभा प्रबंधन समिति बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी जी द्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए जीत का मंत्र दिया तथा बताया कि आप सभी चुनाव अभियान के प्रथम कड़ी है । आप लोगों के माध्यम से ही कार्यकर्ता प्रेरित होकर जन दृ जन से सम्पर्क करेंगे और उनकी मेहनत के बदौलत ही पार्टी चुनाव में पहले से शानदार प्रदर्शन करेगी । भारतीय जनता पार्टी विकास के बल पर ही चुनाव लड़ती है । केंद्र और प्रदेश की सरकार जनता के हित के लिए कार्य की है ।के साथ दृ साथ अन्य संगठनात्मक बातों को बताया । तत्पश्चात् सभी मोर्चों की बैठक के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष तथा उनकी टीम प्रत्येक विधानसभा में अपना दृ अपना बैठक कर मोर्चा को मजबूत करें ।खास तौर पर युवा मोर्चाए महिला मोर्चाए पिछड़ा मोर्चाए अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी अतिशीघ्र अपना बैठख सम्पन्न करें । इसी प्रकाश आगे चतुर्थ चरण की बैठक में जिला प्रभारीए लोकसभा प्रभारीए जिलाध्यक्ष व लोकसभा संयोजक के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव दृ 2024 की जीत के लिए संगठनात्मक चर्चा किया और योजनाएं बनाया । अंतिम चरण में मा0 मुख्य अतिथि अमरपाल मौर्य पार्टी के सभी ब्लॉक प्रमुखए नगर पालिका ध् पंचायत चेयरमैन के साथ भी बैठक किया । बैठक के संयोजक ध् संचालन लोकसभा संयोजक दिनेश वर्मा ने किया । उक्त बैठक में जिला प्रभारी सरोज कुशवाहाए लोकसभा प्रभारी रविन्द्र नाथ पाठकए मा0 विधायक नगर पं0 रत्नाकर मिश्रए मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेलए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरीए डीसीएफ चेयरमैन विजय कुमार वर्माए क्षेत्रीय मंत्री गुलाब पासीए जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेलए रवि शंकर पाण्डेयए जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंहए अमित कुमार पाण्डेयए जिलामंत्री हेमन्त त्रिपाठीए कौशल श्रीवास्तवए नितिन गुप्ताए गौरव ऊमरए ज्ञान प्रकाश दूबेए शिव शरण रायए प्रणेश प्रताप सिंहए आनन्द मैनीए अमित कुमार सिंह के साथ मोर्चा अध्यक्ष दिनेश सिंह किसान मोर्चा जिलाध्यक्षए आभा पटेल महिला मोर्चा जिलाध्यक्षए सिद्धार्थ मिश्र मोंटी भाजयुमो जिलाध्यक्षए राम कुमार विश्वकर्मा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्षए राजेश कुमार अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्षए राजन वर्मा एस0टी0 मोर्चा जिलाध्यक्ष के साथ फोरम के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया ।

# केजरीवाल का स्वास्थ्य

## राजनीति का विषय

**अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य** राजनीति का विषय बन गया है। इससे राजनीति की इस स्तर तक गिरावट स्पष्ट है जहां राजनीतिक लाभ के लिए जीवन को दांव पर लगाया जा सकता है। राजनीति के क्षेत्र में प्रशासन और जन-कल्याण को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए, लेकिन यहां यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति उभर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित घटनायें इस प्रवृत्ति का उदाहरण हैं। यहां स्वास्थ्य संकट एक प्रकार से 'नायकत्व' का प्रतीक बन गया है और स्वास्थ्य समस्याओं को संबोधित करने के बजाय यह संकुचित राजनीतिक विमर्श विकसित करने के काम आ रहा है। प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल जानबूझ कर उच्च शर्करा वाला भोजन ले रहे हैं ताकि अपनी जमानत का आधार तैयार कर सकें। लेकिन केजरीवाल की सहयोगी आतिशी ने इसे खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि जेल में बंद मुख्यमंत्री को आवश्यक इंसुलिन तथा घर में बने खाने से वंचित करने के लिए एक षडयंत्र किया गया है जिससे उनका जीवन भी संकट में पड़ सकता है। दोनों दावे एकदम विपरीत होने के बावजूद स्वास्थ्य संकट का राजनीतीकरण रेखांकित करते हैं। सत्ता की राजनीति में जहां नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है, अब मानव जीवन की पवित्रता की भी अनदेखी होने लगी है। ऐसे में किसी व्यक्ति की बेहतरी के बजाय संकुचित लाभ के लिए उसके संकटों का लाभ उठाया जा रहा है। ऐसा विमर्श न केवल राजनीतिक विमर्श की निष्ठा पर, बल्कि प्रशासन से जुड़े लोगों की नैतिकता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। ईडी ने जोर दिया है कि केजरीवाल जानबूझ कर अपने स्वास्थ्य से छेड़छाड़ कर रहे हैं ताकि उसका कानूनी लाभ उठाया जा सके। इससे पता चलता है कि कोई राजनेता अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिए किस सीमा तक गिर सकता है। इससे वह संस्कृति रेखांकित होती है जहां लोगों के व्यक्तिगत संघर्षों को राजनीतिक लाभ के लिए हथियार बना दिया जाता है। इसके उलट, केजरीवाल का जीवन संकट में डालने के आतिशी के आरोपों से बेलगाम राजनीतिक लफ्फाजी के खतरनाक परिणाम रेखांकित होते हैं। यदि बिना किसी प्रमाण के हत्या के प्रयास के आरोप लगाए जाते हैं तो इससे न केवल अविश्वास के बीज उगते हैं, बल्कि ऐसे जघन्य अपराधों की गंभीरता भी कम होती है।



मुख्य रूप से 'केजरीवाल प्रकरण' राजनीति का गहरा संकट रेखांकित करता है जहां मानव गरिमा पर राजनीतिक सुविधा को वरीयता मिलती है। सत्ता और प्रभाव की अथक खोज में अक्सर निहित स्वार्थों की बलिवेदी पर मानव जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य बलिदान कर दिए जाते हैं। इस प्रकार संवेदना और गरिमा की कमी न केवल लोकतंत्र का ढांचा कमजोर करती है, बल्कि नागरिकों के मूलाधिकारों व स्वतंत्रताओं को भी खतरे में डालती है। मामले में सच और झूठ पर ज्यादा गौर किए बिना सभी लोगों की तरह केजरीवाल को भी सर्वोत्तम इलाज मिलना चाहिए, भले ही यह बीमारी स्वयं उनके द्वारा पैदा की गई हो। राजनीति के प्रति निष्ठा को बढ़ावा देने के लिए राजनेताओं को अपनी प्राथमिकतायें पुन: निर्धारित कर उनमें सद्भावना, निष्ठा तथा जवाबदेही को प्राथमिकता देनी चाहिए। व्यक्तियों के कल्याण को कभी 'राजनीतिक दांवपेंच' का आधार नहीं बनने देना चाहिए। राजनेताओं को हर नागरिक की गरिमा व बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए, भले ही उसका राजनीतिक जुड़ाव कुछ भी हो। 'केजरीवाल प्रकरण' मानवता को कुचल कर राजनीति करने के जोखिम की ओर संकेत करता है।

# सूकी की सुरक्षा पर संकट

**आंग सान सूकी की सुरक्षा पर ऐसे समय संकट मंडरा रहा है, जब म्यांमार में सैनिक शासक पराजय की कगार पर पहुंच गए हैं। भारत सरकार पूरे घटनाक्रम पर गहरी नजर रखे है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार में लोकतांत्रिक चुनाव से निर्वाचित आंग सान सूकी के जेल में बंद होने या अपने ही घर में नजरबंद होने के बारे में अफवाहों का बाजार गर्म है। आंग सान सूकी की सुरक्षा पर ऐसे समय संकट मंडरा रहा है, जब म्यांमार में सैनिक शासक पराजय की कगार पर पहुंच गए हैं। न्यूज़ वेबसाइट 'द इरावडी' ने 'नैपीटा व यंगून में विश्वस्त सूत्रों' का संदर्भ देते हुए कहा है कि म्यांमार में लोकतांत्रिक संघर्ष की प्रतीक 78 वर्षीय आंग सान सूकी तथा देश की लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार के जेल में बंद 72 वर्षीय राष्ट्रपति विन मिंट जेल में बंद हैं। इनको 1 फरवरी, 2021 में हुए सैनिक विद्रोह के बाद सत्ता से हटा दिया गया था। वेबसाइट की उच्च स्तरीय विश्वसनीयता को देखते हुए यह बात वास्तव में सही हो सकती है। इस संबंध में उसके द्वारा दी गई खबर को भी विश्वसनीय माना जा रहा है। लेकिन 16 अप्रैल की दोपहर के बाद से स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, जब सरकार-समर्थक मीडिया ने कहा कि दोनों को नए ठिकाने पर ले जाया गया है।

इसके बाद सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जा मिन तुन ने वीओए व बीबीसी की बर्मा सेवाओं को बताया कि 'मौसम के बहुत अधिक गरम होने के कारण न केवल डा आंग सान सूकी और यू विन मिंट, बल्कि कुछ अन्य वृद्ध बंदियों की आवश्यक देखभाल की जा रही है।' लेकिन उसने यह नहीं बताया कि क्या सूकी को एक नए स्थान पर ले जाया गया है। जब मीडिया संगठनों ने ज्यादा सूचनाओं के लिए उन पर दबाव डाला तब भी उन्होंने कोई विस्तृत विवरण नहीं दिए। इस बात के कोई फोटोग्राफिक या अन्य प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं जिनमें उनको 'हाउस अरेस्ट' में ले जाने का विवरण मिलता हो। लेकिन इसके बावजूद स्थानीय व अंतरराष्ट्रीय स्रोत तथा खबरिया एजेंसियां उनके हाउस अरेस्ट के बारे में खबरें प्रसारित करते रहे।

लेकिन यह सच नहीं है। आंग सान सूकी के बेटे किम एरिस ने एक ब्रेकफास्ट इंटरव्यू के दौरान 'स्काई न्यूज़' के के बर्टले को बताया, 'वे हाउस अरेस्ट की बात करते हैं। लेकिन सूकी के पास केवल एक घर है और वे वहां नहीं हैं।' सैनिक शासक तथा उनके प्रवक्ता के रूप में काम करने वाली खबरिया एजेंसियों की अत्यधिक अविश्वसनीयता को देखते हुए यह भ्रम बना रहने की संभावना है। शायद दोनों जानबूझ कर इस बारे में भ्रम बने रहने देना चाहते हैं। यदि वास्तव में ऐसा है तो सवाल उठता है कि इस कृत्य के पीछे उनका क्या उद्देश्य है? इसका सर्वाधिक उपयुक्त जवाब यह छवि बनाना हो सकता है कि सैनिक शासक उनकी देखभाल कर रहे हैं। लेकिन ऐसा अचानक क्यों बताया जा रहा है? कुछ समय से खबरें आ रही थीं कि आंग सान सूकी जेल में बहुत बीमार हैं और सैनिक शासक उनको आवश्यक चिकित्सकीय सहायता नहीं दे रहे हैं। यह अनुमान भी लगाया जा रहा है कि सैनिक शासक सूकी की जेल में हत्या करवा कर यह दावा कर सकते हैं कि उनकी मौत वृद्धावस्था या अन्य किसी प्राकृतिक कारण से हो गई है।

जो भी हो, वर्तमान प्रकरण से स्पष्ट है कि जनरल यह छवि बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि यदि सुश्री सूकी के साथ कोई अवांछित घटना हो जाती है तो वे उसके जिम्मेदार नहीं होंगे। इसका एक और कारण सैनिक शासकों के बीच व्याप्त मतभेद हैं। ये मतभेद बढ़ रहे हैं और सैनिक शासकों का एक वर्ग सुश्री सूकी के साथ समझौता कर देश में व्याप्त गृह युद्ध समाप्त करवाना चाहता है। सैनिक शासक गृह युद्ध में लगातार पराजित हो रहे हैं और वे इस स्थिति से बाहर निकलना चाहते हैं। म्यांमार सेना का असली नाम टटमाडा के बजाय सिट-टैट है और वह निकट भविष्य में ही पराजित होने वाली है। विपक्षी 'थ्री ब्रदरहुड एलायंस' द्वारा 27 अक्टूबर, 2023 से छेड़े वर्तमान युद्ध में सरकारी सेनायें एक के बाद दूसरी पराजयों का सामना कर रही हैं। इस युद्ध को 'आपरेशन 1027' का नाम दिया गया है। सैनिक शासकों की नवीनतम पराजय 11 अप्रैल, 2024 को म्यावाडी को खो देना है जो एक महत्वपूर्ण सीमान्त कस्बा है। करेन नेशनल लिबरेशन आर्मी-केएनएलए व करेन नेशनल आर्मी के हाथों हुई यह पराजय सैनिक शासकों की सर्वाधिक अपमानजनक पराजय है, जबकि पराजयों का सिलसिला एलायंस के वर्तमान आपरेशन के बाद से ही शुरू हो गया था। म्यावाडी म्यांमार के पूर्वी सिरे पर थाईलैंड की सीमा के निकट प्रमुख व्यापार केन्द्र है। यहां से होकर गुजरने वाला कुल आयात और निर्यात 2023 में 1 बिलियन डालर था। इसे दक्षिण-पूर्व आशियान देशों के लिए म्यांमार का प्रवेश द्वार भी माना जाता है।

बताया जाता है कि म्यांमार के सैनिक शासक एक जवाबी युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अभी यह तय नहीं है कि इसकी शुरुआत होगी। यह भी देखना होगा कि यदि ऐसा कोई जवाबी युद्ध शुरू हो जाता है तो भी वह किस सीमा तक सफल होगा। लेकिन यदि यह सफल हो जाता है तो भी आशंका है कि क्या सिट-टैट शहर पर फिर कब्जा करने के बाद इसका कब्जा अपने पास बनाए रखने में सफल होगा। लेकिन इन सबके बावजूद केवल यह एक युद्ध व्यापक रूप से चल रहे गृह युद्ध में कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभा सकेगा। वर्तमान समय में म्यांमार के सैनिक शासक एक व्यापक जन-विद्रोह का सामना कर रहे हैं। अपने मौजूदा चरण में गृह युद्ध पूरी तरह विद्रोही सैनिक एलायंस के पक्ष में है। इस एलायंस में उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी-एमएनडीएए की प्रमुख भूमिका है। म्यांमार के सैनिक शासक के खिलाफ एलायंस में शान राज्य में सक्रिया टांग नेशनल लिबरेशन आर्मी-टीएनएलए तथा देश के पश्चिमी भाग में राखीन राज्य में सक्रिय अराकान आर्मी-एए भी शामिल हैं। म्यांमार में सैनिक शासक के खिलाफ जन-विद्रोह में शामिल विभिन्न राष्ट्रीय मुक्ति सेनाओं के बीच निकट समन्वय स्थापित है। म्यांमार की अपदस्थ लोकतांत्रिक सरकार ने एक निर्वासित सरकार बनाई है तथा उसकी सशस्त्र शाखा भी सैनिक शासन के खिलाफ जन-विद्रोह व विभिन्न सैनिक गतिविधियों में समन्वय बनाने का प्रमुख काम कर रही है। विपक्षी सरकार की सैनिक शाखा पीपुल्स डिफेंस फोर्स-पीडीएफ म्यांमार के सैनिक शासन के खिलाफ सक्रिय अनेक नस्ली सेनाओं के साथ ही केएनएलए व केएलए के साथ समन्वय बना रही है।

म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ चल रहे व्यापक व तेज गृह युद्ध की स्थितियों पर गौर करें तो अनेक चीजें स्पष्ट होती हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में एए ने देश के पूरे राखीन राज्य पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। 1 अप्रैल तक उसने सैनिक शासकों द्वारा संचालित सेना सिट-टैट के 170 शिविरों और चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही उसने सरकारी सेना के अनेक बड़े अड्डों, बटालियन मुख्यालयों तथा प्रशिक्षण सुविधाओं पर भी कब्जा कर लिया है। अत्यधिक महत्वपूर्ण रूप से अराकान आर्मी-एए ने 15 जनवरी, 2024 को पलेटवा के महत्वपूर्ण कस्बे पर कब्जा कर लिया था। यहां चीन एक बंदरगाह तथा 1,600 हेक्टर क्षेत्र में फैले विशेष आर्थिक क्षेत्र का विकास कर रहा था।

एए के कब्जे के बाद अब चीन की इन परियोजनाओं का निर्माण असंभव हो गया है। चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से म्यांमार में लोकतांत्रिक सत्ता का तख्ता उलटने तथा आंग सान सूकी की गिरफ्तारी के बाद से ही म्यांमार के सैनिक शासक का समर्थन कर रहा है और देश के विशाल भूभाग पर अपनी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कब्जा करना चाहता है। चीन की इस विशाल परियोजना को गहरा धक्का देने के साथ ही अराकान आर्मी सितवे पर भारी दबाव डाल रही है। सितवे एक महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर है। एए ने पहले इस महत्वपूर्ण कस्बे के आसपास बसे छोटे महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा किया और सड़कों तथा जलमार्गों के माध्यम से सितवे तक पहुंच को काट दिया है। म्यांमार में जारी गृह युद्ध को देखते हुए भारत ने अप्रैल, 2024 की शुरुआत में ही यंगून से अपने कौंसुलेट कर्मचारियों को हटा दिया था।

पहले यह सोचा जाता था कि अपरिहार्य होने के बावजूद म्यांमार के सैनिक शासन का पतन होने में लंबा समय लगेगा। लेकिन अब ऐसा लगता है कि म्यांमार सैनिक शासन का पतन अनुमानित समय के बहुत पहले ही हो जाएगा। भारत ने हमेशा म्यांमार में लोकतांत्रिक सरकार तथा वहां लोकतांत्रिक संघर्ष की प्रतीक आंग सान सूकी का समर्थन किया है। ऐसे में भारत सरकार की स्वाभाविक रूप से म्यांमार में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर नजर है।

# प्लास्टिक से भी ज्यादा खतरनाक माइक्रोप्लास्टिक

**डॉ सुशील द्विवेदी**
(लेखक, पर्यावरण मामलों के जानकार हैं)



पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन पृथ्वी और इसके पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने का प्रतीक है। पहला पृथ्वी दिवस मनाने की शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिकी सीनेटर गेराल्ड नेल्सन ने की जिसमें लगभग दो करोड़ अमेरिकियों ने पृथ्वी दिवस के पहले आयोजन में हिस्सा लिया था.तब से हर साल पृथ्वी दिवस का आयोजन एक विशेष थीम के साथ 22 अप्रैल को होता आ रहा है इस वर्ष 2024 की थीम, गृह बनाम प्लास्टिक है। इस थीम, के साथ अर्थ दिवस मनाने का उद्देश्य मानव और ग्रह स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक प्रदूषण के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पिछले वर्षों मैं पृथ्वी दिवस की थीम के रूप मैं जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा से लेकर प्रजातियों की रक्षा और वृक्षारोपण के लाभों तक कई पर्यावरणीय मुद्दों को शामिल किया जा चुका है। इस वर्ष की थीम, गृह बनाम प्लास्टिक, इसलिए और भी प्रासांगिक है क्योंकि प्लास्टिक पर 2024 के अंत तक एक ऐतिहासिक संयुक्त राष्ट्र संधि हेतु दुनिया के देशों की सहमति होने की उम्मीद है।प्लास्टिक को लेकर ब्रिटेन सहित दुनिया के 50 से अधिक देशों ने 2040 तक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का आह्वान किया है।

धरती पर आज इन्सान प्लास्टिक से बुरी तरह घिर चुका है वह प्लास्टिक खा रहा है, पी रहा है और पहन भी रहा है जहां इसने हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिया, पर साथ ही यह अपने साथ अनेको समस्याएं भी साथ लाया। उन्हीं में से एक इसके प्रदूषण की समस्या है। दुनिया के सामने यह समस्या कोई नयी नहीं है, काफी समय से हम इसके बढ़ते प्रदूषण से जूझ रहे हैं। यह न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। आज हम हर साल करीब 30 करोड़ टन प्लास्टिक कचरा फैला रहे हैं, जो कि सम्पूर्ण मानव जाति के भार के बराबर है। आज दुनिया भर के लिए अब प्लास्टिक एक बड़ा सिरदर्द बन चुका है। समुद्र की गहराई से लेकर पहाड़ की चोटियों तक इंसान ने प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़ों से ग्रह को पाट दिया है अगर आप अपने आसपास नज़र दौड़ाएंगे तो आपको प्लास्टिक की कई सारी चीज़ें नज़र आएंगी. ऐसी ही चीज़ों के बारीक़ टुकड़े जब बहुत छोटे आकार में टूट जाते हैं तो उन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है. *आमतौर पर पाँच मिलीमीटर से छोटे टुकड़े माइक्रो प्लास्टिक कहलाते हैं. कुछ टुकड़े इससे भी छोटे होते हैं, जिन्हें नैनो स्केल में ही मापा जा सकता है. उन्हें नैनो प्लास्टिक कहा जाता है। ये प्लास्टिक के बारीक-महीन कण, हर उस चीज में पहुंच रहे हैं जो हम खाते हैं और जिसमें हम सांस लेते हैं. ऐसा अनुमान है कि इस पृथ्वी पर मौजूद हर एक व्यक्ति औसतन हर साल 50 हजार से ज़्यादा प्लास्टिक कणों का उपभोग करता है, और अगर इसमें सांसों के जरिए हमारे भीतर पहुंचने वाले कणों को भी शामिल कर लिया जाए, तो इनकी संख्या और भी बढ़ जाती है। जब कभी हम यात्रा कर रहे हों या ऐसी जगह हो, जहां साफ पानी न मिल पाए, वहां हमारी कोशिश रहती है कि बोलतबंद पानी मिल जाए। हम यह मानते हैं कि इस पानी में गंदगी नहीं होंगी. लेकिन इस पानी के अंदर माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक के असंख्य महीन कण हो सकते हैं। आज धरती पर धरती पर रहने वाला हर एक व्यक्ति कम से कम 5 ग्राम अर्थात एक क्रेडिट या डेबिट कार्ड के भार जितना प्लास्टिक पानी से, खाने से या माइक्रोप्लास्टिक युक्त हवा से अपने शरीर मैं ले रहा है। पीने का साफ़ पानी हम सभी की बुनियादी ज़रूरतों में से एक है। आईआईटी पटना के एक शोध में बारिश के पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक कण मिले थे. इसी तरह एक अन्य शोध में पाया गया कि भारत में ताज़ा पानी की नदियों और झीलों तक में माइक्रोप्लास्टिक मिल रहा है। इनमें फ़ाइबर, छोटे टुकड़े और फ़ोम शामिल हैं। इस शोध के मुताबिक, फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी और शहरी इलाक़ों से निकलने वाले प्लास्टिक वेस्ट जैसे कई कारणों से ये हालात बने हैं। माइक्रो प्लास्टिक पानी के अलावा यह उस जमीन में भी बहुतायत में पाए जाने लगे हैं, जहां खेती होती है।

अमेरिका में साल 2022 में एक पड़ताल की गई थी. इसके मुताबिक़, सीवर की जिस गाद को वहां फसलों के लिए खाद के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, उसमें माइक्रोप्लास्टिक होने के कारण 80 हज़ार वर्ग किलोमीटर खेती योग्य जमीन दूषित हो गई थी। इस गाद में माइक्रोप्लास्टिक्स के अलावा, कुछ ऐसे केमिकल भी थे, जो कभी विघटित नहीं होते यानी उसी अवस्था में बने रहते हैं.वहीं, ब्रिटेन में कार्डिफ़ यूनिवर्सिटी ने पाया था कि यूरोप में हर साल खेती वाली जमीन में खरबों माइक्रोप्लास्टिक कण मिल रहे हैं जो हर निवाले के साथ लोगों के शरीर के अंदर पहुंच रहे हैं। कुछ पौधे ऐसे हैं, जिनमें बाक़ियों की तुलना में माइक्रोप्लास्टिक ज्यादा होता है.दरअसल, *कुछ शोध बताते हैं कि जड़ों वाली सब्ज़ियों में माइक्रोप्लास्टिक ज़्यादा पाए जाते हैं. यानी पत्ते वाली सब्जियों में कम माइक्रोप्लास्टिक होंगे, जबकि मूली और गाजर जैसी सब्ज़ियों में ज्यादा देखे गए हैं। वैज्ञानिकों ने हाल ही में शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी की पहचान की है, संभावना है कि इंसान वर्षो से प्लास्टिक के छोटे कण को खा रहे हैं, पी रहे हैं या सांस के जरिए शरीर में ले रहे हैं। हालांकि मनुष्यों पर स्वास्थ्य अध्ययन अभी तक विकसित नहीं हुए हैं, कुछ जानवरों में विषाक्तता चिंताओं को पुष्ट करती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड द्वारा किए एक नए अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक केमिकल्स अगली दो पीढ़ियों में मेटाबॉलिक डिजीज का कारण बन सकते हैं।माइक्रोप्लास्टिक के ख़तरों को लेकर अभी सीमित शोध सामने आए हैं. कुछ शोध ऐसे भी हैं कि ये हमारे एंडोक्राइन ग्रंथियों (हारमोन पैदा करने वाली ग्रंथियों) के काम में समस्या पैदा करती हैं. हो सकता है भविष्य में पता चले कि माइक्रोप्लास्टिक बहुत गंभीर नुक़सान कर सकते हैं, इसलिए अभी से सजग रहने की ज़रूरत है। हर दिन ऐसे नए अध्ययन सामने आ रहे हैं जिनमें इनके इंसानों और अन्य जीवों के स्वास्थ्य पर पड़ते दुष्प्रभाव उजागर हो रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इस समस्या से निपटने के लिए उपलब्ध विज्ञान और समाधानों के मद्देनज़र, देशों की सरकारों, कम्पनियों और अन्य हितधारकों से, इस संकट को सुलझाने के लिए कार्रवाई की गति और दायरा बढ़ाने होंगे. आज प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने या प्लास्टिक के विकल्प के रूप मैं अन्य प्रकृति हितैषी वस्तुओं का इस्तेमाल करने की जरूरत है इस पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी और प्लास्टिक के 100 साल पुराने रिश्ते को अलविदा कहने के बारे मैं गंभीरता से विचार करके कदम उठाना होगा।

पृथ्वी दिवस पर आप छोटे छोटे काम करके पृथ्वी को बचाने में जैसे महत्पूर्ण योगदान दे सकते हैं। प्लास्टिक का उपयोग कम करें, कपड़े के थैले का उपयोग करें और पुन: प्रयोज्य पानी की बोतल लें। ऊर्जा को बचाने का काम करें। इसके लिए जरूरी है बत्तियां बंद करें और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग करें। जब आप उनका उपयोग नहीं कर रहे हों। पानी जीवन के लिए बहुत ज़रुरी हैं, इसलिए पानी बचाएं इसके लिए आप कम समय तक शॉवर लें और नल को बंद कर दें। साथ ही न पौधे लगाएं और पेड़ों की रक्षा करें बल्कि तीज त्योहार जन्मदिन शादी की वर्षगांठ व अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर हरे भरे पौधे लोगों को भेंट मैं दें।

## आप की बात

### यात्री सुविधा

**रेलवे** ने मनपसंद सीट पाने के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है ताकि हवाईजहाज और सिनेमा की तरह रेलयात्री भी अपनी सीट बुक करवा सकें। लेकिन हर ट्रेन में सीमित सामान्य बोगियों के कारण इस श्रेणी के यात्रियों को बहुत ही कष्टमय यात्रा करनी पड़ती है। कम दूरी की बात छोड़ें किन्तु लम्बी दूरी की यात्रा तो और भी अधिक दिक्कत भरी हो जाती है। सामान्य बोगियों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती तब बैठकर सुकून से यात्रा करना तो उनके लिए दूभर सपना बन जाता है। अत्याधुनिक और सुविधाजनक ट्रेनें बेशक रेलवे चलाये किन्तु सामान्य श्रेणी के यात्रियों के बारे में भी सोचे ताकि उनकी दुखभरी यात्रा में थोड़ा सुकून आ सके। हालांकि, आधुनिक रेलें हमारे विकास की प्रतीक हैं परन्तु विकास का लाभ सबको मिलना चाहिए, फिर चाहे वह कम पैसे खर्च करने वाला सामान्य यात्री ही क्यों न हो। रेलें आम जनता की यात्रा का आज भी प्रमुख साधन हैं। अत: तुलनात्मक रूप से अमीरों की तुलना में गरीब व सामान्य रेल यात्रियों को कम से कम मानवीय ढंग से यात्रा करने का अवसर मिलना चाहिए। गरीबों की यात्रा को विशिष्ट सेवायें प्राप्त करने वाले अमीरों से प्राप्त धनराशि या माल भाड़े की आमदनी से फाइनेंस करने पर भी विचार किया जाना चाहिए। यह सरकार का दायित्व भी है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### फर्जी मतदाता

**निर्वाचन आयोग** ने हैदराबाद जिले की मतदाता सूची से 5.41 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं। इस जिले में 15 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सूची से मतदाताओं के नाम हटाने का कारण उनकी मौत होना, निवास बदलना और दो बार नाम दर्ज होना है। इस प्रकार यह सारे के सारे मतदाता फर्जी थे। जब घर-घर जाकर वेरिफिक्रेशन किया गया तब पता चला कि यह सब तो डमी है। हैदराबाद की इस घटना से देश भर में फर्जी मतदाताओं की संख्या का अनुमान लगाया जा सकता है। अब आज निर्वाचन पद्धति में एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। ऐसे में पांच लाख से अधिक फर्जी मतदाता किसी भी हारने वाले उम्मीदवार को जिता सकते हैं और जीते हुए उम्मीदवार को हरा सकते हैं। हैदराबाद के इस प्रकरण को देखते हुए अब समय आ गया है कि वोटर आईडी को आधार कार्ड से जोड़ना अनिवार्य किया जाए और जो ऐसा नहीं करें उन्हें मतदान से वंचित रखने का सख्त नियम बनाया जाए। देश में लोकसभा, विधानसभा तथा स्थानीय निकायों के लिए समान मतदान सूची बनाना तथा उसे सार्वजनिक रूप से वेबसाइट पर उपलब्ध कराना जरूरी है। इसके साथ ही जनता को फर्जी मतदाताओं के बारे में जानकारी देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### उपभोक्ताओं से ठगी

**दुनिया** भर के आम नागरिक बढ़ती महंगाई की मार सह रहे हैं। ऐसे में अनेक देशों के खाद्य एवं उपभोक्ता वस्तुओं के निर्माताओं ने ठकी की नई तरकीब निकाली है। ग्राहकों से बढ़े दाम लेने के बदले पुरानी कीमत पर डब्बाबंद चीजें दी जाती हैं, मगर उनका वजन कम कर दिया जाता है। इससे ग्राहकों को लगता है कि कीमत नहीं बढ़ी है, मगर उसे ये समझने में काफी समय लगता है के सामान का वजन कम कर उससे ज्यादा पैसे ले लिए गए हैं। फ्रांस ने इसे लेकर सख्त कानून बनाने का ऐलान किया है। वहां के वित्तमंत्री ने कहा कि 1 जुलाई से ऐसे मामलों के बारे में दुकानदारों को स्पष्ट रूप से अपने ग्राहकों को बताना होगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उत्पादों के वास्तविक मूल्य विकास को समझना चाहिए। ऐसा ही नियम इस समय भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ताओं वाले देश में भी बनना चाहिए। पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में उपभोक्ता आंदोलन कमजोर रहा है। इसके साथ ही ऐसी स्वतंत्र एजेंसियों की बहुत कमी है जो अपनी आय के लिए विज्ञापनों पर निर्भर न हों तथा विभिन्न उत्पादों के निर्माण में आने वाले खर्च, उपभोक्ता से लिए जाने वाले मूल्य तथा उत्पादों की गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन कर जागरूकता फैलाएं।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### सराहनीय कदम

**विद्युत कंपनी** द्वारा नई तकनीक के जरिए विद्युत लाइन में फाल्ट की जानकारी तत्काल मोबाइल पर मिल जाएगी। यह सराहनीय कदम है। वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते सभी तरह के कामकाज में चमत्कारी सुधार व सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्राइवेट सेक्टर तो इनको हाथों हाथ अपना रहा है। मगर शासकीय कार्यालय इस बारे में कोई उत्सुकता व तत्परता नहीं दिखा रहे हैं। इसका एक कारण रिश्वतखोरी भी है। जब उपभोक्ताओं का सारा काम ऑनलाइन होने लगेगा तो भ्रष्ट तत्वों को मौका नहीं मिलेगा। सिर्फ तकनीकी ही नहीं, बातचीत व लोक व्यवहार में भी शासकीय कर्मचारियों में एक प्रकार का सूपेरियारिटी कंपलेक्स है। वहीं प्राइवेट सेक्टर के सभी विभागों के कर्मचारी जिस सम्मान व नम्रता से उपभोक्ताओं से व्यवहार करते हैं वह अनुकरणीय व अभिनंदनीय है। हालांकि, सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। सभी शासकीय विभागों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा उपलब्ध आधुनिक तकनीकों को शीघ्रता से अपनाना और व्यर्थ की औपचारिकताओं को खत्म करना चाहिए। यह सराहनीय कदम होगा।

–**विभूति बुपक्या**, खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# क्रिकेट मैच के माध्यम से की गई मतदान करने की अपील

● मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत खेला गया क्रिकेट मैच

● 36 रनों से मीडिया एकादश ने प्रशासन एकादश को हराया

संवाददाता। अमेठी



**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अमेठी मीडिया एकादश एवं अमेठी प्रशासन एकादश के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया एकादश की टीम ने 36 रनों से मैच जीता, पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया एकादश की टीम ने 20 ओवरों में 172 रन बनाए जिसके सापेक्ष प्रशासन एकादश की टीम 20 ओवर में 136 रन ही बना पाई।

क्रिकेट मैच में मीडिया एकादश की टीम में पवन यादव, चिंतामणि मिश्र, डॉ नृपेन्द्र त्रिपाठी, अजुग पांडे, दिलीप यादव, विजय मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, इमरान, राहुल, लोकेश त्रिपाठी, जितेन्द्र कौशल तथा प्रशासन एकादश की टीम में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश मिश्रा, उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, उपजिलाधिकारी तिलोई आशीष सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मो0 असलम, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई अभिषेक पटेल, तहसीलदार गौरीगंज अभय राज, तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह, तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव शामिल रहे।

मैच में दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के उपरांत विनर तथा रनर दोनों टीमों को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि क्रिकेट मैच में दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा, सभी खिलाड़ियों ने बहुत उत्साह के साथ मैच खेला। उन्होंने दोनों टीमों को बधाई दी तथा कहा कि इस क्रिकेट मैच का उद्देश्य लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत आगामी 20 मई को जन सामान्य अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि खेल में टीम की जीत से बड़ी जीत खेल भावना की है यह भावना एक दूसरे को जोड़ती है तथा यह संदेश देती है कि आओ हम सब साथ खेले, साथ चलें, 20 मई को साथ मतदान करें, जब हम सब मतदान करेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश जीतेगा।

इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट टीम को स्पॉन्सर करने के लिए एसबीआई बैंक तथा मीडिया व प्रशासन की टीमों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, डिप्टी कलेक्टर अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा मीडिया बन्धुओं में शीतला प्रसाद मिश्र, डॉ आशीष त्रिपाठी, योगेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, मो0 तौफीक, अंजनी मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रकृति से सामंजस्य स्थापित कर जीवन को जीना ही वास्तु शास्त्र है: बलूनी

संवाददाता। गोंडा



**बजाज** हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, इकाई कुंदरखी में 21 अप्रैल दिन रविवार को छः दिवसीय स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर प्रातः काल यूनिट की सभी माताओं, बहनों तथा पुरुषों ने हर्षोल्लास व उत्साह के साथ वैदिक रीति से पूजन अर्चन के बाद वृहद् कलश यात्रा का आयोजन किया। तत्पश्चात विधिवत व्यास पूजन व वरण किया गया। कथा कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय तथा डॉ. एस.के. सिंह, राज्य सलाहकार, (उ.प्र. सरकार) रहे।

कथा व्यास आचार्य सुशील बलूनी ने सभी सुधि जनो तथा बजाज परिवार का इस आयोजन को करवाने के लिए धन्यवाद देते हुए अगले छः दिनों के कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं को अवगत कराया। आज प्रथम दिवस आचार्य बलूनी जी ने बताया कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन को जीने की कला हीं वास्तु शास्त्र है। वास्तु शास्त्र में आध्यात्मिक व् प्रयोगात्मक पक्षों पर विशेष चर्चा हुई। प्रभु श्री राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आचार्य जी ने समभाव में कैसे जीवन को जीना चाहिए तथा माताओं, बहनों को अपना समग्र विकास कर अपनी संतानों व समाज में कैसे संस्कार प्रेषित करने चाहिए, इस पर विशेष टिप्पणी की। कथा के बीच में यूनिट के बच्चों ने सुन्दर प्रस्तुति दी तथा पुरे मनोभाव से कथा में भाग लिया। वहीं यूनिट हेड पी.एन. सिंह एवं जोनल एच.आर. हेड एन.के. शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया कि 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक प्रतिदिन सायंकाल 4.00 बजे से हरी इच्छा तक कथा चलेगी।

आज कथा के प्रथम दिन जीएम केन एन.के. दुबे, उत्पादन हेड राघवेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक निखिलेश सिंह, सुरक्षा प्रमुख धर्मेन्द्र मिश्रा व कमलेश कुमार व चीनी मिल के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सैकड़ों माताओं, बहनों व बच्चों ने कथा का श्रवण किया।

# अज्ञात कारणों के चलते तीन घरों में लगी आग से गृहस्थी हुई खाक



**ऊंचाहार, रायबरेली।** अज्ञात कारणों के चलते तीन घरों में लगी आग से हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई, आग बुझाते समय चार लोग चपेट में आकर झुलस गये, जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है,ग्राम प्रधान नरेंद्र यादव ने तहसील प्रशासन को मामले की सूचना दी है। मामला क्षेत्र के पूरे छेदी मजरे कोटिया चित्रा गाँव का है, जहां रविवार की दोपहर गाँव निवासी श्यामलाल के दरवाजे रखे छप्पर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई।हवा का रुख तेज होने के कारण आग ने पड़ोस के रामलाल व रज्जू के घर को भी अपनी जद में ले लिया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाया गया।लेकिन तब तक तीनों घरों में रखी हजारों कीमत की गृहस्थी जलकर राख हो गई थी। आग बुझाते समय श्यामलाल का बेटा रावेन्द्र 17 वर्ष, दिलीप 22 वर्ष बेटी रूबी 19 वर्ष तथा पड़ोस के विजय कुमार 24 वर्ष चपेट में आकर झुलस गये।जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि आग की चपेट में आने से चार लोग झुलसे थे, जिनका उपचार किया गया है।

# रायबरेली के इतिहास के पन्नों पर कांग्रेस ने डाली मिट्टी: दिनेश प्रताप

● दर्जन भर नुक्कड़ सभाओं को राज्यमंत्री ने किया संबोधित

संवाददाता। रायबरेली



**प्रदेश** सरकार के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार ने रविवार को विकास खंड जगतपुर, डलमऊ, लालगंज, सरेनी में शक्ति केन्द्र नुक्कड़ सभाओं में षिरकत की। इस दौरान बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा। आयोजित नुक्कड़ सभाओं में सम्बोधन से पहले लोगों ने राज्यमंत्री को फूल-मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। कहा मंत्री जी आप आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ है।

नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुये राज्यमंत्री दिनेष प्रताप सिंह ने कांग्रेस पर जमकर बरसे। कहा रायबरेली में इस बार कांग्रेस ऑक्सीजन पर है। कांग्रेस का राम नाम सत्य का समय आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि रायबरेली के इतिहास के पन्नों पर मिट्टी डालकर खत्म करने का काम कांग्रेस द्वारा किया है। उन्होंने नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। साथ ही लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारी को त्वरित निस्तारण के लिए आदेशित किया।

श्री सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों से लोकसभा चुनाव में रायबरेली से कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। राज्यमंत्री ने बीते 10 सालों में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। रायबरेली को अपना परिवार कहने वाली सांसद सोनिया गांधी परिवार ही भूल गई।

राज्यमंत्री ने कहा कि मैं चुनाव हारने के बाद भी पिछले पांच वर्षो से लगातार आप लोगों के बीच रहकर हर सुख-दुख में खड़ा रहा। मैने केन्द्र व प्रदेष सरकार से अनुनय-विनय करके लगभग 500 करोड़ की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि जनपद में शायद ही ऐसा ही कोई गांव न हो जहां मैने विकास की किरण नहीं पहुंचाई। हर गांव-गली मोहल्ले को इण्टर लाकिंग, डामरीकरण व नालों से सुसज्जित न किया हो।

वहीं जिसको आपने सांसद चुना वह और उनका परिवार कभी रायबरेली आना तो छोड़ों आप लोगों के दुख की घड़ी में एक फोन कॉल भी करना उचित नहीं समझा। अब चुनाव आ गया है, तो फिर से आप लोगों के साथ छलावा करने आ सकती है। आयोजित नुक्कड़ सभाओं में मनोज अवस्थी मण्डल अध्यक्ष, रविन्द्र सिंह, संजय बाजपेई प्रधान व मण्डल उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह दाढ़ी विधान सभा प्रभारी, श्रीपाल यादव पूर्व कानून गो, आषुतोष शुक्ल पूर्व मण्डल अध्यक्ष, राजेष सिंह प्रधान, विरेन्द्र सिंह प्रधान, कमलेष बीडीसी, केके सिंह, ओम प्रकाष, रोहित सिंह, राजेन्द्र यादव, रामनरेष यादव, गणेष प्रसाद चौरसिया, भानु प्रताप पासवान, सोने लाल द्विवेदी, धमेन्द्र कुषवाहा प्रधान प्रतिनिधि, षिव कुमार यादव बीडीसी सहित दर्जनों कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 22 से 25 अप्रैल तक होगी बूथ समितियों व पन्ना प्रमुखों की बैठक

**अयोध्या।** बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख की बैठक 22 से 25 अप्रैल तक होनी है। जिसकी तैयारी को विधानसभा स्तर पर मंडल अध्यक्ष व संयोजकों, शक्ति केन्द्र संयोजकों की बैठक की जा रही है। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों में समन्वय बना कर हर घर, हर मतदाता, तीन बार सम्पर्क अभियान पर मंथन किया गया। सिविल लाइन स्थित विधान सभा चुनाव कार्यालय पर अयोध्या तथा बीकापुर की बैठक बीकापुर चुनाव कार्यालय पर आयोजित की गई।

अयोध्या विधान सभा की बैठक में संयोजक अशोक कसौंधन ने कहा कि सभी बूथों पर बीस कार्यों की सूची बनाई गई। शक्ति केन्द्र पर आयोजित बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों की बैठक में इन कार्यों के क्रियान्वय हेतु मंथन किया जाए। प्रभारी रमापति पाण्डेय ने कहा कि शक्ति केन्द्रों पर सभी बूथों की बैठक 22 से 25 अप्रैल के मध्य संपन्न हो जाए। आपसी समन्वय के आधार पर बूथ पर होने वाले बीस कार्यो को अभियान चला कर किया जाए।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अभूतपूर्व विकास कराया है। सरकार के इस विकास तथा उनकी योजनाओं की चर्चा तथा क्षेत्र के हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क अवश्य किया जाए।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी पूर्ण उर्जा से कार्य करें। अपने क्षेत्र को लोकसभा तथा स्वंय को प्रत्याशी समझ कर लोगों से सम्पर्क व संवाद स्थापित करें। अयोध्या विधान सभा की बैठक में पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ता, मनमोहन जायसवाल, शशि प्रताप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, बीकापुर विधान सभा की बैठक में सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह, शोभनाथ वर्मा, इं. रणवीर सिंह, राकेश पाण्डेय राना, शिव कुमार सिंह सहित मंडल व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# क्षेत्र की जनता से किया है संवाद जल्द ही लेंगे निर्णय: जय चौबे



**सेमरियावां, संतकबीर नगर।** सपा से इस्तीफे के बाद राजनीतिक कैरियर की अगली रणनीति पर मंथन करने के लिए उजियार क्षेत्र के अगया चौराहे पर पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने क्षेत्र के मौजूदा प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी सदस्य व जनता जनार्दन के साथ बैठकर विधिवत मंथन करते हुए जल्द ही फैसला लेने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक जय चौबे ने मौजूदा सियासी हालत पर मंथन करते हुए सभी संभ्रांत लोगो की प्रतिक्रियाओ को सुनकर एक से दो दिन में आगे की राजनीति पर रणनीति बनाई। सपा के कद्दावर नेता जय चौबे का अचानक लोकसभा का टिकट काट दिया गया। उसके बाद उन्होंने सपा सुप्रीमो से बात करके अपनी बात रखी जहां उन्हे उचित जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सपा से इस्तीफे दे दिया अपने राजनीतिक कैरियर की अगली रणनीति पर मंथन करने के लिए पूर्व विधायक जय चौबे शनिवार को समर्थको के साथ अगया चौराहे पर बैठक कर मंथन किया। इस दौरान पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि मैं लगातार अपने समर्थकों से मिलकर उनकी राय ले रहा हूं। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के मैंने हमेशा काम किया है मैं जनता के भरोसे पर अपने राजनीतिक कैरियर को लेकर आगे का निर्णय लूंगा। फिलहाल चर्चाओं का बाजार गर्म है बीएसपी से घोषित प्रत्याशी की जगह जय चौबे बसपा से लोकसभा चुनाव में शंखनाद कर सकते हैं।

## एसपी के निर्देश पर चलाया वाहनो का चेंकिग अभियान

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह द्वारा मेंहदावल बाईपास पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनो/व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा गाडियो का बोनट व डिग्गी खुलवाकर चेक किया गया तथा गाडियो के शीशे पर लगी काली फिल्म, हूटर व झण्डा को उतरवाया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रामकृपाल सिंह, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्या, टीएसआई परमहंस यादव, चौकी प्रभारी बघौली उ0नि0 सूर्यभान यादव, चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट उ0नि0 दुर्गविजय सिंह, चौकी प्रभारी नवीन मण्डी उ0नि0 सुरेश यादव, चौकी प्रभारी बरदहिया बाजार उ0नि0 पवन कुमार, चौकी प्रभारी तितौवा उ0नि0 संजय कुमार वर्मा व एफएसटी टीम सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दुकानों एवं घरों के ताले तोड़कर चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

पुलिसिया गश्त के नाम पर हो रही खानापूरी से व्यापारियों में आक्रोश

सीसीटीवी में दर्ज हुई चोरों की करतूत

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

**लालगंज** नगर के चमनगंज मोहल्ले में बीती रात अज्ञात चोरो ने दो घरो व एक दुकान के खिड़की दरवाजे तोड़कर लाखों रूपये का माल उठा ले गये। लालगंज नगर में पुलिस की अकर्मण्यता के कारण चोरी की घटनायें बढ़ती जा रही है। रात्रिगश्त के नाम पर खानापूरी पर नागरिको एवं व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ खांसा आक्रोश व्यक्त किया है। शनिवार की रात अज्ञात चोरो ने चमनगंज मोहल्ले की रहने वाली अमिता मिश्रा के घर की खिड़की तोड़कर चोर अंदर घुस गये। घटना के समय अमिता व उसका परिवार दूसरे कमरे में सो रहा था।

तभी दूसरे कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़कर तकरीबन ढाई लाख रूपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात समेंत 7 हजार की नकदी लेकर चोर चम्मत हो गये। सुबह उठने के बाद उन्हे घटना की जानकारी हुई। दूसरी घटना लालगंज सीएचसी में तैनात डा. एसके सिंह के आवास के ऊपर स्थित बने बुटीक सेंटर का दरवाजा खोलकर अंदर घुसे। वहां उपभोक्ताओं के कपड़े व मशीनों के अलावा महंगा मोबाईल भी रखा था। चोर केवल मोबाईल ले जाने में सफल रहे। बुटीक सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरो की पूरी करतूत रिकार्ड भी हुई है।

इसी रात तीसरी घटना ओम मेडिकल स्टोर में हुई। जहां चोरो ने दुकान में बंद शटर को उठाकर तकरीबन 12 हजार की नकदी व कीमती दवायें उठा ले गये। मेडिकल स्टोर संचालक ओमप्रकाश पाल ने बताया कि चोरी की वारदात के दौरान चोरो ने दुकान में रखा च्यवनप्राश समेंत कई शक्तिवर्धक दवायें भी खाई। पुलिस ने घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरो के कुछ सुराग मिले है।

लालगंज नगर में पुलिस गश्त के नाम पर हो रही खानापूरी से लोगो में गहरी नाराजगी है। लोगो ने कहा है कि लालगंज नगर चौकी का कोई मतलब नही बचा है। कोतवाली में बैठकर नगर चौकी इंचार्ज कानून व्यवस्था देख रहे है।

## पोस्टल बैलेट से भी मतदान कर सकते हैं मीडियाकर्मी

**अमेठी।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाताओं हेतु पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के सम्बन्ध में मीडिया बन्धुओं को अवगत कराना है कि मतदान के दिन कवरेज में व्यस्तता/असमर्थ होने की स्थिति में जो मीडिया कर्मी मतदान नही कर सकते उन मीडिया कर्मियों को पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

अतः मीडिया बन्धुओं से अनुरोध है कि उक्त सुविधा हेतु *जिला सूचना कार्यालय में प्रार्थना पत्र (प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया का नाम, पता व मोबाइल नम्बर), नियुक्ति पत्र, आधार कार्ड/निर्वाचन कार्ड संलग्न करते हुये 23 अप्रैल को सांय 05 बजे तक उपलब्ध करा दें जिससे पोस्टल बैलेट प्रभारी को समय से सूचना उपलब्ध करायी जा सके। ये जानकारी शिव दर्शन यादव अपर जिला सूचना अधिकारी अमेठी ने दी।

# अवध विश्व विद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में हुआ व्याख्यान

वर्तमान में टेक्नोलॉजी का सदुपयोग जरूरी: सीईओ अनुराग गुप्ता

संवाददाता। अयोध्या



**डॉ0** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में शनिवार को अपराह्न विद्यार्थियों के लिए 'वर्तमान में टेक्नोलॉजी की उपयोगिता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्टैंब्रो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड एवं टेवाटरॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा के सीईओ व संस्थापक अनुराग गुप्ता रहे। उन्होंने वर्तमान टेक्नोलॉजी की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी की बदौलत संचार क्षेत्र का काफी विस्तार हुआ है। इनका सदुपयोग करके व्यक्ति महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल कर सकता है। कार्यक्रम में अनुराग ने विद्यार्थियों से चिंता जताई कि टेक्नोलॉजी हमारे युवाओं के दिमाग को दूषित कर रही है।

इसके लिए इन्हें समय पर टेक्नोलॉजी के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि आज के परिवेश में टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। सभी को इनकी बारीकियों से परिचित होना होगा। इससे विद्यार्थी देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते है। कार्यक्रम में सीईओ ने कहा कि छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव सफलता की सीढ़ी पर आसानी से पहुँचा सकते है। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्रों को कॅरियर के टिप्स दिए।

कार्यक्रम में भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के वरिष्ठ आचार्य के0 के0 वर्मा ने टेक्नोलॉजी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज समय में टेक्नोलॉजी सभी के जीवन की अनिवार्यता हो गई है। सभी को इसके एप्लीकेशन जानना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से सफल जीवन जीने के लिए सकारात्मक विचारों को आत्मसात करना जरूरी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो0 गंगाराम मिश्र ने की। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करके ज्ञान के विकास में वृद्धि कर सकते है। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 सचिन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सिंधु सिंह, डॉ0 अश्विनी कुमार, डॉ0 ज्ञानेश्वर गुप्ता, डॉ0 संदीप पांडे सहित विभाग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बाबा परमान तिवारी धाम बभनपुर में लगा वाटर कूलर

**नसीराबाद, रायबरेली।** लाखों श्रद्धालुओं के आस्था के केंद्र बाबा परमान तिवारी धाम में आम जनता की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाया गया। छतोह गांधी नगर मार्ग पर बभनपुर बाजार में स्थित बाबा परमान तिवारी धाम पर सप्ताह में दो बार बाजार लगती है और पचासों दुकानें हमेशा सजी रहती हैं। लगभग रोजाना इस पवित्र धाम में भंडारे, मांगलिक आयोजन, अखंड रामायण पाठ और दुरदुरिया जैसे कार्यक्रम होते रहते हैं। गर्मी के मौसम में आगंतुकों को शीतल और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शिवपती शिव दर्शन पांडेय समाज सेवा समिति के संस्थापक अखिलेश आर पांडेय ने मंदिर परिसर में वाटर कूलर लगवाया।पंडित अशोक द्विवेदी ने वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई और प्रसाद बांटा।इस अवसर पर संस्था के संरक्षक एडवोकेट रामनरेश पांडेय, मनोज द्विवेदी, भूपेंद्र सिंह, राधेश्याम यादव, आदित्य नारायण पांडेय, अर्जुन शर्मा, हरि शंकर वैश्य आदि लोग विशेष रूप से मौजूद रहे।

# भंडारण व कीट प्रबंधन से अनाज की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं किसान

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या



**अनाजों** की गुणवत्ता को बनाए रखने एवं उनके उचित मूल्य की प्राप्ति के लिए अनाजों का उचित भंडारण अतिमहत्वपूर्ण प्रक्रिया है अत: किसान भाई फसल कटाई पूर्व ही भंडारण हेतु तैयारी करें। आदर्श भंडारण के लिए कटाई, गहाई एवं ढुलाई सम्बन्धित क्रिया में प्रयुक्त यंत्रों व साधनों को कीट मुक्त रखना, खलिहान को भी समतल एवं साफ रखना, फसल कटने के बाद वर्षा या अन्य कारणों से बीज व अनाजो को सुरक्षित करना,भीगे हुए अनाज व बीजों को उचित नमी स्तर तक सुखाना और कीट मुक्त भण्डारण कक्ष एवं पात्र को सुनिश्चित करना आवश्यक है।

शोध छात्रा शिवानी दुबे पी.एच.डी. बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय कुमारगंज अयोध्या ने बताया कि भंडारण के दौरान बीज व अनाज को क्षति पहुंचाने में कीट आंतरिक, प्राथमिक एवं कुछ बाह्य (गौड़) भक्षी के रूप में अहम् भूमिका निभाते हैं, जिसमे सूंड वाली सुरसुरी, आटे का कीट, खपरा बीटल, चावल का पतंगा आदि प्रमुख हैं। भिन्न - भिन्न प्रकार के फसल बीजों को नुकसान पहुंचाने वाले कीट भिन्न - भिन्न हो सकते हैं परन्तु सामान्यत: कीटो के प्रकोप को निर्धारित तथा नियंत्रित करने के उपाय एक जैसे ही होते हैं। भंडारण में कीटों के नियंत्रण और रोकथाम हेतु रासायनिक उपाय के तौर पर मैलाथियान50 ईसी 10 मिली/लीटर या डीडीवीपी 76 डब्ल्यूएससी 7 मिली/लीटर से 3 लीटर स्प्रे घोल प्रति 100 वर्ग मीटर की दर से छिड़काव, थैलियों अथावा भंडारण कक्ष के उपचार के लिए तथा जैविक उपाय के तौर पर नीम की पत्ती का पाउडर, नोची की पत्ती का पाउडर, हल्दी पाउडर, स्वीट फ्लैग (वसंबु) राइजोम पाउडर,लहसुन का अर्क आदि का प्रयोग प्रभावी पाया जाता है। भंडारण तथा कीट नियंत्रण और उनके प्रबन्धन क्रियाकलाप ना सिर्फ अनाजों अथवा बीजों की क्षति को कम करती है अपितु गुणवत्ता को भी बढ़ाती है जो किसान भाइयों के आय को प्रत्क्षय एवं अप्रत्क्षय रूप से प्रभावित करती है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** फतेहपुर





**मदर** सुहाग इंटर कॉलेज अमरजई में हाईस्कूल व इंटर में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का सम्मान समारोह किया गया स्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में अंशिका 93.20 फीसदी अंक प्राप्त किया। वही गौरी श्रीवास्तव 92 फीसदी, दिव्यांशु गुप्ता 91.40 फीसदी अंक प्राप्त किया। खुशबू कश्यप 91 फीसदी, अनन्या पाल, हर्षिता देवी, अर्पिता देवी 90 फीसदी, जुलेखा परवीन 89.80 फीसदी, अन्वेष गौड़ 89.60 फीसदी, आराधना 89.20 फीसदी, जानवी 86.60 फीसदी अंक प्राप्त किये।

इन सभी विद्यार्थियों को अभिभावकों अवगंतुकों तथा अध्यापक परिवार ने छात्र-छात्राओं को सफलता की बधाई दी एवं फूलमाला वह मुंह मीठा करा कर सम्मानित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित सिंह चंदेल ने अपने अध्यापक को इस सफलता के लिए विशेष रूप से बधाई दी प्रबंधक श्याम लाल सिंह ने विद्यालय की सत्र सफलता के लिए विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

इसी कड़ी में शिव पुरम स्थित सरस्वती बल मंदिर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट में कुल 34 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में प्रतिभा किया जिसमें इंटरमीडिएट की परीक्षा के 16 विद्यार्थी 92 फीसदी से 75 फीसदी तक उत्तरीण रहे एवं शेष और 18 विद्यार्थी 75 फीसदी से 60 फीसदी तक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण किया और हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में 73 विद्यार्थियों में से 96.5 फीसदी से 81 फीसदी तक के 45 विद्यार्थी तथा 80 फीसदी से 71 फीसदी तक 20 विद्यार्थी एवं शेष अन्य विद्यार्थियों ने 70 फीसदी से 65 फीसदी अंक प्राप्त किया चाहत यादव ने 96.5 फीसदी व जानवी वर्मा 95.3 फीसदी उद्धव पांडेय व सांस्कृतिक शुक्ला 94.4 फीसदी, शाश्वत तिवारी 94.2 फीसदी, अर्जित मिश्रा व श्रेया सिंह 93.3 फीसदी एवं अन्य विद्यार्थियों ने 70 फीसदी से ऊपर अंक प्राप्त कर अपना परचम विद्यालय में लहराया।

सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा करा कर प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह व व्यवस्थापक प्रभारी सक्षम सही समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को फूल माला पहनकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इसी कड़ी में राम लखन आदर्श विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज राधा नगर में भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया यूपी बोर्ड प्रयागराज के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम को देखकर विद्यालय के मेधावी छात्राएं खुशी से झूम उठे कॉलेज के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

जिसमें आधे से अधिक छात्राएं सा सम्मान उतरी हुई विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव प्रकाश अग्रहरि संरक्षक राम लखन गुप्त ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बच्चों का मुंह मीठा कराया प्रधानाचार्य ने सभी साथी शिक्षकों तथा छात्रों की इस उपलब्ध के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हाई स्कूल में नूर फातिमा 94.5 फीसदी शिवानी 93 फीसदी आयुषी सविता 91.5 फीसदी अंशु पाल 91 फीसदी अंक प्राप्त किया वहीं इंटरमीडिएट में मनी ने 85 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

# गठबंधन से जुड़े कुछ दलों को खोजने से भी नहीं मिल रहे प्रत्याशीः अजय मिश्रा 'टैनी'

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**केन्द्रीय** गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र विधानसभा गोला गोकर्णनाथ के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन, विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर-खीरी में रहे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा गोला गोकर्णनाथ के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में जुड़े कुछ दलों का अस्तित्व ही खत्म हो रहा है। इन दलों को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी ढूढने से भी नहीं मिल रहे है और जिन प्रत्याशियों को यह दल टिकट भी दे रहे है वह टिकट वापस कर रहे है। इससे साफ पता चलता है कि उन्हें खुद पता चल गया है कि इन दलों का आस्तित्व अब खत्म हो चुका है।

भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से लोग जुड़ रहे है जिस कारण अन्य दलों से पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ग्रामों में पक्की सड़कें, पानी की टंकी का निर्माण कराकर शुद्ध पेयजल घर-घर तक, बिजली, उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय आदि योजनाओं से लाभांवित किया गया है। आमतौर पर पहले जब लोकसभा चुनाव होते थे तो लोकसभा चुनाव से 2 से 3 महीने पहले ही देश में किसकी सरकार आने वाली है और कौन प्रत्याशी कहां से जीतने वाला है। इसकी चर्चा होने लगती थी लेकिन इस बार कहीं कोई चर्चा नहीं है। इस बार ऐसा लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है कहीं कोई और कोई पार्टी दिखाई ही नहीं दे रही है। जैसा प्रयास लोकसभा चुनाव जीतने के लिए भारतीय जनता पार्टी संगठित होकर कर रही है। वैसा अन्य कोई पार्टी नहीं कर रही है।

# नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार का हुआ आयोजन



**संडीला, हरदोई।** नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित तीन दिवसीय सेमिनार के प्रथम दिन वक्ताओं ने कहा कि इस शिक्षा नीति का उद्देश्य कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करना है ताकि बड़े पैमाने पर रोजगार का स्रजन हो सके और ग्रामीण स्तर पर भी युवक और युवतियों को स्वावलंबी बनने में सहायता मिल सके। एनडीएफटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ बेसिक शिक्षा विभाग समनवयक राकेश कुमार शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि एवं शिक्षाविद जीके तिल्ल्यी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्राण है। इस कौशल आधारित शिक्षा से छात्र छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं और बेरोजगारी की समस्या का निराकरण स्थानीय स्तर पर हो सकता है। एनडीएफटी के अध्यक्ष राशिद अली वारसी ने वर्तमान और भविष्य के संदर्भ में नवीन शिक्षा नीति की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इसके उद्देश्य को पूरा करने के लिए शिक्षकों, युवाओं और गैरसरकारी संगठनों को साथ मिलकर विचार विमर्श करके कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए।

# मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात



**क्षेत्रीय** शिक्षा के प्रमुख केन्द्र के रूप में उभरे बनीपारा के पं0 रामजीलाल इण्टर कालेज के हाईस्कूल के छात्र ऋषभ देव सिंह द्वारा जिले की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाध्यापक आरयस त्रिपाठी ने सम्मानित किया, इस अवसर पर मेधावी छात्र के अभिवावक भी मौजूद रहे। बनीपारा के पं0 रामजीलाल इण्टर कालेज के छात्रों ने प्रधानाचार्य आरयस त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में कई बार प्रदेश व जिले की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। गुणवत्तापूर्ण व रचनात्मक शिक्षा के केन्द्र के रूप में उभरे इस कालेज ने थोडे ही समय में प्रदेश स्तर पर पहचान बना ली है। इस विद्यालय के शिक्षण के स्तर को देखते हुये जनपद ही नहीं अपितु दूसरे जनपदों के छात्र भी अपने बेहतर भविष्य के लिये यहाँ शिक्षा ग्रहण करने आते है।

शनिवार को घोषित यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणामों में हाईस्कूल के छात्र तथा कृपालपुर गॉव के रहने वाले किसान अनिरूद्ध सिंह व गृहणी सरिता देवी के पुत्र ऋषभ देव सिंह ने 600 में 571 अॅक प्राप्त कर जिले की मेरिट में सातवॉ स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य आरयस त्रिपाठी ने छात्र के घर पहुॅचकर उसको सम्मानित किया तथा उसके बेहतर भविष्य के लिये हर प्रकार का सहयोग प्रदान करने का वादा किया। इस मौके पर मेधावी छात्र के पिता अनिरूद्ध सिंह व मॉ सरिता देवी भी मौजूद रही।

## व्यापार मंडल ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**रूरा, कानपुर देहात।** यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले मेधावियों को व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को उनके घरों में जाकर सम्मानित किया। मेधावियों की उपलब्धि की सराहना करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू, प्रॉतीय सदस्य अविनाश ओमर, नगर अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा सभासद, नगर महामंत्री कपिल मिश्रा, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष दुर्गेश दीक्षित व अनिल गुप्ता ने मेधावी छात्राओं वैष्णवी गुपता व श्रेया गुप्ता के आवास पर पहुॅचकर मिष्ठान्न वितरित किया तथा छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## हाईस्कूल में फेल होने पर ट्रेन के आग कूदकर जान दी

**हमीरपुर।** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में फेल होने पर छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक बादा जिले के जसपुरा गांव निवासी शिवा(16) पुत्र नरेंद्र सिंह गांव के मधूसूदनदास इंटर कालेज में हईस्कूल में पढ़ता था,शनिवार को हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम में फेल होने पर वह डिप्रेशन में आ गया। रिजल्ट आने के बाद वह शनिवार को शाम छह बजे घर से निकल गया।परिजन रात में उसकी खोजबीन करते रहे मगर उसका अता पता नही चला गांव से पैदल चलकर सुमेरपुर क्षेत्र में यमुना साउथ बैंक रेलवे स्टेशन में कल देर रात आकर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी रविवार को रेलवे ट्रैक में उसकी लाश पडी होनी की सूचना रेलवे कर्मियों को दी गयी। मृतक की मां का तीन साल पहले निधन हो चुका है। पिता ही पालन पोषण करता था। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुच कर लाश को अपने कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## क्विक न्यूज

### दलितों को पीटने वाले सपा नेता व परिजनों के विरुद्ध केस दर्ज

**फर्रुखाबाद।** दलित परिजनों की पिटाई करने वाले सपा नेता एवं पूर्व सभासद सुरेंद्र सिंह यादव व उनके परिजनों पर केस दर्ज कराया गया है। थाना मऊ दरवाजा के मोहगा रकाबगंज खुर्द निवासी अनूप पुत्र स्व0 महिपाल जाटव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मै 18 अप्रैल को करीब 8030 बजे शाम अपने घर के बाहर मौजूद था। तभी मोहगा बैजनाथ स्ट्रीट निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र सरनाम यादव मेरे ऊपर लाल लाइट जिस पर दिल बना हुआ था मारने लगा। जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया तो पुष्पेन्द्र जातिसूचक गालियां देने लगा। इसी दौरान मोहगा बैजनाथ स्टीट निवासी सुरेन्द्र यादव पुत्र विशुन दयालए जितेन्द्र यादव पुत्र सरनाम तथा सुरेंद्र यादव के मित्र मोहगा रकाबगंज खुर्द निवासी रतन राठौर एवं उसकी पुत्री राधा भी आ गयी। सभी ने मिल कर मेरे साथ गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। जब मेरी मां रामश्री एव भाई नारद कुमार एवं मेरे भाई रवि की पत्नी गीता मुझे बचाने आयी तो दबंगों ने मेरे व मेरे परिवारीजनो के साथ लाठी डन्डो लात, घूसो आदि से मार पीट की। ये लोग मोहगे के लोगो द्वारा ललकारने पर धमकी देते हुये भाग गये। जाति सूचक गाली देते हुए कहा कि अगर कही शिकायत की तो जान से मार देंगे।

### नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में महिला सम्बन्धी अपराधोंध्घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 156 2024 धारा 452द्376;2द्ध;दद्धध्506ध्120बी भा0द0वि0 व 5;स्द्धध्6 पॉक्सो एक्ट तथा 67 आईटी एक्ट बनाम 02 नफर अभियुक्त गण पंजीकृत किया गया। जिसमें थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर 21ण्04ण्2024 को समय करीब 13ण्00 बजे अभियुक्त 1मोहित उर्फशीलू पुत्र रामऔतार निवासी कछवाइन निवादा बन्दरहा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात हाल मुकाम निरालानगर कस्बा व थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात को निराला नगर कस्बा व थाना रसूलाबाद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

### युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**मौदहा ,हमीरपुर।** क्षेत्र के राजमार्ग में बीती शाम साली की शादी से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।शादी वाले घर में छाया खुशी का माहौल मातम में बदल गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम खड़ेही निवासी राजेश कुमार पाल (33) पुत्र मैया दीन नगर के शिवपुरी मोहल्ले में रहता है। 20 अप्रैल को उसकी साली की शादी होने के चलते वह अपनी पत्नी व बच्चों को बाइक में लेकर ग्राम रतौली गया था। शनिवार की रात जब वह रतौली से वापस लौट रहा था तभी राजमार्ग पर में राठ मोड पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक पर टक्कर मार दी जिससे राजेश बाइक समेत सड़क पर गिर गंभीररूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और उसकी ससुराल में छाया खुशी का माहौल पल भर में काफूर हो गया।

### नशे में मैकेनिक ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली के औंता गांव में मैकेनिक ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के चंद्र प्रकाश राजपूत ने बताया कि उसके दो पुत्र पुष्पेन्द्र, असवेंद्र है। उसका 23 वर्षीय पुत्र अश्वेंद्र राजपूत बाइक मैकेनिक था। वह कस्बे के गायत्री नगर में दुकान किये था। शनिवार की रात गांव में शादी समारोह में खाना खाकर घर लौटा था। तभी शराब के नशे में कमरे के अंदर गमछा से फंदा बनाकर फांसी में झूल गया। जब स्वजन वहां पहुंचे तो उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। बताया कि उसकी शादी का रिश्ता जनपद बांदा के प्रेमपुरा में तय हो गया था। स्वजन अश्वेंद्र की आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं कर सके। पुत्र की मौत पर मां कलां का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाइक से गिरकर युवक की मृत्यु दूसरा घायल

**राठ, हमीरपुर।** गांव में चल रही रामलीला का सामान लेकर जा रहे युवक की बाइक महिला को बचाने के प्रयास में असंतुलित गिर गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की शादी एक सप्ताह बाद होनी थी। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुस्करा थाने के मसगांव गांव निवासी सत्यपाल ने बताया कि गांव में रामलीला का आयोजन चल रहा है। उसी का सामान लेने के लिए उसका 25 वर्षीय छोटा भाई धर्मेंद्र कुमार उर्फकल्लू गांव के हरदौल मौर्य के साथ इमलिया गांव गए थे। जब दोनों बाइक से आ रहे थे। तभी इमलिया गांव के पास एक महिला सड़क पर भूसा डाल रही थी। उसको बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित हो गई और सड़क किनारे गिर गई। बाइक के पीछे बैठा धर्मेंद्र उछाल कर सड़क पर गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हरदौल मौर्य बुरी तरह घायल हो गया। घायल को कानपुर रेफर किया गया। बताया कि मृतक की शादी 30 अप्रैल को थी और बारात भरुआ सुमेरपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन में जानी थी।

### भाकियू अरा. की बैठक में बिजली, पानी का उठा मुद्दा

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक में जहां बिजली, पानी का मुद्दा उठाया गया वहीं लोकसभा चुनाव में किसानों को पाबंद किए जाने पर जमानत में आ रहे खर्च पर नाराजगी का भी बढ़चढ़कर इजहार किया गया। रविवार को संगठन की बैठक नहर कालोनी के निरीक्षण भवन में जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गांव-गांव किसान पंचायतों के माध्यम से किसानों को संगठित करने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों के बंद पड़े सरकारी नलकूपों को चालू करवाया जाए। नहरों में पानी दिया जाए ताकि तालाबों, पोखरों में पानी भरा जा सके। साथ ही विद्युत विभाग से मांग की गई कि बिजली से किसानों की जली फसलों का मुआवजा दिया जाए। गांवों में पुलिस विभाग द्वारा किसानों को लोकसभा चुनाव में पाबंद किए जाने पर नाराजगी का इजहार किया। वक्ताओं ने कहा कि किसानों को जमानत करवाने में समय व पैसा बर्बाद करना पड़ रहा है। निर्णय लिया गया कि कोई भी किसान जमानत नहीं कराएगा।

### हज प्रशिक्षण शिविर में 137 यात्रियों ने लिया हिस्सा

**फतेहपुर।** शहर के आबूनगर स्थित एक मैरिज हॉल में हज तरबियत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के मशहूर हज प्रशिक्षक अलहाज शारिक अल्वी ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में 137 हज यात्रियों ने भाग लिया। जिसमें महिलाओं की भी बड़ी संख्या रही। इस दौरान हज में जाने वाले लोगों को हज ट्रेनर अलहाज शारिक अल्वी ने बताया कि अभी यात्रा के पहले दो प्रशिक्षण और होंगे इसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र मिलने के बाद टीका लगाया जाएगा। उसके बाद जब हज यात्रा पर जाने के लिए यात्री पूरे नियमों का पालन कर लेंगे तो फिर उन्हें हज यात्रा की तारीख बताई जाएगी। जिसके तहत वह फिर आसानी से हज यात्रा कर सकेंगे। इस अवसर पर तमाम हज यात्रियों ने हज यात्रा में जाने से पहले छोटी-छोटी बारीकियां को भी हज ट्रेनर से पूछा। जिसे हज ट्रेनर ने बड़े ही सरलता से जवाब दिया और तमाम हज यात्री संतुष्ट भी हुए। इस अवसर पर आरिफअख्तर अच्छे, सलीम अनवर, गुलाम सरवर, घनश्याम, हाजी अबसार, हाजी इलियास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मान से नवाज़ा गया

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज



**यूपी** बोर्ड के परिणाम में स्थान न पाने वाले छात्र-छात्राओं को मायूस नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें और लगन के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम में लग जाना चाहिए। उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए प्राथमिक शिक्षा समाप्त हुई है इसके आगे उन्हें रोजगार परक शिक्षा के लिए सतत् प्रयास करने हैं।

यह बात बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज तेराजाकेट में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रबन्धक अशोक कुमार ने कही। यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के परिणाम घोषित होने के बाद इण्टरमीडिएट की छात्रा यशी ने 87.8 पाकर प्रथम, हर्षित यादव ने 83.6 द्वितीय, आकाश कुशवाहा 83.4 तृतीय, हर्ष 83.2 चतुर्थ तथा प्रांशी 82.8 ने प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हाईस्कूल की परीक्षा में छात्र सहगल ने 88 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम, सोनी 85.16 द्वितीय, अवंतिका पाल 84.16 तृतीय, दीक्षा 83.66 चतुर्थ तथा हरिओम ने 83.16 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पंचम स्थान प्राप्त किया।

उन्हें विद्यालय प्रबंध समिति ने फूल माला पहनाकर मुँह मीठा कराया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। सम्मान समारोह में मौजूद छात्र/छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने विद्यालय में स्थान पाने वाले सभी छात्र/छात्राओं को बधाई दी और साथ ही कहा कि आपको यहीं नहीं रूकना है, जो लक्ष्य आपने निर्धारित किये हैं उनकी प्राप्ति के लिए सतत् प्रयासरत रहना है। आपने परिश्रम करके जो स्थान प्राप्त किया उससे आपके जूनियर आपसे प्रेरणा लेंगे और इससे भी अच्छे अंक पाने का प्रयास करेंगे।

## राम जानकी मंदिर में खाटू श्याम का हुआ हवन पूजन



**फर्रुखाबाद।** रामजानकी महालक्ष्मी अन्नपूर्णा माता खाट ूश्याम मन्दिर में यज्ञ हवन हुआ। नवरात्रि में 51 शक्ति पीठों के मंगल कलश एवम् दुर्गा शक्ति की आराधना पर्व का विसर्जन मंगल कामना के साथ हुआ। सभी देवी देवताओं का भव्य व दिव्य दर्शन एवम् प्रसाद एभंडारा का आयोजन किया जिसमे नगर के सैकड़ो भक्तो ने भाग लिया और कार्यक्रम का आध्यात्मिक लाभ उठाया। यज्ञ हवन मे विजय प्रकाश त्रिपाठी, गणेश मिश्रा,अनिल त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, प्रमोद मिश्रा ने भाग लिया। इस मौके पर मयंक गुप्ता,रचित अग्रवाल,विजय खन्ना, दीपू गुप्ता, संजीव मिश्रा, रवि अवस्थी, मुन्ना पांडेय, अंकित अग्रवाल, जीतू शुक्ला आदि ने व्यवस्था देखी।

# मामूली विवाद में बड़े भाई ने कर दी छोटे भाई की हत्या

- बाइक ले जाने की बात को लेकर रात में बढ़ा था विवाद
- बच्चों की लकड़ी के तीन पहिया खिलौने से किया प्रहार

**फतेहपुर।** बिना बताए बाइक ले जाने की बात को लेकर दो सगे भाईयों में शनिवार की रात इतना विवाद बढ़ा कि नौबत मारपीट तक आ पहुंची। शराब के नशे में बड़े भाई ने छोटे भाई पर बच्चों की लकड़ी की तीन पहिया खिलौने से सिर पर हमला कर दिया। जिससे छोटे भाई की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को हिरासत में ले लिया और सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खागा तहसील के थाना सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के पतेरिया गांव निवासी श्रीकृष्ण रैदास ने शनिवार की रात अपने छोटे भाई शिवबाबू रैदास के सिर पर लकड़ी के खिलौने से वार क्र दिया। जिससे मौके पर ही शिवबाबू की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने आरोपी श्रीकृष्ण का हिरासत में ले लिया। सुबह घटनास्थल पर पहुंचे एएसपी विजय शंकर मिश्र पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम बिना बताए बाइक ले जाने की मामूली बात पर दोनों भाईयों में विवाद हुआ था।

विवाद इतना बढ़ा कि श्रीकृष्ण ने शराब पीने के बाद अपने ही छोटे भाई पर बच्चों के खेलने वाले लकड़ी के तीन पहिया खिलौने से सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# भारत विकास परिषद की महादेवी शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न हुआ

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**भारत** विकास परिषद माहियसी महादेवी शाखा फर्रुखाबाद का दायित्व ग्रहण समारोह सेनापति स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भूषण जुनेजा , क्षेत्रीय महासचिव उत्तर मध्य क्षेत्र 2 एवं विशिष्ट अतिथि आदरणीय विवेक कुलश्रेष्ठ शपथ अधिकारी के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

दायित्व ग्रहण में देव कुमार शर्मा अध्यक्षए पंकज वर्मा सचिव, गौरव मिश्रा कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार शर्मा संगठन सचिव एवं ज्योति शर्मा महिला संयोजिका के रूप में दायित्व ग्रहण किया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करें । 11 नवीन सदस्यों ने महीयसी महादेवी शाखा की सदस्यता ग्रहण की। नवीन सदस्यों में श्रीमती प्रीति गुप्ता, नितिन बंसल, संजय गुप्ता, महेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, सुनीता गुप्ता, राजीव बरतरिया, विष्णु अरोड़ा, चित्रा अग्निहोत्री आदि ने नवीन सदस्यता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अन्य शाखों से आए सदस्यों कन्हैया लाल जैन, अतुल रस्तोगी, अनुपम पुरवार,श्रीमती रीता दुबे, श्रीमती अनीता पाठक, आशा वर्मा, संजय दुब, आरके वर्मा, ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में शाखा के सभी सदस्यों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। वित्त सचिव ने अपना पूरी साल का आय व्यय प्रस्तुत किया एवं निवर्तमान सचिव ने वर्ष 2023ए 24 के वर्ष भर के अपने द्वारा किए गए कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। प्रांतीय वित्त सचिव आलोक रायजादा ने नवीन सदस्यों का उत्तरी पहनाकर सम्मान किया एवम् बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अभिषेक श्रीवास्तव ने किया।

विशिष्ट अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ ने नवीन सदस्यों को भारत विकास परिषद के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि भारत भूषण जुनेजा ने जनपद की शाखाओं से पधारे दायित्वधारियों को परिषद के दिशानिर्देश दिए एवम् आवश्यक जानकारी दी।

## लाल बहादुर शास्त्री के छात्रों ने लहराया परचम

**फतेहपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में शहर के पनी मुहल्ला स्थित लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज में इंटर मीडिएट तथा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। जिसमे मंतशा एवं इकरा ने इंटरमीडिएट में 90 प्रतिशत अंक एवं हाईस्कूल में अक्षत एवं जोया ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर उनका मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी तरह छात्र-छात्राएं मेहनत करके अपना, अपने माता-पिता, गुरूजनों व विद्यालय का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कमल चन्द वर्मा, राम किशोर गुप्ता, आशीष मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुदुश, रवि कुमार, लीना श्रीवास्तव, शिवानी श्रीवास्तव राजकुमार, रवि गुप्ता, अंशुमान तिवारी आदि रहे।

# नाला खुदाई के दौरान दीवार गिरने से हुई मजदूर की मौत



**संडीला, हरदोई।** नाला खुदाई के दौरान एक दीवार के अचानक गिर जाने से खुदाई का कार्य कर रहे एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि प्रभावशाली ठेकेदार के दबाव में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इमलियाबाग में नगर पालिका परिषद की ओर से नाला खुदाई और निर्माण का कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य का ठेका बताया जाता है कि सत्तारूढ़ पार्टी के अत्यंत प्रभावशाली नेता का है। इस नाले के निर्माण कार्य में 20 अप्रैल की शाम कई मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच इमलियाबाग चौराहे पर निर्माणाधीन नाले के बगल की स्व0 डॉ0 श्रीनाथ मिश्रा की दीवार गिर गयी। निर्माण कार्य में लगे श्रमिक कूदकर बाहर आ गए। इन श्रमिकों में मोहल्ला माकूम कुंआ निवासी 50 वर्षीय रफीक पुत्र मोहम्मद अली जो एक पैर से लंगड़ाकर चलता था, इस मलबे के नीचे दब गया लेकिन उस ओर न तो ठेकेदार और न ही किसी अन्य श्रमिक ने ध्यान दिया। सभी अपने अपने घर चले गए। सुबह जब भवन स्वामी ने अपनी दीवार की ईंटे हटवाईं तो उसके नीचे रफीक का शव दिखाई दिया, जिससे हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मिलने पर मृतक के घरवाले मौके पर पहुंचे और विरोध शुरू किया लेकिन तब भी ठेकेदार मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और रफीक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

# ईडी ने शराब घोटाले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार किया

**भाषा।** रायपुर



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने राज्य में 2,000 करोड़ रुपए के कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

संघीय एजेंसी ने 2003 बैच के अधिकारी को शनिवार को रायपुर स्थित आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू)/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के कार्यालय से हिरासत में लिया, जहां वह और उनके बेटे यश टुटेजा इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे। ईडी ने उन्हें जांच में शामिल होने और अपने बयान दर्ज कराने के लिए ईओडब्ल्यू/एसीबी कार्यालय में तलब किया था, जिसके बाद उन्हें यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में ले जाया गया। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी से पूछताछ की गई और बाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के बाद यश टुटेजा को जाने दिया गया। सूत्रों ने बताया कि आईएएस अधिकारी को रिमांड पर लेने के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने की संभावना है।अनिल टुटेजा पिछले साल प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। उच्चतम न्यायालय ने आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित ईडी की प्राथमिकी को हाल में रद्द कर दिया था जिसके बाद संघीय एजेंसी ने कथित शराब घोटाला मामले में धनशोधन का एक नया मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने मामले में अपनी जांच का विवरण राज्य ईओडब्ल्यूएसीबी के साथ साझा किया था और आपराधिक मामला दर्ज करने का अनुरोध किया था। राज्य ईओडब्ल्यूएसीबी द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने उस शिकायत का संज्ञान लेते हुए धनशोधन का एक नया मामला दर्ज किया।ईओडब्ल्यूएसीबी ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा कांग्रेस को हराए जाने के लगभग एक महीने बाद 17 जनवरी को यह प्राथमिकी दर्ज की थी और पूर्व मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड और अन्य सहित 70 व्यक्तियों तथा कंपनियों को इसमें नामजद किया था। ईडी ने अपराध से अर्जित आय लगभग 2,161 करोड़ रुपए होने का अनुमान लगाया था। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ में बेची गई शराब की हर बोतल से अवैध धन एकत्र किया गया था और रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर के नेतृत्व वाले शराब सिंडिकेट द्वारा कमाए गए 2,000 करोड़ रुपए के धनशोधन तथा अप्रत्याशित भ्रष्टाचार के सबूत मिले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा था कि यह कदम राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा था कि पिछले तीन वर्षों से, ईडी और आयकर विभाग मामलों की जांच कर रहे थे तथा अब उन्होंने एसीबी को अपराध दर्ज करने की सिफारिश की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था, पहले हमारी पार्टी के कई नेताओं के नाम जांच में सामने नहीं आए थे, लेकिन अब उनके नाम (ईओडब्ल्यूएसीबी की) प्राथमिकी में दर्ज किए गए हैं। यह लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें बदनाम करने के लिए किया गया है।... मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा था, ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है और वह अपना काम करती रही है। इसका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है।

# इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए रद कर दिया जाएगा : चिदंबरम

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को वादा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के केंद्र में सत्तारूढ़ होने पर संसद के पहले सत्र में ही विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इरादा सीएए को रद्द करने का है, भले ही उसके घोषणापत्र में इसका उल्लेख नहीं किया गया हो। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राजनेता कांग्रेस पर इस बात को लेकर लगातार निशाना साध रहे हैं कि उसके घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख नहीं है। यहां मीडिया से बातचीत में चिदंबरम ने दावा किया कि घोषणापत्र में सीएए का उल्लेख इसलिए नहीं किया गया था क्योंकि यह बहुत लंबा हो गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है क्योंकि इसने संसद में प्रचंड बहुमत का दुरुपयोग किया। चिदंबरम ने कहा, कानूनों की एक लंबी सूची है, जिनमें से पांच कानून पूरी तरह से रद्द कर दिए जाएंगे। ए, मैं वादा है, मैं घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष हूं। मैंने इसका एक-एक शब्द लिखा है, मुझे पता है कि इरादा क्या था। सीएए संशोधित नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे रद्द कर दिया जाएगा। हमने इसे स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के केंद्र में सत्तारूढ़ होने पर संसद के पहले सत्र में ही विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने विजयन के इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस ने कानून का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम के कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने संसद में सीएए के खिलाफ अपने विचार रखे थे। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश के लोगों से यह सच्चाई छिपा रही है कि हजारों वर्ग किलोमीटर भारतीय भूमि पर चीनी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है।

चिदंबरम ने कहा, यह एक तथ्य है जिसकी गवाही लद्दाख के सांसद ने दी है। इस तथ्य की गवाही अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों ने दी है। इसलिए यह कहना कि उन्होंने हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा, भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।

चिदंबरम ने दावा किया कि मोदी की गारंटी उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है। उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो वह संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में नौकरियों और धन पैदा करने की बात की गई है जिसके बारे में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी चुप है। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ इन दिनों मुखर दिख रहे विजयन की भी आलोचना की और वामपंथी नेता से इस चुनाव को राष्ट्रीय चुनाव के रूप में देखने के लिए कहा।


# भीषण सड़क दुर्घटना में तीन भाइयों समेत नौ की मौत

**कोटा (राजस्थान)।** विवाह समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे नौ लोगों की राजस्थान के झालावाड़ जिले में शनिवार देर रात उस समय मौत हो गई जब उनकी कार सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे की चपेट में आए लोग एक विवाह समारोह में भाग लेकर भोपाल के डूंगरी गांव से लौट रहे थे। इस दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों की आयु 16 से 30 वर्ष थी।एकलेरा पुलिस थाना प्रभारी संदीप विशोनी ने बताया कि मृतकों में 16 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय सोनू और 24 वर्षीय दीपक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ए तीनों भाई थे।उन्होंने कहा कि अन्य मृतकों की पहचान 24 वर्षीय अशोक, 33 वर्षीय हेमराज, 25 वर्षीय रविशंकर और 20 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ए सभी झालावाड़ के एकलेरा गांव में बागरी मोहल्ले के रहने वाले थे। थाना प्रभारी ने बताया कि 22 वर्षीय रोहित और 20 वर्षीय रामकिशन की भी इस हादसे में मौत हो गई जो झालावाड़ के खानपुर इलाके और बारां जिले के हरनावदा के रहने वाले थे। विशोनी ने बताया कि 18 वर्षीय मनीष बागरी की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम ने बताया कि हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की चपेट में आए लोगों के रिश्तेदार गोपाल बागरी ने बताया कि रात करीब साढ़े 12 बजे तीन कारों और दो पिकअप गाड़ियों में करीब 35-40 बाराती डूंगरी से निकले थे। उन्होंने कहा कि रास्ते में वे भोपाल रोड पर स्थित खिमची गांव में चाय पीने के लिए रुक गए लेकिन अन्य कार आगे बढ़ गई। गोपाल बागरी ने बताया कि लगभग 10 मिनट बाद उन्होंने अपनी यात्रा फिर से शुरू की और कुछ मिनट की यात्रा के बाद लगभग सवा दो बजे उन्हें पचोला गांव के पास एक कार क्षतिग्रस्त अवस्था में एक ट्रक में फंसी हुई मिली।गंभीर रूप से घायल लोगों को बाहर निकालने के लिए बचावकर्मियों को कार का पिछला दरवाजा तोड़ना पड़ा। दुर्घनाग्रस्त कार में सवार पांच लोगों को एक निजी अस्पताल और चार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे पीएचडी कर सकेंगे : यूजीसी

**नई दिल्ली।** चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं।

# पति के पत्नी से यौन संबंध न बना पाने के आधार पर विवाह को निरस्त किया



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता और दंपति की हताशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी नपुंसकता से है जिसमें व्यक्ति किसी विशेष व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ हो सकता है, लेकिन दूसरे व्यक्तियों के साथ वह यौन संबंध बनाने में सक्षम हो सकता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न स्थिति होती है। न्यायमूर्ति विभा कांकणवाडी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाते। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी एक जानी-पहचानी स्थिति है और यह सामान्य नपुंसकता से अलग है।अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं।

उच्च न्यायालय ने कहा, मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। इसने कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने संभवत: शुरुआत में संभोग न कर पाने के लिए अपनी पत्नी को जिम्मेदार ठहराया क्योंकि वह यह स्वीकार करने से हिचकिचा रहा था कि वह उसके साथ संभोग करने में असमर्थ है। दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि उसके पति ने उसके साथ यौन संबंध बनाने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है।

इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। बहरहाल, पारिवारिक अदालत ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ए दावे किए हैं।

# केरल के मुख्यमंत्री ने त्रिशूर पूरम विवाद की जांच का आश्वासन दिया

**कासरगोड।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को कहा कि मंदिर प्रबंधन और हाल ही में आयोजित त्रिशूर पूरम उत्सव में शामिल होने वाले लोगों द्वारा की गई शिकायतों की गंभीरता के साथ जांच की जाएगी। त्रिशूर में प्रसिद्ध वडक्कुन्नाथन मंदिर के विशाल मैदान में हजारों लोग शुक्रवार को भव्य त्रिशूर पूरम उत्सव में शामिल हुए। हालांकि, पुलिस द्वारा लगाए गए कथित प्रतिबंधों और अनुष्ठानों में उसके कथित हस्तक्षेप के कारण पैदा हुए विवादों ने इस प्रतिष्ठित मंदिर उत्सव की चमक कम कर दी। मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र की हस्तक्षेप की सीमाएं हैं, लेकिन उन्होंने इस मामले की राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से जांच कराने का वादा भी किया। विजयन ने कहा, इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए कि पूरम उत्सव वाले दिन क्या हुआ था। देवस्वओम अधिकारियों द्वारा एक शिकायत भेजी गई है...पुलिस महानिदेशक को इन घटनाओं की जांच करने और इस बारे में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उत्सव के इतिहास में पहली बार कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में से एक आतिशबाजी का प्रदर्शन दिन में हुआ। शनिवार को दिन के उजाले में आतिशबाजी की वजह से इसको लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिखा। पूरम उत्सव के समापन के बाद, उत्सव में जुटी भीड़ को संभालने को लेकर तिरुवंबाडी और परमेक्कावु देवस्वओम के अधिकारियों और पुलिस के बीच विवाद पैदा हो गया। तिरुवंबाडी और परमेक्कावु देवस्वओम त्रिशूर पूरम उत्सव के मुख्य आयोजक हैं। पुलिस के साथ बहस के बाद, तिरुवंबाडी देवस्वओम ने उत्सव की शोभायात्रा को रद्द कर दिया और पारंपरिक अनुष्ठानों को सादे तरीके से आयोजित किया। आतिशबाजी का प्रदर्शन तड़के तीन बजे शुरू होने वाला था लेकिन इसका आयोजन सुबह सात बजे के बाद हुआ। शुक्रवार रात को आतिशबाजी देखने के लिए राज्य भर से आए लोगों ने इसे स्थगित किए जाने का कड़ा विरोध किया।

पूरम उत्सव में पुलिस के कथित हस्तक्षेप और आतिशबाजी के प्रदर्शन में देरी के कारण राज्य में राजनीतिक दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और विपक्षी कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस मुद्दे पर राज्य की वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) सरकार की आलोचना की है। विजयन ने कहा कि सरकार और मंदिर प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं और उन्होंने उसने शुक्रवार को पूरम उत्सव में शामिल होने का अनुरोध भी किया था, लेकिन चुनाव प्रचार कार्यक्रम के कारण वह शामिल नहीं हो सके।

# रेलवे को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाना पड़ेगा : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित करना चाहती है ताकि उसे इसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके। उन्होंने लोगों से आम आदमी की सवारी को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाने का अनुरोध किया। राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधने के लिए एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं।कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमजोर कर अयोग्य साबित करना चाहती है ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके।

## पेज 1 का शेष

### शराब पर....

डिब्बे को हाथ के रूमाल या धोती जैसे कपड़े के टुकड़े में लपेटकर करते हैं और फिर नशा करने के लिए सूंघते हैं। जो परिवार ऐसे नशे की चपेट में वे अब अपने बच्चों के पैसे की कमी के कारण शराब की तस्करी में शामिल होने या उनके बच्चों के सुखा नशा के शिकार होने के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं। मुजफ्फरपुर के मालीघाट चौक के पास एक गांव के विष्णु यादव ने बताया, मेरा 21 साल का बेटा गांजे पीता है। मैं उसे पटना के पास फुलवारी के पुनर्वास केंद्र में भी ले गया। वह अभी भी इसमें शामिल है और जब उससे काम लिया जाता है तो वह खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता है। मेरे पास कोई विकल्प नहीं है लेकिन मैंने अपने बेटे से दिन में केवल दो बार लेने का आग्रह किया है। मैंने उसे सगाई करने के लिए एक चाय की दुकान भी दी है। वह पटना शहर के एक प्रमुख कोचिंग संस्थान के बैग में शराब की तस्करी करके अपने गांजे के सेवन के लिए धन जुटाता है। विष्णु ने टिप्पणी की कि संपूर्ण राज्य मशीनरी, राजनीतिक दल और लोकसभा चुनाव के वर्तमान प्रतियोगियों सहित उनके नेता राज्य में इस प्रकार की शराब और नशीली दवाओं के तंत्र के बारे में जानते हैं, लेकिन वे इस पर ध्यान नहीं देते हैं और कुछ राज्यों में अधिकांश परिवार इसके प्रभाव में हैं। शराबबंदी लागू होने के बावजूद राज्य को जहरीली शराब की त्रासदियों का सामना करना पड़ रहा है, जैसी हाल के दिनों में मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, बेतिया, समस्तीपुर, वैशाली, नवादा और यहां तक कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा से भी इस तरह की दुखद घटनाएं सामने आई हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए-गठबंधन और राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच झूल रही नीतीश के नेतृत्व वाली बिहार सरकार को राज्य में शराब प्रतिबंध के खराब कार्यान्वयन को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। बिहार में अप्रैल 2016 में शराब प्रतिबंध लागू किया गया था जब नीतीश ने राजद और कांग्रेस के समर्थन से सीएम का पद संभाला था, इस कदम की कुछ वर्षों तक सराहना की गई थी।

### देश....

उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या। आप मुझे बताइए अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या। आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिए तरसाया है। उन्होंने कहा, इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा आज देश कांग्रेस को दे रहा है और खासकर के देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर कटाक्ष करते हुए कहा, इन्होंने अवसरवादी इंडी एलायंस बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ए गठबंधन वाले ही आपस में ही लड़ रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में देश की 25 प्रतिशत सीट ऐसी हैं, जहां ए गठबंधन के लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, अब हमारी भजनलाल सरकार आई है तो वो घोटाले की जांच भी कर रही है। अगर यहां कांग्रेस सरकार नहीं होती तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है। अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदी देनी है। पीएम ने कहा कि वह संकल्प लेकर चल पड़े हैं। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाना है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने एक अवसरवादी इंडिया गठबंधन बनाया है, (यह एक पतंग की तरह है जिसकी डोर को उड़ने से पहले ही काट दिया गया है। यह केवल नाम का गठबंधन है क्योंकि इसके घटक दल कई राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में देश की पच्चीस फीसदी सीटें ऐसी हैं जहां इस गठबंधन के लोग एक-दूसरे को खत्म करने में लगे हैं, एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव के बाद वे लूट के लिए और कितना संघर्ष करेंगे। क्या हम इतना बड़ा देश इन लोगों को सौंप सकते हैं। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि 60 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं और बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी-छोटी चीजों से भी वंचित रखा। किसी को प्रधानमंत्री की परवाह नहीं थी। सरकार रिमोट कंट्रोल से चलती थी। उनकी ही पार्टी का एक नेता मीडिया के सामने कैबिनेट द्वारा पारित अध्यादेश को फाड़कर फेंक देता है। मोदी ने गारंटी दी है कि दिल्ली में बैठा यह बेटा हर परिवार के 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक का खर्च उठाएगा।

### केरल में...

उल्लंघन करने के आरोप में चार और मतदान अधिकारियों को निलंबित कर दिया। मतदान अधिकारियों का चयन राज्य सरकार के उन अधिकारियों में से किया गया है जो सीपीआई (एम) के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।

### रांची....

बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया भाजपा ने केजरीवाल और उनके पति हेमंत सोरेन को चुनाव से ठीक पहले उन ताकतों ने जेल में डाल दिया। कल्पना ने लोगों से भाजपा को राज्य से बाहर का रास्ता दिखाने का अनुरोध करते हुए दावा किया कि अगर भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो वह आदिवासियों के लिए एक बड़ा खतरा होगा। कल्पना सोरेन के गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव लड़ने की संभावना है, जो 20 मई को होना है।

### केजरीवाल..

शुगर ईडी की हिरासत में गिरी थी और 46 पहुंच गई थी। इसीलिए, अधिकतर मरीज अपनी जेब में कुछ टॉफी या मीठा खाने का सामान रखते हैं, ताकि अचानक शुगर गिरने पर वह खा सके और मरीज की जान बच जाए। जेल प्रशासन को चुनौती देते हुए सौरभ ने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी के संयोजक द्वारा जारी की गई रिपोर्ट गलत है तो केंद्र जेल प्रशासन मीडिया के सामने इस बात को कहे। उन्होंने दावा किया कि वह ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि केजरीवाल द्वारा जारी की गई रिपोर्ट जेल में उनकी शुगर जाँचने के लिए लगी मशीन में दर्ज है। पिछले 20 दिन की जो रिपोर्ट जारी की है वह सारी रिपोर्ट उस मशीन में दर्ज है, जिसे जेल प्रशासन झुठला नहीं सकता। यह समझ के परे है, कि जेल प्रशासन आप प्रमुख की बढ़ी हुई शुगर को क्यों छुपा रहे हैं। उन्होंने इसके पिछे सिर्फ एक ही बात समझ में आती है, कि उनकी शुगर लगातार बढ़ी रहे और तर्क कुतर्क करके मीडिया में माहौल बना के रखा जाए और बढ़ी हुई शुगर के कारण धीरे-धीरे केजरीवाल के अन्य अंग जैसे किडनी, लीवर, हार्ट, आंखें आदि खराब हो जाए और उनकी मृत्यु हो जाए।

### मौसम के...

सरकार ने 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तीन दिनों के लिए स्कूलों में सुबह 6.30 से 10.30 बजे तक सुबह की कक्षाओं की भी घोषणा की है। राज्य के झारसुगुड़ा और क्योंझर कस्बों में रविवार दोपहर 2.30 बजे तक उच्चतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छह अन्य स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। आईएमडी वैज्ञानिक उमाशंकर दास ने कहा कि वे हीराकुंड (41.8 डिग्री सेल्सियस), राउरकेला (41.8), संबलपुर (41.7), भुवनेश्वर (41.6), चांदबली (41.6) और बालासोर (40.5 डिग्री सेल्सियस) थे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और ऑग्सबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन, जो हाइड्रोमेटोरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित हुआ है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय उपमहाद्वीप में भविष्य में चरम मौसम की घटनाओं की बढ़ती संख्या का अनुभव होने की संभावना है। सिंधु और गंगा नदियों के आसपास का उपजाऊ और घनी आबादी वाला मैदान जलवायु परिवर्तन का हॉटस्पॉट बनने की संभावना है, जिसके करोड़ों लोगों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसा कि यौगिक चरम घटनाओं के रूप में संदर्भित जांच के बाद अध्ययन में कहा गया है। ऑग्सबर्ग विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ क्लाइमेट रेजिलिएंस के प्रोफेसर डॉ. हेराल्ड कुन्स्टमैन ने कहा, इस तरह की मौसमी घटनाओं के संयोजन से होने वाली क्षति आमतौर पर विशेष रूप से गंभीर होती है।

# ममता के शासन में अराजकता फैली : राजनाथ

भाषा। जलांगी (पश्चिम बंगाल)



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के शासन में अराजकता फैली हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद संदेशखालि जैसी घटनाएं हो रही हैं। राजनाथ ने यहां मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार गौरी शंकर घोष के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार के शासन में अराजकता फैली हुई है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार के आरोपों को लेकर दुनिया भर के लोग शर्मिंदा हैं। तृणमूल कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेताओं पर राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के साथ-साथ आदिवासियों सहित ग्रामीणों की जमीन हड़पने के आरोप लगे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, यहां राज्य में गुंडों का बोलबाला है और लोग डरे हुए हैं। बंगाल भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के सबसे महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक था, जिसने देश को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के माध्यम से राष्ट्रीय गीत और रवींद्रनाथ टैगोर के जरिए राष्ट्रगान दिया, लेकिन अब बंगाल आपराधिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। राजनाथ ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि राज्य में एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद संदेशखालि जैसी घटनाएं कैसे हो सकती हैं, अगर राज्य में भाजपा जीतती है, तो कोई भी ऐसी घटनाओं को दोहराने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने कहा, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी जांच करने जाते हैं तो उन पर गुंडों द्वारा हमला किया जाता है... राज्य में कानून व्यवस्था मौजूद नहीं है। किसी भी राज्य का विकास, वहां कानून-व्यवस्था की बेहतर स्थिति पर निर्भर करता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार के शासनकाल में राज्य में लूट चल रही है। उन्होंने कहा, स्कूली नौकरियों की भर्ती में भी घोटाला हुआ, ऐसा लगता है कि प्रदेश में हर चीज में घोटाला हो रहा है। रक्षा मंत्री ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर तृणमूल सुप्रीमो के जोरदार विरोध को लेकर कहा कि यह कानून पश्चिम बंगाल में जरूर लागू होगा। सिंह ने कहा कि धार्मिक आधार पर शरणार्थी के रूप में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से पश्चिम बंगाल सहित भारत के अन्य हिस्सों में आए लोगों को नागरिकता दी जाएगी और ऐसा करने से दुनिया की कोई ताकत सरकार को नहीं रोक सकती। सिंह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में बुरा बोलती हैं , जबकि वह पश्चिम बंगाल सहित देश के सभी लोगों के विकास के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने गरीबी हटाने की बात कही थी, लेकिन यह पहली बार है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस लक्ष्य को सही मायने में हासिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग और कई विशेषज्ञों ने कहा है कि मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

# मुझे, अभिषेक को निशाना बना रही भाजपा, हम सुरक्षित नहीं : ममता



**कुमारगंज (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें और उनके भतीजे एवं तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को निशाना बना रही है तथा वे दोनों सुरक्षित नहीं हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक दिन पहले कहा था कि सोमवार को एक बड़ा धमाका होगा, जो तृणमूल और उसके शीर्ष नेतृत्व को हिला कर रख देगा, जिसके बाद ममता ने यह आरोप लगाया है। बलूरघाट लोकसभा क्षेत्र के कुमारगंज में पार्टी उम्मीदवार और राज्य में मंत्री बिप्लब मित्रा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा, भाजपा मुझे और अभिषेक को निशाना बना रही है। हम सुरक्षित नहीं हैं लेकिन हम केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की साजिश से भी नहीं डरते हैं। हम तृणमूल नेताओं और पश्चिम बंगाल के लोगों के खिलाफ साजिश के प्रति सावधान रहने का हर किसी से आग्रह करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक गद्दार है, जिसने अपने परिवार और अवैध संपत्ति को बचाने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया। मैं उन्हें बता दूं कि चॉकलेट बम धमाका करने की उनकी धमकी को हम तवज्जो नहीं दे रहे हैं। हम पटाखे फोड़कर उनका मुकाबला करेंगे। हम पीएम केयर फंड में विसंगतियों और प्रत्एक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपए भेजने के जुमले को उजागर कर रहे हैं। वे केवल झूठ फैलाते हैं। ममता ने भाजपा पर धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और सवाल किया, दूरदर्शन का लोगो अचानक भगवा क्यों हो गया? सेना के जवानों के आधिकारिक आवास को भगवा रंग से क्यों रंगा गया? काशी (विश्वनाथ मंदिर) में पुलिस की वर्दी भगवा रंग की क्यों कर दी गई? उन्होंने कहा, हम फैसले (दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलने) का कड़ा विरोध करते हैं...यह भाजपा के निरंकुश शासन का एक और उदाहरण है। यदि वह सत्ता में बनी रहती है तो भविष्य में कभी चुनाव नहीं होंगे। एक व्यक्ति, एक पार्टी का शासन होगा और विभिन्न समुदायों के धार्मिक अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के लोकसभा क्षेत्र बलूरघाट में दूसरी जनसभा में ममता ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्र पर केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर है।

## भाजपा ने कंगना रनौत के चरित्र हनन को लेकर कांग्रेस के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

भाषा। शिमला

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई ने अभिनेत्री एवं मंडी लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार कंगना रनौत की फिल्मों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर उन्हें कथित तौर पर नकारात्मक रूप से चित्रित करने के सिलसिले में रविवार को कांग्रेस और हमीरपुर युवा कांग्रेस क्लब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, निंदनीय और आक्रामक भाषा का उपयोग करने के लिए कांग्रेस के खिलाफ उचित कानूनी कार्वाई शुरू करने का आग्रह किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने विभिन्न प्रकोष्ठों को सोशल मीडिया पर कंगना के चरित्र हनन का निर्देश दिया है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग और हिमाचल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी अपनी शिकायत में कहा कि हमीरपुर युवा कांग्रेस क्लब ने कंगना की कलात्मक गतिविधियों की एक तस्वीर का इस्तेमाल उन्हें एक नकारात्मक चरित्र के रूप में चित्रित करने के लिए किया है और अपमानजनक दोहरे अर्थ वाली टिप्पणियां पोस्ट की हैं। भाजपा की राज्य इकाई के मीडिया प्रभारी करण नंदा की ओर से दायर शिकायत में कांग्रेस नेताओं द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 के प्रावधानों, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), 1951 और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का बार-बार गंभीर उल्लंघन किए जाने के उदाहरणों का हवाला दिया गया है। करण नंदा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हमीरपुर युवा कांग्रेस क्लब के जिस पेज पर कंगना की टिप्पणी के साथ फोटो पोस्ट की गई है, उसके 10 हजार फॉलोअर्स हैं। भाजपा ने निर्वाचन आयोग से कांग्रेस के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को ध्यान में रखने का भी आग्रह किया, जो खतरनाक पैटर्न का पालन कर रही है। इसमें यह भी बताया गया है कि कांग्रेस नेता आदतन अपराधी हैं और उनका कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने का इतिहास है। भाजपा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस नेताओं ने कंगना के खिलाफ ऐसी आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की है।

# परिवारवाद की राजनीति के कारण विलुप्त होती जा रही कांग्रेस : नीतीश

भाषा। किशनगंज



**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कांग्रेस पर आजादी के बाद से ही परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि यही कारण है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी देश भर में विलुप्त होती जा रही है। लालू यादव के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष ने अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी लालू पर राजनीति में अपने बच्चों को बढ़ावा देने में व्यस्त रहने का आरोप लगाया।जदयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम के समर्थन में किशनगंज में एक सभा को संबोधित करते हुए कुमार ने राजद सुप्रीमो का नाम लिए बिना कहा, वे (राजद) परिवारवादी पार्टियां हैं। पहले वह (लालू) खुद सत्ता में थे...फिर अपने बेटों को आगे बढ़ाया...अब वह अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने में व्यस्त हैं।उन्होंने कहा, मेरे परिवार से राजनीति में कोई नहीं है। हम लोग तो सब के लिए काम करते हैं। आजादी के बाद कांग्रेस का क्या हुआ...सभी (जो पार्टी चला रहे हैं) एक ही परिवार से हैं। इसी लिए तो कांग्रेस ख़त्म हो रहा है। कुमार ने लालू के बेटे तेजस्वी यादव के संदर्भ में कहा, मैंने सारे काम किए...मैंने सारे फैसले लिए और वह श्रेय लेते हैं...लोग जानते हैं कि उन्होंने (राजद) अपने शासन के दौरान क्या किया। हमारी सरकार किशनगंज सहित इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कई कार्य कर रही है। हमने अल्पसंख्यक समुदायों के लिए बहुत काम किया है। बिहार में किशनगंज के साथ-साथ कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान होगा।

## क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी: मोहन यादव



**भोपाल।** दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियो के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी। यादव ने एक बयान में कहा कि वामपंथी और विपक्षी दल यह नही समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। सार्वजनिक प्रसारक दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है। विपक्षी दलों के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा, कांग्रेस क्या चाहती है? वामपंथी और विपक्षी दल यह नही समझते कि भगवा हमारे त्याग और वैराग्य का प्रतीक है। अब अगर भगवा का इतना ही विरोध है तो क्या कांग्रेस अपने झंडे से यह रंग हटाने की हिम्मत करेगी? उन्होंने विपक्षी दलों पर संपूर्ण सनातन और हिंदू संस्कृति का अपमान करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगो के रंग मे बदलाव को लेकर कांग्रेस और वामपंथियों के बयानों से हंसी आती है और गुस्सा भी आता है। विपक्षी दलों ने लोगो के रंग मे बदलाव किए जाने की आलोचना की है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे चुनाव के दौरान दूरदर्शन के भगवाकरण का प्रयास करार दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में, मै चाहता हूं कि प्रसार भारती लोगो का रंग बदलने के बजाय सार्वजनिक प्रसारक की सामग्री को बेहतर बनाने पर अधिक ध्यान केंद्रित करे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलने की आलोचना करते हुए कहा कि यह हर चीज का भगवाकरण करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश की शुरुआत है।

## क्विक न्यूज

### बंगाल की मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर अमित मालवीय के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय के एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सूत्र ने रविवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया गया कि टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। पीटीआई इस पोस्ट की सत्यता की पुष्टि नही कर पाई है। मीडिया की खबरों का हवाला देते हुए भट्टाचार्य ने शनिवार को कोलकाता के गरियाहाट थाने में दायर शिकायत में कहा कि मालवीय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बारे में एक अपमानजनक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने शिकायत में दावा किया कि झूठा आरोप लगाने वाले सोशल मीडिया पोस्ट ने बनर्जी की छवि और प्रतिष्ठा को खराब किया है। वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भट्टाचार्य की शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि लोकसभा चुनाव के बीच यह पोस्ट चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के इरादे से किया गया।

### पंजाब के शंभू में पांचवें दिन भी रेल पटरी पर किसानों के बैठे रहने के कारण 73 ट्रेन रद्द

**अंबाला।** पंजाब के पटियाला जिले में शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवे दिन भी किसानो के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले किसान पटियाला जिले के शंभू में विरोध प्रदर्शन कर रहे है। उन्होने गिरफ्तार किसानों की रिहाई के लिए बुधवार को पंजाब-हरियाणा सीमा के पास शंभू में अंबाला लुधियाना-अमृतसर मार्ग पर पटरियो पर बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया। किसान नेताओं का कहना है कि तीनों गिरफ्तार किसानों को रिहा किए जाने तक विरोध जारी रहेगा। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम फसलो के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित उनकी अन्य मांगो को स्वीकार करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए किसानों के दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं।

### सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कुंभाणी का नामांकन पत्र खारिज

**सूरत (गुजरात)।** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का नामांकन पत्र रविवार को खारिज कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रथम दृष्टया प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में विसंगतियां पाई। सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अमान्य करार दिया गया, जिससे विपक्षी पार्टी इस निर्वाचन क्षेत्र मे चुनाव मैदान से बाहर हो गई। निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने अपने आदेश में कहा कि कुंभाणी और पडसाला द्वारा सौंपे गए चार नामांकन फॉर्म को प्रस्तावकों के हस्ताक्षरो मे प्रथम दृष्टया विसंगतियां पाए जाने के बाद खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ए हस्ताक्षर असली नही लग रहे है। आदेश मे कहा गया कि प्रस्तावकों ने अपने हलफनामो मे कहा है कि उन्होंने फॉर्म पर खुद हस्ताक्षर नही किए है। इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के वकील बाबू मंगुकिया ने कहा, नीलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए है। चार प्रस्तावकों ने कहा है कि फॉर्म पर उनके हस्ताक्षर नहीं है। उन्होंने कहा कि अब उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मुकेश दलाल के चुनाव एजेंट दिनेश जोधानी ने शनिवार को नामांकन पत्र पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस उम्मीदवार को अपना पक्ष रखने के लिए रविवार सुबह उपस्थित होने का समय दिया था। कुंभाणी ने अपने जवाब मे कहा कि प्रस्तावकों ने उनकी मौजूदगी मे अपने हस्ताक्षर किए थे और उनके हस्ताक्षरो की जांच लिखावट विशेषज्ञ से कराई जानी चाहिए।

### ठगा हुआ महसूस कर रहा हूं : भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान प्रबोध तिर्की ने कांग्रेस छोड़ने पर कहा

भुवनेश्वर। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान प्रबोध तिर्की ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार नही बनाए जाने पर कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद रविवार को कहा कि पार्टी ने उनके साथ विश्वासघात किया है। तिर्की ने पीटीआई-भाषा से बातचीत मे कहा कि कांग्रेस ने वजह बताए बिना उनकी उम्मीदवारी वापस लेकर उनका अपमान किया है। पार्टी ने सुंदरगढ़ जिले में तलसारा विधानसभा सीट पर तिर्की के स्थान पर देबेंद्र भितरिया को प्रत्याशी बनाया है। तिर्की ने कहा, मै कांग्रेस नेतृत्व द्वारा ठगा हुआ महसूस करता हूं। उन्होंने मेरा भरोसा तोड़ा है। यह मेरा अपमान है क्योंकि पार्टी ने मुझे वजह बताए बिना मेरी उम्मीदवारी वापस ले ली। उन्होंने कहा कि यह खबर उनके तथा उनके समर्थकों के लिए आश्चर्यजनक है। पिछले साल सितंबर मे कांग्रेस मे शामिल हुए तिर्की ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। तिर्की ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शरत पटनायक, ओडिशा के लिए पार्टी के प्रभारी अजय कुमार और वरिष्ठ नेता बिजय पटनायक को फोन किया लेकिन वे मेरा फोन नही उठा रहे है। वह अपने समर्थकों से विचार-विमर्श करने के बाद भविष्य की रणनीति पर फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह बीजू जनता दल (बीजद) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मे शामिल होंगे, इस पर उन्होंने कहा, सभी प्रमुख दलो ने अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए है।

### ताज़ा खबर के दूसरे सीजन से रोमांचित है कलाकार

**मुंबई।** हॉटस्टार स्पेशल्स ताज़ा खबर सीजन 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसे एक्सक्लूसिव रूप से डिज़्नीहॉटस्टार पर रिलीज किया जायेगा। बीबी की वाइंस प्रोडक्शन्स के बैनर तले रोहित राज और भुवन बाम द्वारा निर्मित ताज़ा खबर को हिमांक गौड़ ने निर्देशित किया है। हुसैन और अब्बास दलाल इसके राइटर हैं। सोशल मीडिया सेंसेशन भुवन बाम के अलावा श्रिया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, देवेन भोजानी, शिल्पा शुक्ला, प्रथमेश परबए नित्या माथुर और कई अन्य जाने.माने सितारे इसमें प्रमुख किरदार निभाते नजर आयेंगे। बीबी की वाइंस प्रोडक्शन के सीईओ और ताजा खबर के प्रोड्यूसर रोहित राज ने कहा कि इस सीरीज की शूटिंग करना बेमिसाल अनुभव रहा है। साथ ही यह चुनौतीपूर्ण भी था लेकिन मुंबई में एक लोकेशन से दूसरे लोकेशन तक सफर करने में बिताया गयाए हर पल महत्वपूर्ण रहा। किसी भी प्रोजेक्ट को खत्म करने के बाद उसे अलविदा कहना हमेशा ही एक दुरूखद अनुभव होता हैए क्योंकि सेट पर प्रोजेक्ट से जुड़े हमारे कलाकार और तकनीशियन वास्तव में एक छोटे परिवार की तरह बन गये थे। इनमें से कई लोग तो ऐसे हैं जो पहले सीजन से लेकर दूसरे सीजन तक इस सफर से जुड़े रहे। ताज़ा खबर हमारे दिलों में एक खास जगह रखता है। सीजन 1 के लिये हमें दर्शकों एवं आलोचकों दोनों से ही जो प्यार और सपोर्ट मिलाए वह बेहद प्रेरणादायक रहा और हमें उम्मीद है कि दूसरे सीजन को और भी ज्यादा प्यार एवं सपोर्ट मिलेगा। इस बार हमने अपने स्तर को और भी ऊंचा कर दिया है और ताज़ा खबर 2 के टीज़र को चारों ओर से जिस तरह का रिस्पॉन्स मिल रहा है वह इस बात की पुष्टि करता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमें दर्शकों के सामने इसे अंतिम रूप देकर प्रस्तुत करने का बेसब्री से इंतजार है और उम्मीद है कि हम उनकी अपेक्षाओं को पूरा करेंगे।


## पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह की बहू और मॉडल अनुकृति गुसाईं भाजपा में शामिल

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड के** पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत की बहू और मॉडल अनुकृति गुसाईं रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं।तीस वर्षीया अनुकृति, उत्तराखंड में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में बतौर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव भी लड़ चुकी हैं।यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी इकाई के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने गुसाईं को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। गुसाईं ने लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ दी थी और उसके बाद प्रदेश में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में हुए मतदान से पहले एक वीडियो संदेश जारी करते हुए जनता से भाजपा के पक्ष में वोट डालने और नरेन्द्र मोदी को फिर एक बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की थी।इसके बाद से ही उनके भाजपा में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे।हरक सिंह रावत को 2022 विधानसभा चुनाव से पहले कथित तौर पर कांग्रेस से नजदीकी रखने के कारण भाजपा ने बाहर का रास्ता दिखा दिया था।बाद में, रावत और गुसाईं दोनों कांग्रेस में शामिल हो गए थे और गुसाईं को कांग्रेस ने पौड़ी जिले के लैंसडौन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा था हालांकि उन्हें भाजपा प्रत्याशीा दलीप सिंह रावत से हार का सामना करना पड़ा था।गुसाईं 2014 में मिस इंडिया एशिया पैसिफिक खिताब भी जीत चुकी हैं।

# भाजपा ने रांची में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान झड़प को जंगल राज करार दिया

भाषा। नई दिल्ली



**भाजपा ने** रविवार को रांची में विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली के दौरान हुई झड़प को लेकर कटाक्ष करते हुए इसे जंगल राज का प्रदर्शन करार दिया और कहा कि विपक्षी दलों के कार्यकर्ता इसलिए भिड़े क्योंकि उनके पास देश के लिए कोई साझा दृष्टिकोण नहीं है। चतरा सीट से के.एन. त्रिपाठी की उम्मीदवारी को लेकर इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच कथित तौर पर झड़प होने के बाद भाजपा की यह प्रतिक्रिया आई है। कांग्रेस ने त्रिपाठी को चतरा लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो संदेश में लोगों से लोकसभा चुनाव में मतदान करते समय उम्मीदवारों की अपनी पसंद चुनने में बहुत सावधान रहने को कहा। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, यह कैसा गठबंधन है? रांची में इंडी गठबंधन की संयुक्त रैली में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा एक-दूसरे पर कुर्सियां, मेज, स्टूल और लाठियां फेंकी गईं। आज वे एक-दूसरे का सिर फोड़ रहे हैं, कल्पना कीजिए अगर गलती से वे सत्ता में आ गए तो क्या होगा? उन्होंने आरोप लगाया, यह जंगल राज रैली स्थल पर देखने को मिल रहा है। पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन को जंगल राज और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले दलों का समूह करार दिया और आरोप लगाया कि वे केवल अपने स्वयं के परिवार और भ्रष्टाचार की राजनीति को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता अपनी संयुक्त रैली में एक-दूसरे से भिड़ गए क्योंकि उनके पास देश के लिए कोई साझा दृष्टिकोण नहीं है।

# बिहार में राजग के एकमात्र मुस्लिम सांसद महबूब अली कैसर राजद में शामिल

भाषा। पटना



**लोक जनशक्ति** पार्टी (लोजपा) के सांसद महबूब अली कैसर रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए। वह बिहार में, भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से पिछले लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले एकमात्र मुस्लिम उम्मीदवार थे। कैसर, लोजपा में टूट के समय पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के गुट में शामिल हो गए थे। इस बार, मेल-मिलाप की कोशिशों के बावजूद चिराग पासवान ने कैसर को टिकट देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद वह (कैसर) राजद के नेता तेजस्वी यादव की मौजूदगी में उनकी पार्टी में शामिल हो गए। तेजस्वी ने कहा, कैसर साहब, पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद जी के साथ मुलाकात के बाद हमारे साथ जुड़ रहे हैं। उनके अनुभव से हम लाभान्वित होंगे। यह एक ऐसा घटनाक्रम है जिससे संविधान को मौजूदा शासन से उत्पन्न खतरे के खिलाफ हमारी लड़ाई के समर्थन में लोगों के बीच एक मजबूत संदेश जाएगा। सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर की पूर्ववर्ती रियासत पर शासन करने वाले परिवार में जन्मे कैसर ने कांग्रेस के साथ अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और 2013 तक पार्टी की राज्य इकाई का नेतृत्व किया। वह 2014 में लोजपा में शामिल हुए और खगड़िया सीट जीती, जिसे उन्होंने पांच साल बाद भी बरकरार रखा। तत्कालीन लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ उनके संबंधों में खटास तब आई, जब पार्टी ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में उनके बेटे यूसुफ सलाहुद्दीन को टिकट देने से इनकार कर दिया। सलाहुद्दीन ने राजद के टिकट पर सिमरी बख्तियारपुर सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि राजद, जिसने 23 लोकसभा सीट में से एक को छोड़कर सभी के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है, कैसर को चुनाव मैदान में उतारेगी या नहीं।

# पार्टी गीत से हिंदू, जय भवानी को हटाने के आयोग के नोटिस का पालन नहीं करेंगे : उद्धव

भाषा। मुंबई



**शिवसेना (यूबीटी)** के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उन्हें अपनी पार्टी के नए गीत से जय भवानी और हिंदू जैसे शब्द हटाने के लिए निर्वाचन आयोग से एक नोटिस मिला है, लेकिन वह इसका पालन नहीं करेंगे। उद्धव ठाकरे ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के गीत से जय भवानी हटाने की मांग करना महाराष्ट्र का अपमान है। ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी ने अपने नए चुनाव चिह्न मशाल को लोकप्रिय बनाने के लिए एक गीत तैयार किया है और निर्वाचन आयोग ने इसमें से हिंदू एवं जय भवानी जैसे शब्द हटाने को कहा है। ठाकरे ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने देवी तुलजा भवानी के आशीर्वाद से हिंदवी स्वराज की स्थापना की। हम देवी या हिंदू धर्म के नाम पर वोट नहीं मांग रहे हैं। यह अपमान है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी जन सभाओं में जय भवानी और जय शिवाजी कहने की परंपरा जारी रखेंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा, अगर निर्वाचन आयोग हमारे खिलाफ कार्रवाई करता है, तो उन्हें हमें बताना होगा कि उन्होंने उस समय क्या किया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए लोगों से जय बजरंग बली कहने और ईवीएम का बटन दबाने को कहा था। (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह ने लोगों से कहा था कि वे अयोध्या में रामलला के दर्शन मुफ्त में करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दें। उन्होंने कहा, शिवसेना (यूबीटी) ने निर्वाचन आयोग से पूछा है कि क्या कानून बदल दिए गए हैं और क्या अब धर्म के नाम पर वोट मांगना ठीक है। आयोग ने हमारे पत्र और हमारे द्वारा भेजे गए स्मरण-पत्र का जवाब नहीं दिया है। स्मरण-पत्र में हमने कहा था कि अगर कानून बदले गए हैं तो हम अपनी चुनावी रैलियों में हर-हर महादेव भी कहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पिता बालासाहेब ठाकरे को मतदान करने और चुनाव लड़ने से छह साल के लिए रोक दिया गया था क्योंकि उन्होंने हिंदुत्व के लिए अभियान चलाया था, जब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे।

## फडणवीस ने मुझे 2019 में कहा था कि वह आदित्य को अगले मुख्यमंत्री के लिए तैयार करेंगे : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को दावा किया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2019 मे उनसे कहा था कि वह दोनों दलो के बीच सत्ता बंटवारे के तहत उनके बेटे आदित्य ठाकरे को महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के रूप में तैयार करेंगे।ठाकरे ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता फडणवीस ने उनसे कहा था कि वह अगले दो से तीन साल मे केंद्र की राजनीति में चले जाएंगे। मुंबई के धारावी मे एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह शिवसेना (अविभाजित) के साथ गठबंधन करने के लिए उनके परिवार के निजी आवास मातोश्री आए थे।उन्होने दावा किया, उस समय, फडणवीस को दिवंगत बाल ठाकरे के कमरे के बाहर बैठाया गया था, जबकि दोनो नेताओं (शाह और ठाकरे) ने गठबंधन के तौर-तरीकों पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि मुझे आश्वासन दिया गया था कि मुख्यमंत्री का पद ढाई-ढाई साल (भाजपा और अविभाजित शिवसेना के बीच) के लिए साझा किया जाएगा।ठाकरे ने बताया, बाद में देवेंद्र फडणवीस ने मुझसे कहा कि उद्धव जी, मै आदित्य को ढाई साल में तैयार कर दूंगा। हम उन्हें ढाई साल के बाद मुख्यमंत्री बना सकते है। मैने उनसे (फडणवीस) कहा कि वह (आदित्य) अभी अपना चुनावी करियर शुरू कर रहे है।

# गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के हमलों में 22 लोगों की मौत

एपी। रफह (गाजा पट्टी)

**गाजा के** दक्षिणी शहर रफह में रातभर किए गए इजराइली हमलों में 18 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

इजराइल ने रफह पर लगातार हवाई हमले किए हैं। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने कहीं और रहने के लिए शरण मांगी है।

अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को 26 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दे दी थी, जिसमें गाजा के लिए लगभग नौ अरब अमेरिकी डॉलर की मानवीय सहायता शामिल है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, आगामी दिनों में हम हमास पर राजनीतिक और सैन्य दबाव बढ़ाएंगे क्योंकि अपने बंधकों को वापस लाने और जीत हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है। हम जल्द ही हमास पर और जबरदस्त हमला करेंगे। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

एक अस्पताल के अनुसार, पहले हमले में एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और उनके तीन साल के बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल के अनुसार महिला गर्भवती थी और डॉक्टर बच्चे को बचाने में सफल रहे।

अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार दूसरे हमले में एक ही परिवार के 17 बच्चों और दो महिलाओं की मौत हो गई। एक रात पहले रफह में हवाई हमले में छह बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गई।

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध में 34 हजार से अधिक फलस्तीनी लोग मारे गए हैं। इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में भी तनाव बढ़ गया है। इजराइली सैनिकों ने दो फलस्तीनियों की हत्या कर दी।

सेना का कहना है कि रविवार तड़के दक्षिणी वेस्ट बैंक के हेब्रोन शहर के निकट एक जांच चौकी पर चाकू और बंदूक से हमला किया गया। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मारे गए दोनों लोग एक ही परिवार से 18 और 19 साल के थे।

दक्षिणी इजराइल में एक जबरदस्त हमले के बाद गाजा में सात अक्टूबर को युद्ध शुरू हुआ था जिसमें हमास और अन्य आतंकवादियों ने लगभग 1,200 लोगों को मार डाला था। मृतकों में ज्यादातर नागरिक थे और लगभग 250 बंधकों का अपहरण कर लिया गया था।




**फिलिस्तीन समर्थक कार्यकर्ताओं ने वाशिंगटन में कैपिटल के बाहर प्रदर्शन किया, इन लोगों ने प्रदर्शन इसलिए किया कि सदन यूक्रेन इज़राइल और अन्य अमेरिकी सहयोगियों के लिए 95 बिलियन डॉलर की विदेशी सहायता की मंजूरी पर मतदान करने की तैयारी कर रहा है**

## अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन ने यूक्रेन और इजराइल की मदद के लिए 95 अरब डॉलर मंजूर किए

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिकी कांग्रेस** (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने शनिवार को एक दुलर्भ सत्र में यूक्रेन, इजराइल और अन्य सहयोगियों की सहायता के लिए 95 अरब अमेरिकी डॉलर की मंजूरी दे दी।

सहयोगी देशों की मदद के लिए विदेशी सहायता के मद में इस राशि को मंजूर करने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी एक साथ आईं, जिनके बीच गत कई महीनों से रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन की नए सिरे से अमेरिकी मदद को लेकर गतिरोध चल रहा था।

हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव द्वारा विदेशी सहायता के मद में मंजूर की गई 95 अरब डॉलर की राशि में 61 अरब डॉलर अकेले यूक्रेन के लिए है, जबकि 26 अरब डॉलर की व्यवस्था गाजा में हमास से लड़ रहे इजराइल और गाजा में मानवीय सहायता के लिए की गई है।

### टिकटॉक पर संभावित प्रतिबंध लगाने के लिए विधेयक को मंजूरी

अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने शनिवार को एक विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसमें प्रावधान है कि अगर चीनी नागरिक के स्वामित्व वाले लोकप्रिय सोशल मीडिया मंच टिकटॉक अपने अमेरिकी कारोबार को नहीं बेचता तो उसपर देश में प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

विधेयक में छह महीने में हिस्सेदारी बेचने की समय सीमा तय की गई है। यह विधेयक दोनों दलों के भारी समर्थन से सदन में पारित हुआ, क्योंकि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों ने ऐप के मालिक चीनी प्रौद्योगिकी फर्म बाइटडांस लिमिटेड के संदर्भ में राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी।

# मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए मतदान संपन्न, राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी ने बढ़त बनाई

एपी। माले



**मालदीव** में रविवार को संसदीय चुनाव संपन्न होने के बीच राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस प्रचंड जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। मुइज्जू की पार्टी 59 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। यह चुनाव देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है। समाचार पोर्टल अधाधु डॉट कॉम की खबर के अनुसार 20वीं पीपुल्स मजलिस (संसद) के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक हुआ। इसके अनुसार मतदान समाप्त होते ही निर्वाचन अधिकारियों ने देश भर में मतपेटियों को सील कर दिया। मतपत्रों की गिनती जारी है।

निर्वाचन आयोग (ईसी) की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शाम 5:00 बजे तक 2,07,693 लोगों ने मतदान किया, इसके अनुसार 72.96 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 1,04,826 पुरुष और 1,02,867 महिलाएं शामिल हैं। कुल 2,84,663 लोग मतदान के लिए पात्र थे। पीएसएमन्यूज डॉट एमवी की खबर के अनुसार, संसदीय चुनाव के लिए मालदीव और तीन अन्य देशों में कुल 602 मतपेटियां रखी गई थीं। कम से कम 34 रिसॉर्ट्स, जेल और अन्य औद्योगिक द्वीपों में भी मतदान केंद्र बनाए गए थे।

खबर के अनुसार, मालदीव के बाहर जिन देशों में मतदान के लिए मतपेटियां रखी गई थीं, उनमें भारत में तिरुवनंतपुरम, श्रीलंका में कोलंबो और मलेशिया में कुआलालंपुर शामिल हैं। कुल 93 निर्वाचन क्षेत्रों में सांसद चुने जाएंगे, जिनमें छह पार्टियों से 368 उम्मीदवार चुनाव मैदान हैं। इन छह दलों में मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी), मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और 130 निर्दलीय शामिल हैं। समाचार पोर्टल सन डॉट एमवी की खबर के अनुसार पीएनसी ने 90 उम्मीदवार, एमडीपी ने 89, डेमोक्रेट्स ने 39, जम्हूरी पार्टी (जेपी) ने 10, मालदीव्स डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) और अधालथ पार्टी (एपी) ने चार-चार तथा मालदीव्स नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने दो उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। चीन समर्थक नेता के रूप में देखे जाने वाले मुइज्जू के लिए यह चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि चुनाव से कुछ ही दिन पहले, विपक्षी दलों ने 2018 से उनके कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने के बाद राष्ट्रपति के खिलाफ जांच और महाभियोग चलाए जाने की मांग की। हालांकि मुइज्जू ने इस आरोप को खारिज कर दिया। इसके अलावा, जब से मुइज्जू ने पद संभाला है, सांसदों ने उनके तीन नामितों को कैबिनेट में शामिल करने पर रोक लगा दी है। मुइज्जू ने सुबह 8:40 बजे थाजुद्दीन स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। मतदान के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने प्रत्एक नागरिक से यथाशीघ्र मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया।

# पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की 21 सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** कड़ी सुरक्षा के बीच नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की 21 सीट पर उपचुनाव के लिए रविवार को मतदान शुरू हो गया। इस दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत के चुनिंदा जिलों में मोबाइल तथा इंटरनेट सेवा निलंबित है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के मुताबिक, सुबह आठ बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। मतदान की आधिकारिक समय अवधि खत्म होने के बाद उन्हीं मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति दी जाएगी जो समय समाप्ति के दौरान केंद्र में मौजूद होंगे।

नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय असेंबली के लिए पाकिस्तान में आठ फरवरी को चुनाव हुआ था।

हालांकि, नेशनल असेंबली की एक सीट और पंजाब असेंबली की दो तथा खैबर-पख्तूनख्वा असेंबली की एक सीट के लिए मतदान रद्द कर दिया गया था। इनके अलावा, एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव के बाद केवल एक सीट को ही चुना, जिसके कारण पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को 21 सीट पर उपचुनाव कराना पड़ रहा है। इनमें नेशनल असेंबली की पांच और प्रांतीय असेंबली की 16 सीट शामिल हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुरोध पर एक दिन पहले सरकार ने उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत के चुनिंदा जिलों में मोबाइल फोन सेवाएं अस्थाई रूप से निलंबित करने की घोषणा की थी।

पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में नेशनल असेंबली की दो-दो सीट और सिंध में एक सीट पर उपचुनाव हो रहा है, जबकि पंजाब की प्रांतीय असेंबली की 12 और खैबर-पख्तूनख्वा तथा बलूचिस्तान प्रांत की दो-दो सीट पर मतदान हो रहा है।

पंजाब में नेशनल असेंबली-132 (कसूर) और नेशनल असेंबली-119 (लाहौर) को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तथा मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने रिक्त कर दिया था, जबकि शहबाज ने लाहौर में प्रांतीय असेंबली की दो सीट छोड़ दी थीं।

## अलग-अलग आतंकी घटनाओं में फ्रंटियर कोर के एक सैनिक, दो अधिकारी की मौत

भाषा। पेशावर

**उत्तर पश्चिम** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को दो अलग-अलग आतंकी घटनाओं में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात लोगों ने फ्रंटियर कोर के कम से कम एक सैनिक और दो सरकारी अधिकारियों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों घटनाएं प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुईं।

पिछले कुछ महीनों में प्रांत के दक्षिणी जिलों में सुरक्षाकर्मियों पर हमले कई गुना बढ़ गए हैं।

जिले के यारक टोल प्लाजा पर बंदूकधारियों ने एक सरकारी वाहन पर घात लगाकर हमला किया जिसमें दो अधिकारियों की मौत हो गई और सीमा शुल्क खुफिया विभाग के दो अन्य अधिकारी घायल हो गए।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों मामलों में हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए।

अधिकारी ने बताया कि किसी भी समूह ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं और घटनाओं की जांच शुरू कर दी है।

पिछले चार दिनों में सीमा शुल्क खुफिया विभाग के वाहन पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले हुए एक हमले में जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने पांच सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त, एक व्यक्ति की मौत

एपी। तोक्यो

**जापानी नौसेना** के दो हेलीकॉप्टर के तोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग अभी लापता है। देश के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए। इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के आठ सदस्य थे।

रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने संवाददाताओं को बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल (एमएसडीएफ) के दो एसएच-60के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य सवार थे और शनिवार देर रात तोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया।

किहारा ने बताया कि इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवत: आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्एक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टर के टुकड़े बरामद किए हैं, जो संकेत देते हैं कि दोनों एसएच-60के एक-दूसरे के करीब उड़ रहे थे।

अधिकारी यह पता लगाने के लिए उड़ान संबंधी डेटा का विश्लेषण करेंगे कि दुर्घटना का कारण क्या था। एमएसडीएफ ने चालक दल के लापता सदस्यों की तलाश और बचाव के लिए आठ युद्धपोत और पांच विमान तैनात किए।

सिकोरस्की द्वारा विकसित और सीहॉक्स के नाम से जाने जाने वाले इन हेलीकॉप्टर में दोहरे इंजन थे। इनमें मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज ने बदलाव किया था और इनका निर्माण किया था।

## मध्य अफ्रीकी गणराज्य में नाव डूबने से कम से कम 20 की मौत

एपी। बंगुई

**मध्य अफ्रीकी** गणराज्य में यात्रियों को ले जा रही एक नौका के नदी में डूब जाने से उसमें सवार कम से कम 20 लोग डूब गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने एसोसिएटेड प्रेस को शनिवार को बताया कि लकड़ी से बनी नाव शुक्रवार को करीब 300 लोगों को राजधानी बंगुई से गुजरने वाली मपोको नदी को पार कर रही थी तभी यह हादसा हो गया।

स्थानीय नौका चालकों और मछुआरों ने सबसे पहले बचाव अभियान शुरू किया। बचाव अभियान में शामिल एक मछुआरे एड्रियन मोसामो ने बताया कि सेना के पहुंचने तक कम से कम 20 शव निकाले जा चुके थे।

## नशे में धुत महिला ने जन्मदिन पार्टी में लोगों पर कार चढ़ाइ

एपी। बर्लिन टाउनशिप (अमेरिका)

**अमेरिका के** मिशिगन राज्य में संदिग्ध रूप से नशे में धुत एक महिला ने एक जन्मदिन पार्टी में लोगों पर कार चढ़ा दी जिससे एक भाई-बहन की मौत हो गई तथा 15 अन्य लोग घायल हो गए। मिशिगन के एक शेरिफ ने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

मोनरोए काउंटी शेरिफ ट्रॉय गुडनॉघ ने बताया कि हादसे में आठ वर्षीय लड़की और उसके पांच वर्षीय भाई की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि 66 वर्षीय महिला ने डेट्रॉयट से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण में बर्लिन टाउनशिप में दोपहर करीब तीन बजे एक इमारत में हो रही जन्मदिन पार्टी में कार घुसा दी। उन्होंने कार चला रही महिला की पहचान उजागर नहीं की लेकिन उसे नशे की हालत में कार चलाकर लोगों की जान लेने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया है।

## न्यूयॉर्क में जहाज में एक पार्टी के दौरान चाकू से किए हमले में तीन लोग घायल

एपी। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**न्यूयॉर्क सिटी** में एक जहाज पर हो रही पार्टी के दौरान चाकू से किए हमले के बाद शनिवार को तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

पुलिस कर्मी सोफिया मैसन ने बताया कि 58वीं स्ट्रीट और ब्रुकलिन आर्मी टर्मिनल गोदाम के समीप ईस्ट रिवर पर शाम करीब पांच बजे हमले की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घायलों की उम्र 28 से 40 वर्ष के बीच है और तीनों पुरुष हैं जिनके सीने और पेट में चाकू से वार किया गया। एक व्यक्ति के सिर पर एक बोतल से भी वार किया गया। मैसन ने बताया कि उन्हें न्यूयॉर्क के एक अस्पताल में ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर है।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में दो किशोरों की मौत

भाषा। पेशावर

**पाकिस्तान के** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से कम से कम दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। ए किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ। पुलिस ने बताया कि एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए एक अन्य 16 वर्षीय किशोर का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## रूस ने चावल की खेप में कीड़ा लगा मिलने के बाद पाकिस्तान को दी चेतावनी

भाषा। कराची

रूस ने चावल की खेप में कीड़ा लगा मिलने के बाद पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि अगर उसने भविष्य में आने वाली खेपों में फाइटोसैनिटरी (फसल की स्वच्छता प्रक्रिया) पर ध्यान नहीं दिया तो वह चावल के आयात पर प्रतिबंध लगा देगा।

रूस की पशुचिकित्सा एवं फाइटोसैनिटरी निगरानी संघीय सेवा (एफएसवीपीएस) ने पाकिस्तान से आयातित चावल की एक खेप को लेकर अंतरराष्ट्रीय व रूसी फाइटोसैनिटरी आवश्यकताओं के उल्लंघन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की है, जिसके बाद यह चेतावनी दी गई है।

दो अप्रैल को जारी अधिसूचना में चावल की खेप में एक जीव, 'मेगासेलिया स्केलारिस (लोव)' होने की बात कही गई थी। रूस में स्थित पाकिस्तान दूतावास के व्यापार प्रतिनिधि को मामले की तत्काल जांच करने के लिए कहा गया।

रूसी अधिकारियों ने इस तरह के उल्लंघनों को रोकने और दोनों देशों के बीच व्यापार में इस्तेमाल किए जाने वाले कृषि उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पाकिस्तानी चावल निर्यातकों को फाइटोसैनिटरी मानकों का पालन करने के लिए पाकिस्तान दूतावास को एक पत्र लिखा है। मॉस्को में पाकिस्तानी दूतावास की व्यापार शाखा ने खाद्य सुरक्षा मंत्रालय और अन्य संबंधित सरकारी कार्यालयों के पादप संरक्षण विभाग (डीपीपी) को रूसी प्राधिकरण का पत्र भेजते हुए रूसी अधिकारियों की ओर से अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर भविष्य में चावल निर्यात पर संभावित प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। रूस ने इससे पहले स्वास्थ्य सुरक्षा कारणों से 2019 में पाकिस्तान से चावल आयात पर प्रतिबंध लगाया था। इसी तरह दिसंबर 2006 में रूस ने खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतरने को लेकर पाकिस्तान से चावल का आयात रोक दिया था।

पाकिस्तान चावल निर्यातक संघ के अध्यक्ष चेला राम केवलानी ने कहा कि पाकिस्तानी चावल निर्यातकों को निर्यात के लिए सभी चावलों के चुनाव और पैकेजिंग में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत द्वारा गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से पाकिस्तान को फायदा हुआ था, क्योंकि वैश्विक स्तर पर चावल का जितना कारोबार होता है, उसमें भारत की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है।

पिछले साल, भारत ने सफेद गैर-बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी।

## हिमस्खलन के कारण नेपाल की बीरेंद्र झील में उफान

भाषा। काठमांडू

**माउंट मनास्लू** की ढलानों से रविवार सुबह एक बड़ा हिमस्खलन हुआ, जो उत्तरी नेपाल में चोटी के नीचे स्थित बीरेंद्र झील में गिरा, जिससे झील उफान पर आ गई। अधिकारियों ने बताया कि इसमें किसी तरह की क्षति या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, क्योंकि यह स्थल मानव बस्ती से दूर स्थित है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टाराई ने कहा कि हालांकि, इसके चलते नदी के जलस्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने नदी के निचले इलाकों के आसपास रहने वाले निवासियों को एहतियाती नोटिस जारी किए हैं और गोरखा में बुढ़ी गंडकी नदी के आसपास रहने वाले लोगों को बढ़ते जल प्रवाह के संभावित खतरों के कारण सतर्क रहने की चेतावनी भी जारी की है। भट्टाराई ने कहा कि बाढ़ से काफी नुकसान हो सकता है और इस संभावना के बीच, हमने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से समय पर एहतियाती उपाय करने की अपील की है।

## रूस तालिबान के आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर कर रहा है विचार

द कन्वरसेशन। न्यू कैसल (ब्रिटेन)

**अधिकारियों ने** संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है।

इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है।

रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक एवं आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से कुछ हासिल करना होगा। वर्ष 1999 में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 1267 को अपनाया था। कुछ महीने बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने और तालिबान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने संबंधी एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए।

रूस के उच्चतम न्यायालय ने 2003 में तालिबान को आतंकवादी संगठन घोषित करते हुए कहा कि इसने चेचन्या में अवैध सशस्त्र बलों के साथ संबंध बनाए रखे और उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश की।

रूस ने खुद को एक शांति दूत के रूप में पेश करने प्रयास के रूप में अफगानिस्तान सरकार और तालिबान के बीच बातचीत के लिए 2017 में एक क्षेत्रीय पहल शुरू की। इन वार्ताओं का उद्देश्य अफगानिस्तान संकट का समाधान निकालना था।

अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से, किसी भी देश ने तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। तालिबान चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध वापस लिए जाएं और जब्त की गई संपत्तियों को मुक्त किया जाए ताकि देश के आर्थिक विकास में मदद मिल सके।

यदि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध वापस ले लिए जाते हैं, तो अफगानिस्तान को महत्वपूर्ण लापीस-लाजुली व्यापार गलियारे के विकास से आर्थिक रूप से लाभ होना चाहिए जो अफगानिस्तान को इस्तांबुल और यूरोप और उज्बेकिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान रेलवे लाइन से जोड़ता है। रूस द्वारा तालिबान को अपनी आतंकवाद सूची से हटाना वर्तमान अफगानिस्तान सरकार के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता की दिशा में पहला कदम होगा।

तालिबान के साथ सहयोग से रूस को भी लाभ होता है। इसका लक्ष्य खुद को क्षेत्र के सुरक्षा प्रदाता के रूप में पेश करना है।

क्षेत्र की स्थिरता, मादक पदार्थों की तस्करी और इस्लामी आतंकवाद के खतरों के बारे में भी चिंताएं हैं, खासकर मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हाल में आईएसआईएस-के हमले के बाद।

क्षेत्र में अपनी भू-आर्थिक और भू-राजनीतिक मौजूदगी बढ़ाने के लिए, रूस पहले से बनाए गए गठबंधनों का इस्तेमाल कर सकता है। तालिबान और रूस के बीच बढ़ते सहयोग का रूस और पश्चिम के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता के संदर्भ में निहितार्थ है।

यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से, रूस ने अन्य देशों को अपने इस रणनीतिक दृष्टिकोण को समझाने का प्रयास किया है कि युद्ध क्यों हो रहा है।

# जीत के करीब आकर हार गई आरसीबी

## ● केकेआर की 1 रन से रोमांचक जीत

भाषा। कोलकाता



**फिल सॉल्ट** और कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार बल्लेबाजी के बाद आंद्रे रसेल (25 रन देकर तीन विकेट) की अगुवाई में दबाव में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को एक रन से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाए। आरसीबी की पारी मैच के आखिरी गेंद पर 221 रन पर सिमट गई। विल जैक्स (32 गेंद में 55 रन) और रजत पाटीदार (23 गेंद में 52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम पर आरसीबी ने पलटवार किया था लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गई। केकेआर के लिए आंद्रे रसेल ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नारायण और हर्षित राणा को दो-दो सफलता मिली। वरुण चक्रवर्ती और स्टार्क ने एक-एक विकेट चटकाए। मौजूदा आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क ने अपने तीन ओवर में 55 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने हर्षित राणा और मिचेल स्टार्क पर छक्के के साथ शुरुआती दो ओवरों में आरसीबी को तेज शुरुआत दिलाई।कोहली तीसरे ओवर में हर्षित की फुलटॉस गेंद का काबू नहीं रख सके और गेंदबाज को कैच दे बैठे। उन्होंने फुलटॉस गेंद कमर से ऊपर होने का दावा करते हुए रिव्यू लिया लेकिन तीसरे अंपायर का तर्क था कि कोहली क्रीज से बाहर थे और गेंद नीचे की ओर जा रही थी। कोहली हालांकि तीसरे अंपायर के फैसले से खफा दिखे और उन्होंने क्रीज छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से बहस भी की। उन्होंने मैदान से बाहर निकलने के बाद बल्ला पटक कर अपनी नाराजगी जाहिर की। इसी ओवर में राणा ने कप्तान फाफ डुप्लेसी को भी चलता किया।

### स्कोरबोर्ड

**केकेआर पारी:** सॉल्ट का पाटीदार बो सिराज 48,नारायणका कोहली बो दयाल 10, रघुवंशी का ग्रीन बो दयाल 03,अय्यर का लोमरोर बो ग्रीन 16, अय्यर का डुप्लेसी बो ग्रीन 50,रिंकू का दयाल बो फर्ग्यूसन 24,रसेल नाबाद 27,रमनदीप नाबाद 24,**अतिरिक्त:** 20,**कुल योग:** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 222 रन,**विकेट पतन:**1-56 , 2-66, 3-75, 4-97 , 5-137, 6-179,**गेंदबाजी:**सिराज4-0-40-1,दयाल 4-0-56-2,फर्ग्यूसन 4-0-47-1,कर्ण 4-0-33-0,ग्रीन4-0-35-2

**आरसीबी पारी:**कोहलीका एवं बो हर्षित 18,फाफ डुप्लेसीका वेंकटेश बो चक्रवर्ती 07,जैक्स का रघुवंशी बो रसेल 55,पाटीदार का हर्षित बो रसेल 52,ग्रीन का रमनदीप बो नारायण 06, प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित 24, लोमरोरका एवं बो नारायण 04, कार्तिकका सॉल्ट बो रसेल 25,कर्ण का एंव बो स्टार्क 20, सिराजनाबाद 00,फर्ग्यूसन रन आउट 01,**अतिरिक्त:** 09,**कुल योग:** (20 ओवर मे सभी आउट) 09,**विकेट पतन:**1-27, 2-35, 3-137, 4-138, 5-151, 6-155, 7-187 , 8-202 , 9-220 ,**गेंदबाजी:**हर्षित 4-0-33-2,स्टार्क 3-0-55-1,चक्रवर्ती4-0-36-1,नारायण 4-0-34-2,सुयश शर्मा 2-0-33-0,रसेल3-0-25-3

# इंडियंस की निगाहें रॉयल्स से बदला चुकता करने पर



**जयपुर।** मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके। भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने नई गेंद से चमकदार प्रदर्शन किया और ज्यादा रन लुटाए बिना ही ए विकेट हासिल किए। बुमराह 13 विकेट लेकर इस आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। उनका इकोनोमी रेट भी दूसरे सर्वश्रेष्ठ नंबर पर है और उन्होंने छह रन से भी कम रन गंवाए हैं। जहां वह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं तो वहीं उनके साथी गेंदबाज ऐसा करने में जूझ रहे हैं। गेराल्ड कोएट्जी ने भी 12 विकेट लेकर प्रभावित किया है लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा रन लुटाए हैं। आकाश मधवाल और कप्तान हार्दिक पंड्या अनिरंतर रहे हैं।

# आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते : वरुण आरोन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरूण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें। कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर ओरेंज कैप लिए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 147.34 का है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 113 रन है। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए आरोन ने कहा, यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे। इस साल के शुरू में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 34 वर्षीय आरोन ने कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर इस तालिका के मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते।

## कोस्तयुक को हराकर रिबाकिना चैम्पियन बनीं

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6-2, 6-2 से आसानी से अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वी जीत है।

## अक्षदीप, प्रियंका ने मिश्रित रिले में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**अंताल्या।** अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी की भारत की मिश्रित रिले टीम ने यहां विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप में 18वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। शीर्ष 22 टीमें स्वतः पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42 . 195 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकंड में पूरी की। मिश्रित टीम रिले वॉक में पुरूष और महिला खिलाड़ी को वैकल्पिक रूप से यह दूरी तय करनी होती है।

## अजीतेश संधू ने पांच अंडर का कार्ड खेला, संयुक्त 14वें स्थान पर रहे

**रियाद (सऊदी अरब)।** अजीतेश संधू ने रविवार को यहां 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के सऊदी ओपन के अंतिम दिन पांच अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह भारतीय गोल्फरो मे सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 14वे स्थान पर रहे। इसमे भाग ले रहे अन्य भारतीयो में शिव कपूर (67) संयुक्त 37वें और गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 49वें स्थान पर रहे। बाकी अन्य आठ भारतीय गोल्फर कट हासिल करने से चूक गए थे। जॉन कैटलिन ने अंतिम दौर मे पांच अंडर पार 66 के कार्ड से खिताब जीता।

## तरूण ने स्वर्ण और कदम ने रजत पदक जीता

**विटोरिया (स्पेन)।** भारत के तरूण ने यहां स्पेनिश पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट के एसएल4 वर्ग में हमवतन सुकांत कदम को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तरूण ने फाइनल मे कदम को 21-13, 16-21, 21-16 से मात दी। सेमीफाइनल में कदम ने विश्व चैम्पियन सुहास यथिराज को पराजित किया था।

# साई की फिरकी में फंसे पंजाब के बल्लेबाज

## ● गुजरात टाइटंस ने 3 विकेट से हराया

भाषा। मुल्लांपुर



**रोमांचक मैच** में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हरा दिया। पंजाब के 142 रन का पीछा करने उतरी गुजरात ने 19.1 ओवर में 146 रन बनाकर मैच जीत लिया। टाइटंस की ओर से शुभमन गिल-35, साई सुदर्शन-31, राहुल तिवेतिया ने 36 रन बनाए। हर्षल ने 3 व लिविंगस्टन ने 2 विकेट लिए। इससे पहले आर साई किशोर की अगुवाई में गुजरात टाइटंस के स्पिनरों ने पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को नेस्तनाबूद करते हुए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे 142 रन पर आउट कर दिया। इस सत्र में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब किंग्स ने धीमी शुरूआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाए। इसके बाद साई किशोर, राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया। साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिए जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंद में 35 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। वह छठे ओवर में आउट हुए और उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे। मोहित शर्मा को थर्डमैन पर छक्का लगाने के बाद प्रभसिमरन विकेट के पीछे कैच दे बैठे। स्पिन तिकड़ी ने पंजाब की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। दूसरे छोर से अहमद और राशिद ने दबाव बनाया। अहमद ने रिली रोसोयू (नौ रन) को पगबाधा आउट किया। वहीं कप्तान सैम कुरेन 19 गेंद में 20 रन बनाकर राशिद का शिकार हुए। डीआरएस पर उन्हें पगबाधा आउट दिया गया जिस पर वह हैरान थे। इंग्लैंड के ही उनके साथी बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टन नौ गेंद में छह रन बनाकर अहमद की गेंद में पहली स्लिप पर राहुल तेवतिया को कैच दे बैठे। साई किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाए। इस सत्र में पंजाब के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी सस्ते में आउट हो गए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स पारी :** कुरेन पगबाधा बो राशिद 20, प्रभसिमरन का साहा बो शर्मा 35,रोसोयू पगबाधा बो अहमद 9,जितेश बो साई किशोर 13,लिविंगस्टोन का तेवतिया बो अहमद 6, शशांक का और बो साई किशोर 8,आशुतोष का शर्मा बो साई किशोर 3, हरप्रीत रन आउट 14,बरार का शाहरूख बो साई किशोर 29,पटेल का शाहरूख बो शर्मा 0,कैगिसो नाबाद1,**अतिरिक्त** : चार रन, कुल योग : 20 ओवर में 142 रन , **विकेट पतन** :1-52 , 2-63 , 3-67 , 4-78, 5-86 , 6-92 , 7-99 ,8-139,9-140,**गेंदबाजी** :अजमतुल्लाह 2-0-130, वारियर1-0-21-0,मोहित 4-0-32-2,राशिद 4-0-15-1,अहमद 4-0-20-2, साई किशोर 4-0-33-4, शाहरूख 1-0-7-0

**गुजरात टाइटंस पारी :** रिंधिमान का शर्मा बो अर्शदीप 13, गिल का रबाडा बो लिविंगस्टोन 35,सुदर्शन बो कुरेन 31,मिलर बो लिविंगस्टोन 4, उमरजई का जितेश बो पटेल 13,तेवतिया नाबाद 36, शाहरूख बो पटेल 8,राशिद का रोसोयू बो पटेल 3,साई किशोर नाबाद 0, **अतिरिक्त** : तीन रन, कुल योग : 19.1 ओवर में सात विकेट पर 146 रन , **विकेट पतन** :1-25 , 2-66, 3-77 , 4-97 , 5-103 ,6-138 , 7-142, **गेंदबाजी** :, रबाडा 4-0-40 - 0,अर्शदीप 2.1-0-17-1,हर्षल 3-0- 15-3, कुरेन 2-0-18-1,बरार4- 0-35-0, लिविंगस्टोन 4 -0-19-2

# अलीरेजा को हराकर युवा भारतीय गुकेश ने एकल बढ़त हासिल की



**टोरंटो।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैम्पियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैम्पियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। 22 साल की वैशाली ने इस तरह अपनी पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला। गुकेश को संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गई भूल का फायदा उठाया। गुकेश के अब 13 में से 8.5 अंक हैं जिससे वह नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना से आधा अंक आगे हैं। आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती छह छह अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि फिरोजा के 4.5 अंक और निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं। कारूआना ने कड़े मुकाबले में प्रज्ञानानंदा को पराजित किया जबकि गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रा खेला। गुकेश का सामना अब अंतिम दौर की बाजी में नाकामुरा से होगा जबकि कारूआना की भिड़ंत नेपोमनियाच्ची से होगी। हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है, लेकिन संभावनाएं काफी हद तक गुकेश के पक्ष में हैं क्योंकि महज ड्रा भी उन्हें विश्व चैम्पियनशिप मैच के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार के रूप में उभरने के लिए काफी हो सकता है।

# मनु व अनीश ने ट्रायल में जीत के साथ ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा



**नई दिल्ली।** मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया। देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालिफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रहीं। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के टी2 क्वालिफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाले दूसरे निशानेबाज विजयवीर सिद्धू 580 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। भावेश शेखावत इसी स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंकुर गोयल (573) और आदर्श सिंह (571) के पेरिस का टिकट कटाने के लिए भोपाल में किसी चमत्कार की उम्मीद करनी होगी। दिल्ली में हुए ट्रायल के प्रदर्शन के आधार में महिलाओं की पिस्टल में मनु और ईशा और पुरुषों वर्ग में अनीश और विजयवीर का ओलंपिक के लिए दावा मजबूत दिख रहा है।

## सनराइजर्स हैदराबाद से करारी शिकस्त के बाद आमरे ने कप्तान पंत के फैसलों का बचाव किया

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच मे 67 रन की करारी शिकस्त का सामना करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे टीम के कप्तान ऋषभ पंत के टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने के साथ ललित यादव से शुरुआती ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे फैसलो का बचाव किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजो ने छह ओवर में रिकॉर्ड 125 रन बनाकर टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई। पंत ने पारी का दूसरा और चौथा ओवर ललित यादव से डलवाया जिन्होंने दोनो ओवर मे 21-21 रन लुटाए। इस दौरान उनके खिलाफ पांच छक्के और दो चौके लगे।

## प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख तैयारी करने का फायदा मिला: अभिषेक शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद मे 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नीव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल मे प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान मे रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने शनिवार को यहां ट्रेविस हेड (32 गेंद मे 89 रन) के साथ महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दौरान पावरप्ले मे 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कायम किया। इस शानदार शुरुआत से सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर मे 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी पारी मे छह छक्के लगाए जिसमे चार छक्के कुलदीप की गेंद पर आए। उन्होंने कहा कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने से उन्हे फायदा हुआ।

## वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी: विनेश

**बिश्केश (किर्गिस्तान)।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर मे शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही है। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नही था। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा।

## भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का एशियाई क्वालीफायर में फ्लॉप शो

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर मे निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमे से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नही कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर मे ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच मे जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। सुनील ने क्वार्टरफाइनल में दो बार खुद को उठाए जाने से बचाया। बल्कि कुछ समय के लिए वह मुकाबले मे आगे भी चल रहे थे। लेकिन दो बार उन्हे प्रदान किए गए अंको को वापस ले लिया गया क्योंकि उज्बेकिस्तान के शिविर ने रैफरी के फैसले को चुनौती दी। और अंत में सुनील को बर्डीमुरातोव से हार मिली। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। वह उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालिफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

## विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर मे भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है। बिश्केक मे एशियाई चैम्पियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानो को मिले जिनमे विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियो मे ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग मे दो (68 और 62 किलो) , पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन मे छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे।

## विश्व कप से पहले यूगांडा के मुख्य कोच होंगे अभय शर्मा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को यूगांडा राष्ट्रीय टीम के आगामी टी20 विश्व कप मे पदार्पण से पहले उसका मुख्य कोच नियुक्त किया जाएगा। शर्मा को भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभाने का अनुभव है और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके है। 54 साल के शर्मा ने अंतिम बार दिल्ली रणजी टीम को कोचिंग दी थी। नवंबर मे यूगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज मे जून मे होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली अंतिम टीम बनी थी। नामीबिया अफ्रीका क्वालीफायर से आईसीसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम थी। एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, अभय शर्मा को यूगांडा राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद की पेशकश की गई है। उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। यूंगाडा अपनी विश्व कप की तैयारियो की शुरूआत अगले हफ्ते श्रीलंका में 15 दिन के ट्रेनिंग शिविर से करेगा जिसमें वे स्थानीय टीम के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेलेंगे।

## पैदल चाल खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन

**अंताल्या (तुर्की)।** भारत के एथलीट रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप मे प्रभावित करने मे असफल रहे और कोई भी एथलीट जुलाई-अगस्त मे होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले अच्छा प्रदर्शन नही दिखा सका। सभी 10 खिलाड़ियों ने पुरुषो और महिला वर्ग (प्रत्एक मे पांच पांच) की 20 किमी स्पर्धा मे निराशाजनक प्रदर्शन किया। केवल सर्विन सेबेस्टियन ही एकमात्र भारतीय थे जो शीर्ष 20 मे शामिल रहे और वह भी इस साल अपने टाइमिंग से काफी दूर रहे। राम बाबू दो किमी के बाद ही बाहर हो गए, उन्होंने स्लोवाकिया मे1:20:00 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से ओलंपिक पुरुष 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा का क्वालिफिकेशन मानक हासिल किया था। वही सेबेस्टियन, विकास सिंह, परमजीत सिंह और सूरज पंवार अच्छे मौसम के बावजूद अच्छा प्रदर्शन नही कर सके। सेबेस्टियन ने1:21.39 सेकेंड का समय निकला जो1:20.10 सेकेंड के पेरिस क्वालिफिकेशन समय और जनवरी मे इंडियन ओपन पैदल चाल प्रतियोगिता मे ओलंपिक क्वालिफिकेशन मानक हासिल करने वाले1:20.03 सेकेंड के समय से काफी दूर था।

# बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया



**नई दिल्ली।** बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। उन्होंने 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करते हैं। पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालिफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले तोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था। अर्जुन लाल और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं। भारत इस तरह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में नौकायन में एक ही स्पर्धा में हिस्सा लेगा। अर्जुन लाल और अरविंद सिंह ने तोक्यो ओलंपिक में पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वे 11वें स्थान पर रहे थे। एशियाई क्वालिफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ हो रहा है जिसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

## हॉकी इंडिया ने ओलंपिक से पहले पुरुष शिविर के लिए संभावित ग्रुप की घोषणा की

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिए पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्ईय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी।इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा।हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करने की जरूरत है कि पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

# मेजबान लखनऊ ओवरऑल चैंपियन

## ● स्टेट कराटे : जीते सर्वाधिक 18 स्वर्ण
## ● गौतमबुद्ध नगर उपविजेता, वाराणसी को तीसरा स्थान



**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियो ने उत्तर प्रदेश स्टेट कैडेटए जूनियरए अंडर-21 व सीनियर कराटे चैंपियनशिप में अपने हुनर का दम दिखाते हुए सर्वाधिक 18 स्वर्ण पदक जीतते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। दूसरी ओर गौतमबुद्धनगर को दूसरा व वाराणसी को तीसरा स्थान मिला। चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने 18 स्वर्ण, 16 रजत व 17 कांस्य सहित कुल 51 पदक जीतते हुए पहला स्थान हासिल किया। गौतमबुद्धनगर की टीम ने 12 स्वर्ण, 9 रजत व 12 कांस्य सहित कुल 33 पदक हासिल करते हुए ओवरऑल उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वाराणसी को 10 स्वर्णए 11 रजत व 16 कांस्य सहित कुल 37 पदक के साथ तीसरा स्थान मिला। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कुणाल सिल्कू आईएएसए निदेशक प्रशिक्षण एवं रोजगार ने विजेता व उपविजेता टीमों सहित पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव जसपाल सिंह ने की। अंत में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्णावतार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के तकनीकी निदेशक संतोष कुमार, उपाध्यक्ष अनुराग चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव अशोक कुमार पाल व अन्य मौजूद थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।